3 राजधानी
केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर निर्णय कल

6 अभिमत
निर्वाचित प्रतिनिधि जिम्मेदार बनें

11 विदेश
अमेरिका ने इजराइल को गोला बारूद की आपूर्ति रोकी

12 स्पोर्ट्स
सनराइजर्स की सुपर जाइंट्स पर जीत

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 181
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 9 मई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अगले 10-15 वर्षों में भारत से गरीबी पूरी तरह खत्म हो जाएगी
राष्ट्रीय-10

# देश में हिन्दुओं की जनसंख्या में आठ प्रतिशत की गिरावट

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री की** आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) द्वारा 'धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी - एक अंतर देशीय विश्लेषण (1950-2015)' शीर्षक से किए गए अध्ययन के अनुसार भारत में बहुसंख्यक धर्म (हिंदुओं) की आबादी में 1950 और 2015 के बीच 7.8 प्रतिशत की तीव्र गिरावट आई है, जबकि कई पड़ोसी देशों में उनके बहुसंख्यक समुदाय की आबादी में उछाल देखा गया है। जबकि भारत में हिंदू आबादी कम हुई है, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और सिखों सहित अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी बढ़ी है। हालांकि, जैन और पारसियों की जनसंख्या में कमी आई है। 1950 और 2015 के बीच, भारत में मुस्लिम आबादी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, ईसाइयों में 5.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई, सिखों में 6.58 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और बौद्धों में मामूली वृद्धि देखी गई।

मई 2024 में जारी इस अध्ययन में दुनिया भर के 167 देशों के रुझानों का आकलन किया गया। अध्ययन के लेखकों का कहना है कि भारत का प्रदर्शन बड़े वैश्विक रुझानों के अनुरूप है। अध्ययन में बताया गया है कि भारत में 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी 7.82 प्रतिशत (84.68 प्रतिशत से 78.06 प्रतिशत) कम हुआ है। भारत की आबादी में हिंदुओं का हिस्सा 1950 में 84 प्रतिशत से घटकर 2015 में 78 प्रतिशत हो गया, जबकि इसी अवधि (65 वर्षों की) में मुसलमानों का हिस्सा 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गया। 1950 में मुस्लिम आबादी का हिस्सा 9.84 प्रतिशत था और 2015 में बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गया, जो उनकी आबादी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ईसाई आबादी का हिस्सा 1950 और 2015



के बीच 2.24 प्रतिशत से बढ़कर 2.36 प्रतिशत होकर 5.38 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अध्ययन के अनुसार सिख आबादी का हिस्सा 1950 में 1.24 प्रतिशत से बढ़कर 2015 में 1.85 प्रतिशत हो गया इस तरह से सिख आबादी में में 6.58 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यहां तक कि बौद्ध आबादी का हिस्सा भी 1950 में 0.05 प्रतिशत से बढ़कर 0.81 प्रतिशत हो गया। दूसरी ओर, भारत की आबादी में जैनियों का हिस्सा 1950 में 0.45 प्रतिशत से घटकर 2015 में 0.36 प्रतिशत हो गया। भारत में पारसी आबादी का हिस्सा 85 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 1950 में 0.03 प्रतिशत से घटकर 2015 में 0.004 प्रतिशत रह गया।

भारत में बहुसंख्यक आबादी में कमी (7.8 प्रतिशत) म्यांमार के 10 प्रतिशत के बाद, निकटतम पड़ोस में दूसरी सबसे महत्वपूर्ण गिरावट है। भारत के अलावा, नेपाल के बहुसंख्यक समुदाय (हिंदू) ने देश की आबादी में अपने हिस्से में 3.6 प्रतिशत की गिरावट देखी। बौद्ध, जो 1950 में आबादी का 11 प्रतिशत थे, वहां भी 25 प्रतिशत की कमी देखी गई और 2015 में आबादी में उनका हिस्सा घटकर 8 प्रतिशत रह गया। दूसरी ओर, मुस्लिम आबादी का हिस्सा 2.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गया, इस तरह उनकी आबादी में 75 प्रतिशत की छलांग दर्ज की गई। 1950 में, नेपाल में ईसाई आबादी का हिस्सा लगभग शून्य था, जो 2015 तक, यह कुल आबादी का लगभग दो प्रतिशत हो गया था। भारतीय उपमहाद्वीप पर, मालदीव को छोड़कर सभी मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय के हिस्से में वृद्धि देखी गई, जहाँ बहुसंख्यक समूह (शफी सुन्नी) के हिस्से में 1.47 प्रतिशत की गिरावट आई। बांग्लादेश में, बहुसंख्यक धार्मिक समूह की हिस्सेदारी में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो भारतीय उपमहाद्वीप में इस तरह की सबसे बड़ी वृद्धि है। 1971 में बांग्लादेश के निर्माण के बावजूद पाकिस्तान में (शेष पेज 9)

# भारतीयता पर सैम को प्रधानमंत्री की नसीहत

## पित्रोदा बोले, अफ्रीकियों की तरह दिखते हैं दक्षिण भारतीय, विरोध के बाद पद छोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस नेता** सैम पित्रोदा ने एक बार फिर अपनी भारत की विविधता पर टिप्पणी करके सत्तारूढ़ भाजपा को हमला करने के लिए पर्याप्त मसाला दे दिया है, भाजपा ने उनकी टिप्पणी को 'नस्लवादी' बताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पित्रोदा की टिप्पणियों पर हमला करते हुए देश की सबसे पुरानी पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि जनता उनकी त्वचा के रंग के आधार पर उनका अपमान करने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी। तेलंगाना में अपनी रैलियों में मोदी ने कहा कि आज वह



अमेरिका में रहने वाले 'दार्शनिक और शहजादा (राहुल गांधी) के चाचा' की भारतीयों पर नस्लीय वर्गीकरण करने से बहुत नाराज हैं, उन्होंने द्रौपदी मुर्मू की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए कांग्रेस के विरोध को उसकी मानसिकता से जोड़ा, जो उन्हें उनकी त्वचा के रंग के कारण 'अफ्रीकी' के रूप में देखती है। हालांकि बाद में पित्रोदा को अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद भारतीय ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी उनकी 'नस्लवादी' टिप्पणियों को सिरे से नकार दिया। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने पित्रोदा के इस्तीफे के फैसले को स्वीकार कर लिया है।

मोदी ने कहा, आज मैं बहुत गुस्से में हूं। कोई मुझे गाली दे तो मुझे गुस्सा नहीं आता। आज शहजादे के दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दी है कि मैं गुस्से से भर गया हूं। क्या हमारे देश में लोगों की योग्यता उनकी त्वचा के रंग से तय होगी। उन्होंने कहा, शहजादों को यह चमड़ी का खेल खेलने की इजाजत किसने दी। पित्रोदा की टिप्पणी के वायरल होने और राजनीतिक तूफान खड़ा होने के बाद, कांग्रेस ने एक हफ्ते के भीतर एक बार फिर अपने विदेशी विंग के अध्यक्ष की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया और यहां तक कि उनकी आलोचना करते हुए इसे सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बताया। भाजपा ने कांग्रेस के (शेष पेज 9)

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

# मोदी ने अडानी, अंबानी पर राहुल गांधी की चुप्पी पर उठाए सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हैदराबाद

**लोकसभा** चुनावों में तीसरे चरण में भी कम मतदान के रुझान को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की अगुवाई वाले विपक्ष पर तीखा हमला किया। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के चुनाव अभियान को कोल धन द्वारा वित्त पोषित किया गया था। प्रधानमंत्री ने इंडिया गुट के नेता राहुल गांधी से सवाल किया अडानी और अंबानी जैसे उद्योगपतियों की आलोचना करना क्यों बंद कर दिया है। पीएम ने



लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान बुधवार को पहली बार उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की आशंका जताई कि कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। इस मुद्दे पर नैरेटिव बदलती दिख रही है, जिसका इस्तेमाल अब तक कांग्रेस द्वारा केंद्र में मोदी और उनकी सरकार पर हमला करने के लिए किया जाता था, मोदी ने यह भी मांग की कि पार्टी को लोगों को यह बताना चाहिए कि उसने अंबानी के खिलाफ बोलना क्यों बंद कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा, आपने देखा होगा कि कांग्रेस के शहजादे पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरू किया। (शेष पेज 9)

# चालक दल की कमी के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ानों की संख्या घटाएगी




● एयरलाइन को चालक दल के सदस्यों के बीमार होने के कारण 90 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं

**भाषा।** नई दिल्ली

**एयर इंडिया** एक्सप्रेस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आलोक सिंह ने बुधवार को कहा कि कंपनी चालक दल के सदस्यों की अनुपलब्धता से निपटने के लिए अगले कुछ दिनों के लिए उड़ानों में कटौती करेगी। एयरलाइन को चालक दल के सदस्यों के बीमार होने के कारण 90 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। सिंह ने एयरलाइन के कर्मचारियों को एक संदेश में कहा कि कल शाम से चालक दल के 100 से अधिक सदस्यों ने अपनी निर्धारित उड़ान ड्यूटी से पहले बीमार होने की सूचना दी है। इससे अंतिम समय में परिचालन गंभीर रूप से बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण 90 से अधिक उड़ानें बाधित हुई हैं। सिंह ने कहा, यह स्थिति पूरे नेटवर्क में बन रही है। इससे हमें अगले कुछ दिनों के लिए उड़ानों में कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ा। चालक दल के सदस्यों की अनुपलब्धता से निपटने और उड़ान समयसारणी ठीक करने के लिए हमें यह कदम उठाना पड़ा। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस मार्च के अंत में शुरू ग्रीष्मकालीन उड़ान कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन लगभग 360 उड़ानें संचालित करती है।

दूसरी ओर क्षेत्रीय श्रम आयुक्त एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन और चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के बीच विवाद के संबंध में चल रही सुलह प्रक्रिया को लेकर विमानन नियामक डीजीसीए से जानकारी मांगेंगे। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस घाटे में चल रही एआईएक्स कनेक्ट का अपने साथ विलय करने की प्रक्रिया में है। एआईएक्स कनेक्ट को पहले एयर एशिया इंडिया कहा जाता था।

एयर इंडिया एक्सप्रेस चालक दल के एक वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिक संगठन ने पिछले साल श्रम विभाग के समक्ष शिकायत दर्ज की थी। यूनियन ने एयरलाइन में विभिन्न चिंताओं को उठाया था। मामला अब औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अनुसार सुलह प्रक्रिया के तहत है। सूत्र ने बुधवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि चल रही सुलह प्रक्रिया में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को भी विभिन्न नियमों के संबंध में जानकारी मांगने के लिए एक पक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि कि सुलह प्रक्रिया में डीजीसीए को पक्ष बनाने की सूचना क्षेत्रीय श्रम आयुक्त ने पिछले सप्ताह भेजी थी।

# भाजपा सरकार गिराने के पक्ष में जजपा

**शिखा शर्मा।** चंडीगढ़

**भाजपा की** पूर्व सहयोगी जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने बुधवार को कहा कि वह हरियाणा में भाजपा सरकार को गिराने में कांग्रेस की मदद करने के लिए तैयार है। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जजपा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की भाजपा सरकार अल्पमत में होने पर इस्तीफे की मांग की है। इससे एक दिन पहले तीन निर्दलीय विधायकों ने सत्तारूढ़ पार्टी से समर्थन वापस ले लिया था। कांग्रेस ने भाजपा सरकार के अल्पमत में आने का दावा करते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने और जल्द विधानसभा चुनाव कराने की मांग की। हालांकि, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उनकी सरकार किसी संकट में नहीं है।

जजपा नेता ने हिसार में बुधवार को एक प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री नायब सैनी पर निशाना साधते हुए नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की और कहा कि अल्पमत वाले मुख्यमंत्री अपना पद तत्काल छोड़ देना चाहिए। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार का बहुमत साबित करने के लिए जजपा राज्यपाल को पत्र लिखेगी। उन्होंने कहा कि जजपा प्रदेश में भाजपा सरकार गिराने के पक्ष में है और इसके लिए समूचे विपक्ष का साथ देने को तैयार है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अब नेता प्रतिपक्ष भाजपा सरकार गिराने के लिए कदम उठाए।



पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज भाजपा सरकार को समर्थन देने वालों में से पांच विधायक कम हुए है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से कल ही अपना समर्थन वापस लिया है और सत्ता पक्ष के मनोहर लाल और रणजीत सिंह के रूप में दो विधायक पहले ही अपना इस्तीफा दे चुके है। उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेना भाजपा की कमजोरी को दर्शाता है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री निर्दलीय विधायकों पर लेन-देन का आरोप लगा रहे है, इसपर उन्हें सबूत देना चाहिए। एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जजपा विधायक पार्टी में रहते हुए व्हिप का उल्लंघन नहीं कर सकते है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में राज्यसभा चुनाव के दौरान हिमाचल प्रदेश में कुछ विधायकों ने व्हिप का उल्लंघन किया था, स्पीकर ने उनकी सदस्यता रद्द कर दी थी। यहां तक कि विधायक स्पीकर के फैसले के खिलाफ कोर्ट भी गए, लेकिन इसके बाद भी उनकी रद्द सदस्यता बरकरार रही और सीटें रिक्त कर दी गई, जिन पर अभी एक जून को उपचुनाव होने जा रहे है। ठीक इसी तरह जजपा का कोई विधायक व्हिप का उल्लंघन करेगा तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। दुष्यंत चौटाला ने आगे कहा कि जजपा ने तीन विधायकों को अन्य दलों की स्टेज शेयर करने के कारण नोटिस जारी करते हुए उनपर पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कार्रवाई की जाएगी। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि अगर किसी को अन्य दलों की मदद करनी है तो उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जनता सब देखती है कि कौन किसके वोटों से विधायक बना और विधायक बनने के बाद अन्य दल में इच्छा जताने वाले को जनता अपने आप जवाब देगी। जेजेपी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को कमजोर शासक भी बताया और कहा कि वर्तमान सरकार ने (शेष पेज 9)

# दुष्प्रभाव पर मचे बवाल के बाद स्ट्रोजेनिका ने कोविड वैक्सीन वापस मंगाई

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**ब्रिटेन की** एक अदालत में कोविड-19 वैक्सीन में थ्रोम्बोसिस विद थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) नामक एक संभावित दुर्लभ रक्त के थक्के का दुष्प्रभाव होने की स्वीकारोक्ति के महीनों बाद भारत में कोविशील्ड के नाम से बेची जा रही ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के सहयोग से बनाए गए अपनी कोविड वैक्सीन को फार्मा दिग्गज एस्ट्राजेनेका ने वापस मंगा लिया है। ब्रिटिश-स्वीडिश बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी को 50 से अधिक कथित पीड़ितों और उनके परिवारों के मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है, जो कोविड महामारी के दौरान टीकाकरण के बाद मृत्यु या मस्तिष्क आघात का दावा करते हैं। कंपनी की कोविड-19 वैक्सीन यूरोप में वैक्सजेवरिया के नाम से बेची जा रही है। एस्ट्राजेनेका ने इस साल फरवरी में अदालत में स्वीकार किया था कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन बहुत ही दुर्लभ मामलों में थ्रोम्बोसिस विद थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) का कारण बन सकती है, एक ऐसी स्थिति जिसमें रक्त के थक्के बनते हैं और प्लेटलेट की मात्रा घट जाती है।

हालांकि, कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिकता के कारण वापसी शुरू की गई है। इसने यूरोपीय संघ के भीतर वैक्सीन के लिए 'विपणन प्राधिकरण' को स्वेच्छा से वापस ले लिया है और अन्य देशों में भी इसी तरह के आवेदन किए जाने की उम्मीद है, जहां वैक्सीन को मंजूरी दी गई थी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि भारत में वैक्सीन को वापस लिया जाएगा या नहीं, जहां इसे सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा निर्मित किया जाता है। एसआईआई ने अभी तक घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं की है। यह वैक्सीन भारत में सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में आई है, जिसने दो दिन पहले टीके से जुड़े एक दुर्लभ दुष्प्रभाव पर एक याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी। सुनवाई की तारीख तय नहीं की गई है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने इस मुद्दे को स्वीकार किया, जिसमें दुष्प्रभावों



की जांच के लिए एक विशेषज्ञ पैनल की मांग और सरकार द्वारा दवा लेने के बाद मरने वालों के परिवारों को मुआवजा प्रदान करने की मांग शामिल है। हालांकि, याचिका की जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया गया है। रिपोर्टों के अनुसार, एसआईआई के पास पुणे सुविधा में कोविशील्ड की 250 मिलियन खुराक का स्टॉक है, जिसका उपयोग भविष्य में किसी भी स्थिति के लिए किया जा सकता है।

एसआईआई के सूत्रों ने 2022 में कोविशील्ड के उत्पादन को आधा करने की योजना का संकेत दिया था क्योंकि इसकी सुविधा में 500 मिलियन डोज का स्टॉक था। इनमें से आधे तैयार डोज थे, जबकि शेष थोक डोज थे जिन्हें फॉर्मूलेशन में परिवर्तित नहीं किया गया था। इस बीच, यूरोपीय संघ (ईयू) के लिए दवा नियामक, यूरोपीय चिकित्सा एजेंसी ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पुष्टि की कि वैक्सजेवरिया - जिसे भारत में कोविशील्ड के रूप में जाना जाता है - अब 27 सदस्यीय आर्थिक ब्लॉक में उपयोग के लिए अधिकृत नहीं है, क्योंकि एस्ट्राजेनेका (एजेड) ने मार्च में स्वेच्छा से अपनी आर्थॉरिटी वापस ले लिया था। इसलिए एस्ट्राजेनेका ने यूरोप के भीतर वैक्सजेवरिया के लिए विपणन प्राधिकरणों को वापस लेने की पहल करने का निर्णय लिया है। अब हम इस अध्याय को समाप्त करने और कोविड-19 महामारी में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए एक स्पष्ट मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए नियामकों और हमारे भागीदारों के साथ काम करेंगे। द डेली टेलीग्राफ ने कहा, हम (शेष पेज 9)

# भारत 111 अरब पे चेक के साथ डॉलर पाने वाले देशों में शीर्ष पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संयुक्त राष्ट्र** प्रवासन एजेंसी ने कहा कि भारत को 2022 में 111 अरब डॉलर का प्रेषित धन प्राप्त हुआ जो दुनिया में सबसे अधिक है और इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने और बल्कि इसे पार करने वाला पहला देश बन गया है। इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने मंगलवार को जारी अपनी विश्व प्रवासन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में प्रेषित धन प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपीन और फ्रांस शामिल हैं। प्रेषित धन या रेमिटेंस का आशय प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को किए गए वित्तीय या अन्य तरह के हस्तांतरण से है।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारत बाकी देशों में सबसे ऊपर रहा और उसे 111 अरब डॉलर से अधिक धनराशि मिली, जिसके साथ ही वह 100 अरब डॉलर तक पहुंचने और बल्कि इस आंकड़े को पार करने वाला पहला देश बन गया है। मेक्सिको 2022 में दूसरा सबसे ज्यादा प्रेषित धन प्राप्त करने वाला देश रहा। यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था। इससे पहले तक चीन भारत के बाद ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है। रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी



प्रेषित धन प्राप्त करने वाला शीर्ष देश रहा। उसे 2022 में 111.22 अरब डॉलर का प्रेषित धन मिला।

दक्षिणी एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश दुनिया में अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाले 10 शीर्ष देशों में शामिल रहे जो इस उपक्षेत्र से श्रमिकों के प्रवास के महत्व को दिखाता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश 2022 में क्रमशः करीब 30 अरब डॉलर और 21.5 अरब डॉलर के साथ प्रेषित धन प्राप्त करने वाले छठा और आठवां देश रहे। दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भी भारतीय मूल के होते हैं जिनकी कुल संख्या देश की कुल आबादी का करीब 1.3 प्रतिशत या 1.8 करोड़ है। उसकी ज्यादातर प्रवासी आबादी संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब जैसे देशों में रह रही है। वहीं, भारत प्रवासियों के लिए काम करने के क्रम में 13वें नंबर पर आता है और देश में 44.8 लाख प्रवासी मजदूर हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत-संयुक्त अरब अमीरात, भारत-अमेरिका, भारत-सऊदी अरब और बांग्लादेश-भारत शीर्ष 10 अंतराष्ट्रीय देश-से-देश प्रवास गलियारों में शामिल थे। मेक्सिको अब भारत के बाद दुनिया में अंतरराष्ष्र्रीय प्रेषण का दूसरा सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है। चीन लंबे समय से दूसरे स्थान पर था, लेकिन वर्ष 2021 में मैक्सिको ने इसे पीछे छोड़ दिया, मध्य अमेरिकी देश को 2022 में 61 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक प्राप्त होने का अनुमान है, जबकि चीन को लगभग 51 बिलियन अमरीकी डालर प्राप्त हुए। रिपोर्ट में कहा गया है, चीन में प्रेषण प्रवाह के संकुचन को कई कारकों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है, जिसमें जनसांख्यिकीय बदलाव शामिल हैं, जिसके परिणामस्वरूप कामकाजी उम्र की आबादी में कमी आई है और देश की शून्य-सीओवीआईडी नीति है, जिसने लोगों को काम के लिए विदेश यात्रा करने से रोका है। एशिया के देश दुनिया में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रवासी छात्रों की सबसे बड़ी संख्या के मूल देश हैं। (शेष पेज 9)

# बुजुर्ग महिला और बेटी की चाकू गोदकर हत्या

## मकान से कीमती सामान गायब, पुलिस को लूट के दौरान हत्या का शक

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




बीती रात लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की गुलाब वाटिका कॉलोनी में रहने वाली 65 वर्षीय मां यशोदा देवी व उनके दिव्यांग पुत्र बिजेंद्र की हत्या चाकू से गोदकर कर दी गई।

यहां ताज्जुब की बात यह है कि मां-बेटे की नृशंस हत्या का पता घटनास्थल के ऊपर वाले कमरे में मृतका का बड़ा पुत्र धर्मेंद्र भी पत्नी व बच्चों के साथ सो रहा था लेकिन उन्हें डबल मर्ड की भनक तक नहीं लगी। डबल मर्डर की सूचना मिलते ही एसओ लोनी बॉर्डर कृष्ण कुमार शर्मा फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गये। डीसीपी रूरल विवेकचंद्र यादव व एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। इस वारदात के संदर्भ में एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि लोनी बॉर्डर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गुलाब वाटिका में रहने वाली यशोदा देवी और उसके बेटे बिजेंद्र का मर्डर किसी ने रात को सोते समय चाकू से गोदकर कर दिया है। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो मृतका के बड़े बेटे ने बताया कि वारदात के बाद हत्यारों ने जेवरात, नगदी व कीमती सामान भी लूटा है। जब सुबह के समय उसके बच्चे दादी व चाचा से मिलने नीचे वाले कमरे में पहुंचे तो उन्होंने दोनों को मरा हुआ पाया।

जब उनकी चीख सुनकर वह और उसकी पत्नी नीचे आये तो घर से नकदी और आभूषण भी गायब मिले। मृतका के पुत्र व बहू ने बताया कि उन्हें ऐसा लग रहा है कि लुटेरों ने लूट का विरोध करने पर उनकी मां व भाई को चाकू से गोदकर मार डाला होगा। उन दोनों ने यह भी बताया कि उक्त वारदात का पता उन्हें सुबह जागने पर पता चला। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के गुलाब वाटिका कॉलोनी में रहने वाली 65 वर्षीय यशोदा देवी तीन मंजिल मकान के सेकंड फ्लोर पर सो रही थी। इस दौरान उनका छोटा बेटा विजेंद्र भी कमरे में सो रहा था।

जबकि यशोदा देवी का बड़ा बेटा अपने बच्चों के साथ तीसरी मंजिल पर सो रहा था। रात में कुछ चोर घर में घुसे और उन्होंने दूसरी मंजिल पर सो रही यशोदा देवी और विजेंद्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस दौरान तीसरी मंजिल पर सो रहे उनके बेटे को इसका एहसास नहीं हुआ। सुबह जाग होने पर घटना के बारे में पता चला। श्री वर्मा ने बताया कि प्राथमिक जांच में जो बात निकलकर सामने आ रही है उससे पता चला है कि विजेंद्र दिव्यांग था और उसके पिता की 10 साल पहले मौत हो चुकी थी। श्री वर्मा ने बताया कि यूं तो पुलिस ने मृतक महिला के बेटे की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है लेकिन पुलिस इस वारदात के खुलासे के लिये लुटेरों के अलावा उन परिजनों व परिचितों को भी शक के दायरे में रखकर चल रही है, जो वारदात के समय घर में सो रहे थे। वर्मा ने बताया कि जिसे सामान के चोरी हो जाने अथवा लूटे जाने की बात मृतका के बड़े पुत्र धर्मेंद्र ने पुलिस को बताई थी वो माल व पैसे ही भी घर में ही रखे हुए मिल गये। श्री वर्मा ने बताया कि इस डबल मर्डर का खुलासा जल्द कर दिया जायेगा। उधर जो चर्चा इस सनसनीखेज वारदात को लेकर घटनास्थल के आस-पास के क्षेत्र में चल रही थी उन पर अगर विश्वास किया जाये तो एक बार फिर खूनी रिश्ते कलंकित हो सकते हैं।

### दहेज हत्या के आरोपी पति और ससुर गिरफ्तार

**नोएडा। थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सलारपुर कॉलोनी में रहने वाली एक नव- विवाहिता की दहेज के लिए हुई हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अंशु की तीन दिन पूर्व दहेज के लिए हत्या कर दी गई थी। उसके परिजनों इस मामले में सात लोगों को नामित करते हुए मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने बताया कि उक्त घटना में शामिल उसके पति बिट्टू और ससुर राजीव को पुलिस ने बीती रात को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें आज कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उनको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।**

# मेडिकल स्टोरों पर तीन औषधियां संदिग्ध मिली, सैंपल जांच को भेजा

- आठ दवाओं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मरीजों को मानकों के अनुरूप औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में है। औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने सेक्टर-66 मामूरा स्थित दो मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण कर 3 औषधियों का सैंपल जांच के लिए भेजने के साथ ही 8 औषधियों के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी।

औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर ने बताया कि बदलते मौसम के चलते बुखार, खांसी एवं अन्य बीमारी में प्रयुक्त औषधि की गुणवत्ता एवं संबंधित क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच के क्रम में सेक्टर-66 मामूरा स्थित दो मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम की दवाओं की गुणवत्ता की जांच करने के क्रम में बायोइस्कॉन मेडिकल से एक एंटी बायोटेक इंजेक्शन और एक गैस का कैप्सूल औषधि और शिवाय मेडिकोज से एक खांसी के सिरप का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिवाय मेडिकोज द्वारा संगृहीत औषधि के बिल के साथ अन्य 7 दवाओं के क्रय विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए गए, जिस पर मेडिकल स्टोर को सभी 8 औषधि के विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं किए जाने तक के लिए 8 औषधियों के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। मेडिकल स्टोर के क्रय विक्रय अभिलेखों की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है कि किसी भी मेडिकल द्वारा अवैध लाइसेंस धारी या बिना डॉक्टर के पर्चे पर औषधि का क्रय-विक्रय तो नहीं किया जा रहा है।

# जिला अस्पताल में प्राइवेट रूम पर लगा शुल्क

- धनराशि को रोगी कल्याण समिति के खाते में जमा किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर 39 स्थित जिला संयुक्त अस्पताल में प्राइवेट रूम लेने वालों को अलग से पैसा का भुगतान करना होगा। ऐसा प्राइवेट रूम के मरीजों से सभी चिकित्सा सेवाओं के लिए यूजर चार्ज लेने की वजह से होगा। करीब 24 साल पहले हुए आदेश को अब लागू किया गया है।

जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रेनू अग्रवाल ने बताया कि अब तक प्राइवेट रूम के मरीजों को भी जनरल वार्ड की तरह सामान्य शुल्क पर चिकित्सा सेवा मिल रही थी। अब इसके लिए अलग से दरें लागू की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी जो जांच निशुल्क होती थी, उनके लिए भुगतान करना पड़ेगा।

इसके अलावा जिन सुविधाओं के लिए यूजर चार्ज लिया जाता था, उनके लिए भी जनरल वार्ड की तुलना में दो से तीन गुना अधिक यूजर चार्ज लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में छठवें तल पर 10 प्राइवेट रूम हैं।

इसमें एयर कंडीशन की सुविधा है। प्राइवेट रूम को मरीज अपनी सहूलियत के लिए लेते हैं। इसकी 100 फ़ीसदी बुकिंग बनी रहती है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक प्राइवेट रूम के लिए 250 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से लिया जाता है। अब इसकी जरूरी जांच के अलावा डाइट का भी 100 रुपए प्रतिदिन चार्ज होगा।

सर्जरी व अन्य इलाज के लिए भी शुल्क की जनरल वार्ड के मरीजों की तुलना में दो गुना अधिक रखा जाएगा। सीएमएस का कहना है कि इन पैसों को रोगी कल्याण समिति के खाते में जमा किया जाएगा।

इससे जरूरतमंद मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल पाएंगी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट रूम में जो कुछ कमियां है उसे भी ठीक किया जाएगा।

### वोडाफोन के ऑफिस में युवक का शव मिला

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने बुधवार सुबह वोडाफोन-आइडिया कंपनी के कार्यालय में एक युवक का शव बरामद किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि युवक की पहचान संजय कुमार के रूप में हुई है जो कि इसी कंपनी में काम करता था।

थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि सेक्टर-63 स्थित वोडाफोन-आइडिया कंपनी के कार्यालय में युवक का शव पाया गया है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में जांच जारी है। वहीं ऑफिस के लोगों से पूछताछ हो रही है।

# पालतू कुत्ते ने सोसाइटी की लिफ्ट में लड़की को काटा

- डॉग को खुला घूमने देने पर मालिकों पर जुर्माना लगाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में एक आवासीय सोसायटी की लिफ्ट के अंदर घुस गए एक पालतू कुत्ते ने एक नाबालिग लड़की को काट लिया। निवासियों ने सोसायटी के आम क्षेत्रों में कुत्ते को खुला घूमने देने के लिए मालिकों पर जुर्माना लगाने की मांग की है।

घटना तीन मई को नोएडा में सेक्टर 10 की लोटस 300 सोसायटी में हुई और बुधवार को घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर आया। वीडियो में लगभग 10 साल की लड़की लिफ्ट के अंदर अकेली दिखाई दे रही है, तभी दरवाजा खुलता है और एक पालतू कुत्ता लिफ्ट के अंदर घुस कर लड़की के दाहिने हाथ पर काट लेता है। बाद में, कुत्ते का मालिक आ कर कुत्ते को ले जाता है। दर्द से कराहती, भयभीत लड़की लिफ्ट का दरवाजा बंद करने के लिए बार बार बटन दबाती है। कुछ समय बाद, कुत्ता वापस आता है लेकिन लिफ्ट का दरवाजा समय पर बंद हो जाता है। सोशल मीडिया पर वीडियो को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं और लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया।

नोएडा फेडरेशन ऑफ अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एनओएफएए) के अध्यक्ष राजीव सिंह ने पीटीआई वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कड़े नियमों की सख्त आवश्यकता है। कुत्ते के मालिक अगर सोसायटी के आम क्षेत्रों में पालतू जानवरों को एक पट्टे से बांधकर नहीं रखते हैं तो उन पर भारी जुर्माना लगाया।

एक अन्य एक्स उपयोगकर्ता ईशान जोशी ने पर लिखा, सार्वजनिक स्थानों या ऐसे सामान्य क्षेत्रों में कुत्तों को घूमने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने कुत्ते के मालिक को जेल में डालने की भी मांग की। इस साल जनवरी में, एक जर्मन शेफर्ड कुत्ते के मालिक पर पुलिस ने नोएडा एक्सटेंशन (ग्रेटर नोएडा पश्चिम) के गौर सिटी 2 क्षेत्र में गैलेक्सी रॉयल सोसाइटी में एक घरेलू नौकर को काटने के बाद मामला दर्ज किया था। पिछले साल अक्टूबर में, नोएडा के सेक्टर 108 की पार्क्स लॉरेट सोसाइटी में निवासियों के एक समूह ने एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पर हमला किया था जब सेवानिवृत्त अधिकारी ने लिफ्ट में एक कुत्ते को ले जाने पर आपत्ति जताई थी।

# मां की दोस्ती के चक्कर में हुई थी बेटी की हत्या

- हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

इंदिरापुरम थाने की अभयखण्ड चौकी क्षेत्र में हुई ज्योति की हत्या और उसके पति ललतेश निवासी बबराला संभल की हत्या के प्रयास के पीछे की वजह मृतका की मां चंपा के द्वारा दोस्त बदलना रही। हत्या की सनसनीखेज वारदात बीती रात उस समय घटित हुई कि जब अपनी महिला मित्र और उसके नये दोस्त को देखकर उसका पहला दोस्त बोबी आग बबुला हो गया।

उसके बाद जब बोबी ने चंपा व उसके दोस्त अजय को मौत के घाट उतारने के लिये चाकू से वार किया तो चंपा की बेटी ज्योति उसके सामने आ गई। जिसकी वजह से बोबी के द्वारा चंपा पर किये गये वार के दौरान चाकू ज्योति की सीने में घुस गया। उसी समय जब बोबी ने दूसरी बार वार किया तो चंपा का दामाद ललतेश उनके बीच आ गया। जिसके चलते ललतेश को भी चाकू लग गया। एसएचओ इंदिरापुरम जितेंद्र सिंह दिखित व कार्रवाहक एसीपी इंदिरापुरम सलोनी अग्रवाल भी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई। जिसके बाद पुलिस ने मृतका ज्योति के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर घायल ललतेश को निकट के अस्पताल में भर्ती करवा दिया।

एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि एसएचओ इंदिरापुरम जितेंद्र सिंह दिखित ने त्वरित कार्वाई करते हुए न केवल तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर ली बल्कि हत्याभियुक्त बोबी को गिरफ्तार करने में भी देरी नहीं लगाई। अग्रवाल ने बताया कि मूल रूप से बिहार की रहने वाली चंपा देवी के पहले पति की मौत हो जाने पर उसने दूसरी शादी बिहार निवासी विकलांग से कर ली थी। उसका दूसरा पति बिहार में ही रह रहा है।

गाजियाबाद में रहते हुए चंपा की दोस्ती बोबी नामक अपराधी से हो गई थी। जिसकी वजह से चंपा व बोबी देहरादून से किसी अपराधिक मामले में जेल भी गये थे। जेल से छूटने के बाद चंपा जब गाजियाबाद आई तो उसकी दोस्ती अजय से हो गई। इसी बीच बोबी नोएडा से जेल चला गया। जेल से छूटने के बाद जब बोाबी को पता चला कि चंपा ने अजय को दोस्त बनाकर अपने साथ रखा हुआ तो वह आग बबूला हो गया।

### बिजली के खंबे टूटने से बिजली आपूर्ति ठप

**नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के समाधिपुर गांव में 33 केवीए लाइन के तीन खंबे अज्ञात वाहन ने तोड़ दिए । जिससे गांव की आपूर्ति ठप हो गई । इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई है । पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में लगी है । पुलिस ने बताया कि जीटी रोड स्थित कोट गांव बिजली घर से समाधिपुर गांव के लिए 33 केवीए की लाइन जा रही है । बिजली लाइन के खंबे गांव के पास पहुंचते ही मंगलवार की शाम को अज्ञात वाहन ने बिजली के खंबों में टक्कर मार दी। जिससे बिजली के तीन खंभे टूट गए और गांव की बिजली आपूर्ति बंद हो गई।

# खाड़ी देशों में नौकरी का दिया झांसा, 11 धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

खाड़ी देशों में भेजकर वहां पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सेक्टर-126 पुलिस ने 11 लोगो को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से भारी संख्या में पासपोर्ट, मोबाइल, आधार कार्ड, नगदी समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं।

गिरोह में कई अन्य आरोपियों के शामिल होने की भी आशंका जाहिर की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर 126 पुलिस को सूचना मिली थी कि थानाक्षेत्र में एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो बेरोजगार युवकों को विदेश भेजने के नाम ठगी करता है। गिरोह के सदस्य वीजा, पासपोर्ट और टिकट समेत अन्य बातों का हवाला देकर बेरोजगार युवकों से 70 से 90 हजार रुपये लेते हैं और कुछ समय बाद ऑफिस बंद कर फरार हो जाते है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली समेत अन्य प्रदेशों में रहने वाले युवकों के साथ आरोपियों ने ठगी की है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह का सरगना सोशल मीडिया पर विज्ञापन जारी कर बताता है कि खाड़ी देशों में कई पदों पर नौकरी निकली है। उनकी कंपनी की ओर से बेहद किफायती दामों में नौकरी के लिए विदेश भेजा जा रहा है। नौकरी के इच्छुक युवक सोशल मीडिया से नंबर लेकर आरोपियों के पास कॉल करते थे तो उन्हें नोएडा स्थित ऑफिस बुला लिया जाता था। इसके बाद उनसे कई तरीके से रकम ऐंठ ली जाती थी।गिरफ्तार आरोपियों के नाम समीर शाह, नंदकिशोर प्रसाद, मुस्ताक खान, मोहम्मद अली अख्तर, मोहम्मद एजाज अहमद, इंद्रजीत दास, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद एजाज, मोहम्मद एजाज अहमद, किशोर प्रसाद और श्रीमती नजराना है। पुलिस ने 19 हजार रुपए नगद, 128 पासपोर्ट, 755 फर्जी नियुक्ति पत्र, 3 लैपटॉप,कंप्यूटर, आदि बरामद किया है।

# अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर, कबाड़ का अड्डा तोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के सेक्टरों में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पहली बार बड़े स्तर पर कार्रवाई कर प्राधिकरण की जमीन पर अवैध रुप से बनाए गए निर्माण को तोड़ा जा रहा है। बुधवार सुबह जहां नोएडा प्राधिकरण के दस्ते ने सेक्टर-75 के गोल्फ एवेन्यू सोसाइटी के सामने अवैध रूप से बनाई गई 55 दुकानों को तोड़ दिया। वहीं आज दोपहर को बुल्डोजर' नोएडा के सेक्टर- 43 पहुंचा और यहां कबाड़ियों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को तोड़ डाला। नोएडा में प्राधिकरण के दस्ते ने सेक्टर-43 के ब्लॉक- क्ष में बड़े स्तर पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। नोएडा के सेक्टर- 43 के ग्राम सदरपुर में खसरा संख्या-32 पर लगभग 4700 स्क्वायर मीटर भूमि पर कबाड़ियों द्वारा कब्जा किया हुआ था। इस भूखंड पर कबाड़ का धंधा करने वाले लोगों ने टीन शेड बनाया हुआ था तथा भारी मात्रा में कबाड़ का सामान भी रखा हुआ था।

बुल्डोजर ने महज कुछ घंटों के अंदर ही कबाड़ के अड्डे को मिट्टी मे मिला दिया। इस कार्रवाई को दौरान भू-माफियाओं के कब्जे से लगभग 28.70 करोड़ रूपए की भूमि को मुक्त कराया गया है। नोएडा प्राधिकरण इन दिनों बड़े स्तर पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

### सातवें दिन भी डीपीएस गेट पर बैठे रहे अभिभावक

**गाजियाबाद।** डीडीपीएस संजयनगर और अभिभावकों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभिभावक अपनी मांग को लेकर सातवें दिन भी स्कूल गेट पर धरने पर बैठे हुए हैं। स्कूल प्रशासन की मनमानी के विरोध में बच्चे भी स्कूल गेट पर पढने को मजबूर हो गए। इस विवाद के चलते बच्चों की पढाई बाधित हो रही है।

बच्चे स्कूल नाहीं जा रहे हैं जिसकी वजह से वह सिलेबस में पीछे छूट गए हैं। ऐसे में अब बच्चों ने धरने पर बैठे अपने अभिभावकों के साथ स्कूल गेट पर ही पढाई शुरू कर दी है। अभिभावकों का आरोप है कि सात दिन से धरने पर बैठे हैं लेकिन कोई इस समस्या का हल निकालने को तैयार नहीं है।

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए 'बिग क्रिकेट लीग' का आगाज

- पूर्व क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर और कोर्टनी वाल्श ने किया लीग की शुरूआत
- अतंरराष्ट्रीय और घरेलू दिग्गज खिलाड़ियों के साथ खेलने का सपना होगा पूरा

**पायानियर समाचार सेवा।** नोएडा




क्रिकेट के चाहने वाले और प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के लिए 'बिग क्रिकेट लीग' (बीसीएल) ने बुधवार को नोएडा में दिग्गज पूर्व क्रिकेटर व बल्लेबाज दिलीप वेंगसरकर और महान गेंदबाज कोर्टनी वाल्श ने शुरूआत की। इस लीग में उन खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलेगा जो किसी कारण से उन ऊंचाइयों पर नहीं तक पहुंच सके।

बिग क्रिकेट लीग का अनावरण एक प्रेसवार्ता में किया गया। इस अवसर पर बीसीएल के संस्थापक एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस लीग में महत्वाकांक्षी स्थानीय खिलाड़ियों को अपने प्रिय क्रिकेट सितारों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा। इस लीग के कमिश्नर दिलीप वेंगसरकर और वाइस कमिश्नर कोर्टनी वाल्श ने देशभर के खिलाड़ियों से चुनी गई छह राज्यों की टीमों के लोगों का अनावरण किया। वाल्श भी ने कहा, इस लीग में हम कुछ बेहतरीन मैच और अप्रत्याशित नायकों को उभरता देखेंगे।

बीसीएल के संस्थापक और सीईओ अनिरुद्ध चौहान ने कहा, हमने बिग क्रिकेट लीग सांज़न-1 के चयन के दौरान देश भर में कुछ अद्भुत प्रतिभाएं देखी हैं। उद्घाटन सत्र में छह टीमों का आगाज किया गया, जिसमें अवध लायंस, मुंबई मरीन्स, राजस्थान किंग्स, सदर्न स्पार्टन्स, बंगाल राइनोस और नॉर्दर्न चैलेंजर्स - आमने-सामने होंगी। बीसीएल में इस बार 30 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दिग्गज, 18 पूर्व प्रथम श्रेणी खिलाड़ी और 60 उभरते हुए स्थानीय भारतीय क्रिकेटरों के कुल 18 लाइव टी-20 मैच होंगे। यह क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक कभी न भूलने वाला अनुभव देने की पूरी कोशिश है। लीग का भारत और 30 से अधिक देशों में टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारण किया जाएगा।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
आनंद विहार शाखा: बी-1, अशोक निकेतन, आनंद विहार, योजना विहार के विपरीत, नई दिल्ली 110092.
ई-मेल आईडी: anandvihar.delhi@indianbank.co.in

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) (नियम-8(1) देखें)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन इंडियन बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता **मैसर्स कोर्विन इंडस्ट्रीज प्रोपराइटर के माध्यम से श्रीमती विमलेश कुमारी चौधरी पत्नी राजेश कुमार चौधरी, निवासी** ए-69, तीसरी मंजिल, खसरा नं. 39/4, समयपुर टीचर्स कॉलोनी, उत्तर पश्चिम दिल्ली 110042 **और: 71, प्रकाश इंडस्ट्रियल एस्टेट, बजरंग धर्म कांटा के पास, साहिबाबाद, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201005** को एक मांग सूचना दिनांक **08.06.2021** को जारी की गई थी जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि **रु. 30,95,135.82 रु. 38,704.19/- का एमओआई सहित प्लस दिनांक 08.06.2021 से अंचार्ज ब्याज भुगतान की तिथि तक और बैंक द्वारा अर्जित खर्चे इत्यादि** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्तियों/आस्तियों का कब्जा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) के नियम 8 साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित संपत्ति पर दिनांक **02.05.2024** को कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार तथा सामान्य रूप से जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्तियों के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन इंडियन बैंक, आनंद विहार शाखा के प्रभार वास्ते बकाया राशि **रु. 30,95,135.82 रु. 38,704.19/- का एमओआई सहित और संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, प्लस लागत, प्रभार एवं खर्चे भुगतान की तिथि तक के अधीन होगा।**

**कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13(8) के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।**

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

**साम्यिक बंधक फ्लैट नं. जी-3, एफआईजी, भूतल (पीछे की तरफ), प्लॉट नं. बी-113, ब्लॉक-बी, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-II, गाजियाबाद, यूपी में स्थित, बिक्री विलेख नं. 2995, दिनांकित 11.04.2011 जिसका क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मी.**

दिनांक: 02.05.2024 । स्थान: उत्तर प्रदेश हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी) इंडियन बैंक

# नमो भारत ट्रेनों में अब तक 10 लाख लोगों ने किया सफर

- तपती गर्मी में यात्रियों को प्रदान कर रही आरामदायक सफर

**रिंकू यादव।** गाजियाबाद



नमो भारत ट्रेन में युवाओं में बढ़ रहा सेल्फी को क्रेज।

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का 34 किमी लंबा परिचालित खंड भीषण गर्मी के बीच यात्रियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो रहा है, जो यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान कर रहा है। नमो भारत ट्रेनों में अत्याधुनिक एयर कंडीशनिंग सिस्टम लगा है, जो यात्रियों को चिलचिलाती गर्मी से बचाने में मददगार बन रहा है। पर्याप्त उन्नत कूलिंग क्षमता के साथ यह सिस्टम तपते तापमान के बीच भी नमो भारत ट्रेन के भीतर एक ताज़ा और ठंडा वातावरण सुनिश्चित करने में सक्षम है। विशेष रूप से सड़क पर यात्रा के दौरान यात्रियों को अक्सर न केवल गर्मी बल्कि धूल और प्रदूषण का भी सामना करना पड़ता है। साहिबाबाद से मोदी नगर नॉर्थ के बीच के सेक्शन में यात्रियों के लिए नमो भारत जैसी कोई विश्वसनीय और आरामदायक सार्वजनिक परिवहन प्रणाली नहीं थी। इसलिए लोग अब आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा के लिए नमो भारत ट्रेनों में सफर करने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

यात्रियों को आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए हर ट्रेन के कोच का तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस रखा जाता है। हालांकि इसे मौसम के हिसाब से बदला भी जाता है। गर्मी, सर्दी और मॉनसून आदि में जरूरतानुसार ट्रेन के भीतर के तापमान में परिवर्तन किया जा सकता है। सबसे अधिक ठंडक की जरूरत गर्मी की मौसम में होती है। नमो भारत ट्रेन का एसी सिस्टम इसे देखते हुए ही डिजाइन किया गया है। सिर्फ युवा वर्ग ही नहीं, नौकरीपेशा लोग और वृद्धजन भी तपते मौसम में नमो भारत की सवारी करने को प्राथमिकता दे रहे हैं। अब तक नमो भारत में 10 लाख लोगों ने सफर किया है। शुरुआत में 17 किलोमीटर के सेक्शन का उदघाटन अक्तूबर 2023 में किया गया था और उसके बाद मार्च 2024 से 17 किमी के सेक्शन को और परिचालित किया गया। वर्तमान में यात्रियों के लिए 34 किलोमीटर का सेक्शन संचालित है। इसके अलावा वातानुकूलित हवा को बचाए रखने के लिए नमो भारत ट्रेन के दरवाजे पैसेंजर कंट्रोल मोड में चलते हैं यानी हर स्टेशन पर दरवाजे खुद नहीं खुलते हैं, बल्कि उन्हें खोलने के लिए यात्री को ही पुश बटन दबाना होता है। देश में ऐसी प्रणाली पहली बार केवल नमो भारत ट्रेन में ही इस्तेमाल की जा रही है। इसका फायदा एसी सिस्टम को मिलता है। हर स्टेशन पर सभी दरवाजे खुलने से ज्यादा ऊर्जा भी खर्च होती, साथ ही कोच की अंदर की वातानुकूलित हवा भी बाहर जाती। फिर से कोच को ठंडा करने के लिए एसी सिस्टम पर ज्यादा दबाव पड़ता। ऐसे में नमो भारत ट्रेन में इस तकनीक से ऊर्जा की बचत होती है तथा यात्रियों को भी लाभ मिलता है। ट्रेन के एसी सिस्टम का नियमित रूप से रखरखाव किया जाता है, समय-समय पर इसकी जांच होती है। एसी फिल्टर भी तय समय पर साफ किए जाते हैं जो अमूमन हर 15 दिन पर होता है। नमो भारत ट्रेन के प्लेटफॉर्म और स्टेशन इस तरह से डिजाइन किए गए हैं जो खुले और हवादार हैं। इनकी ऊंचाई 20 मीटर से भी ज्यादा है। ऐसे में ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर गर्मी कम महसूस होती है।

# भाजपा के स्टार प्रचारक पहुंचे जनता के बीच

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने चांदनी चौक, पूर्व सीएम मनोहर लाल ने उत्तर पूर्व दिल्ली में किया प्रचार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा ने अपने प्रचार को धार देने के लिए अपने स्टार प्रचारकों को दिल्ली के रण में उतार दिया है। बुधवार को केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने चांदनी चौक एवं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्रों में एवं हरियाणा के पूर्व मुख्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उत्तर पूर्व दिल्ली संसदीय क्षेत्र में जनसभाओं को सम्बोधित किया। वहीं पूर्वी दिल्ली राजस्थानी के मंत्री राजवर्धन सिंह राठौर ने रोड शो किया। इसके अलावा गडकरी ने चांदनी चौक से प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में विशाल जनसभा को शास्त्री नगर में संबोधित किया और श्री खंडेलवाल को वोट कर जिताने की अपील की।

नितिन गड़करी ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर हमला करते हुए कहा की दिल्ली भ्रष्टाचार के लिए बदनाम सरकार राज कर रही है जिसने एक दशक में विकास कार्यों की उपेक्षा करी है। इसके विपरीत केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने यहां सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया है, पर्यावरण स्वच्छता के लिए लगभग 1800 इलेक्ट्रिक बसें दी हैं, रैपिड रेल एवं मेट्रो विस्तार में योगदान दिया है, यशोभूमी एवं भारत मंडपम जैसे विश्व स्तर केंद्र दिए। विशाल ईको पार्क दिया। देश एवं दिल्ली की पेयजल समस्या को हल करने के लिए नदियों को जोड़ने पर काम हो रहा है। चांदनी चौक देश का व्यपारिक हृदय भी है इसीलिए भाजपा ने यहाँ से व्यापारी नेता को प्रत्याशी बनाया जो क्षेत्र की समस्याओं को समझ कर व्यपारिक गतिविधियाँ एवं रोजगार बढ़ाने का काम करेंगे।

देर शाम दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के जैतपुर में केन्द्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं का जिक्र करते हुऐ कहा की दक्षिण दिल्ली से प्रत्याशी रामवीर सिंह विधूड़ी विकास को समर्पित हैं और उनको दिया हर वोट दक्षिण दिल्ली को नये विकास आयमों से जोड़ेगा। उत्तर पूर्वी संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज बुराड़ी विधानसभा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।


बुधवार को केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र में जनसभाओं के दौरान सम्मानित करते भाजपा नेता।

इस मौके पर खट्टर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश में सृजनात्मक दूरगामी परिणाम देने वाली जनहित की योजनाओं को आधार लेकर वोट मांग रही है तो सारी विपक्षी पार्टियों के पास देश हित के लिए कोई मुद्दा नहीं है भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मनोज तिवारी के पास बताने के लिए एक लंबी विकास कार्यों की सूची है गठबंधन के पास दो नारों भारत तेरे टुकड़े होंगे इंशाल्लाह इशाल्लाह और तुम कितने अफजल मारोगे हर घर से अफजल निकलेगा के लिए कुख्यात और बदनाम प्रत्याशी है। फैसला जनता जनार्दन ने करना है की राष्ट्रवाद या राष्ट्र को तोड़ने वाली शक्तियों का समर्थन करना है। खट्टर ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य सबको साथ लेकर सबके विकास की रचना करना अंत्योदय के सपने को साकार करना है कश्मीर से कन्याकुमारी तक आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है तो भारत विश्व पटल पर उभर कर अपनी विशिष्ट पहचान गढ़ रहा है चीन पाकिस्तान को भारत की सेना औकात बताने के लिए सीमा पर तत्पर तब विपक्ष एकजुट होकर देश के दुश्मनो की भाषा बोल रहा पाकिस्तान से घमंडिया गठबंधन के समर्थन में आवाज उठ रही है उन्होंने कहा कि चुनाव में फैसला देश के भविष्य का होना है इसलिए मतदान के दिन राष्ट्रवाद की पोषक भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए मनोज तिवारी बड़े मतों से विजयी बनायें।

# सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की जमानत याचिका पर 10 को सुनाएगा फैसला

- आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में चल रही सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को अपना आदेश सुनाएगा।

गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा, हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी।

न्यायमूर्ति खन्ना बुधवार को न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी के साथ एक अलग पीठ में बैठे थे। उन्होंने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की ओर से केजरीवाल की याचिका को सूचीबद्ध किए जाने के मामले में पूछे जाने पर यह टिप्पणी की। राजू तीन-सदस्यीय उक्त खंडपीठ के समक्ष वस्तु और सेवा कर से संबंधित एक मामले में केंद्र की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने केजरीवाल की याचिका को सूचीबद्ध किए जाने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की खंडपीठ ने सात मई को केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने केजरीवाल और प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने लोकसभा चुनाव के कारण केजरीवाल के प्रति किसी भी तरह की नरमी दिखाने का कड़ा विरोध किया था और कहा था कि अंतरिम जमानत देना राजनेताओं के लिए एक अलग वर्ग बनाने जैसा होगा।



### सिसोदया की बेल पर सुनवाई 21 को

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए बुधवार को ईडी तथा सीबीआई को और समय प्रदान किया। ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के वकीलों ने न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को सूचित किया कि उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए और समय चाहिए। इस बीच राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बुधवार को 21 मई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने पहले दी गई न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किए जाने के बाद सिसोदिया की हिरासत बढ़ा दी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने तीन मई को दोनों एजेंसियों को नोटिस जारी कर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए कहा था और मामले की सुनवाई बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी थी।

# घर-घर तक पहुंचाएंगे केजरीवाल के काम : गोपाल

- आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार का चौथा चरण 13 से

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने अलग-अलग तबके के लोगों के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने का फैसला लिया है। इसके लिए आप 13 मई से चुनावी कैंपेन के चौथे चरण की शुरूआत करेगी।

तेरह से 23 मई तक चलने वाले अभियान के दौरान समाज के चार अलग-अलग तबके को टारगेट किया जाएगा। मुहिम की शुरूआत पूर्वी दिल्ली में ट्रेड टाउन हॉल, पश्चिमी दिल्ली में ग्रामीण पंचायत, नई दिल्ली में महिला संवाद और दक्षिणी दिल्ली में पूर्वांचल समागम से की जाएगी। दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह




अभियान सभी लोकसभा क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर होगा, जिसमें जनता को बताएंगे कि पिछले 9 सालों में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली वालों के विकास के लिए क्या-क्या काम किया है। वहीं, पहले से चल रहा चुनावी कैंपेन डोर-टू-डोर, 'जेल का जवाब वोट से' संकल्प सभा और सुनीता केजरीवाल का रोड शो जारी रहेगा। गोपाल राय ने दावा किया कि मंगलवार को तीसरे चरण का चुनाव संपन्न हुआ है। इन चरणों में लोकसभा की कुल आधे से ज्यादा सीटों पर मतदान हो चुका है। उससे यह पता चल रहा है कि देश की जनता को भाजपा का 400 पार का नारा पसंद नहीं है। भाजपा के 400 सीटें जीतकर संविधान बदलने के मंसूबे के खिलाफ लोग इकट्ठा हो रहे हैं। देश किसी भी कीमत पर संविधान को बदलने और लोकतंत्र को खत्म करने के भाजपा के गुप्त मिशन को कामयाब नहीं होने देगा।

### चौथे चरण के प्रचार में होंगे चार कार्यक्रम

गोपाल राय ने बताया कि ट्रेड टाउन हॉल में खासतौर से इस बार पर चर्चा करेंगे कि व्यापारियों के लिए सरकार ने क्या-क्या काम किया है। और वो हमारे लोकसभा उम्मीदवार के सांसद बनने के बाद उनसे क्या उम्मीदें रखते हैं। आम आदमी पार्टी पहली सरकार है जिसने वैट में टैक्स को घटाया। उसे 15 या 20 फीसद से घटाकर 5 फीसद पर लेकर आई। ग्रामीण पंचायत के तहत गांव के विकास के लिए केजरीवाल सरकार ने हजारों करोड़ रुपए लगाए। इस बार से बजट में 1000 करोड़ गांव के विकास के लिए पास हुए हैं।

### बिजली चोरी मामलों के निपटान के लिए विशेष लोक अदालत 11 को

**नई दिल्ली।** बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लि. (टाटा पावर डीडीएल) बिजली चोरी और कनेक्शन काटे जाने के मामलों के त्वरित निटान के लिए 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित करेगी। उत्तरी दिल्ली की करीब 70 लाख आबादी को बिजली आपूर्ति करने वाली टाटा पावर डीडीएल ने बुधवार को बयान में कहा, टाटा पावर डीडीएल, दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएसएलएसए) के सहयोग से शनिवार 11 मई, को विशेष लोक अदालत आयोजित करेगी। लोक अदालत का आयोजन दिल्ली के रोहिणी में सुबह 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक किया जाएगा। इस अदालत के जरिए बिजली चोरी और बकाया बिल को लेकर कनेक्शन काटे जाने के मामलों का तत्काल निपटान किया जाएगा। ग्राहकों को लोक अदालत में भाग लेने के लिए 19124 पर कॉल या ईएसी डॉट केयर एट टाटा पावर-डीडीएल डॉट कॉम पर ईमेल भेज कर पंजीकरण कराना होगा।

# आरएमएल में घूसखोरी का किया भंडाफोड़ दो चिकित्सकों समेत नौ लोग गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में बुधवार को एक बड़े घूसखोरी का भंडाफोड़ करते हुए दो वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक हृदय रोग विभाग के प्रोफेसर अजय राज और सहायक प्रोफेसर पर्वत गौड़ा चन्नप्पागौड़ा को चिकित्सा उपकरणों के आपूर्तिकर्ताओं से उनके उत्पादों और स्टेंट का उपयोग करने के एवज में रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने नागपाल टेक्नोलॉजीज के चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता नरेश नागपाल को गिरफ्तार किया है, जिसने चिकित्सा उपकरणों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए पर्वतगौड़ा को 2.48 लाख रुपए का भुगतान किया था। उन्होंने दावा किया कि भारती मेडिकल टेक्नोलॉजीज के भरत सिंह दलाल जिन्होंने यूपीआई का उपयोग करके अजय राज को दो बार रिश्वत दी, और अबरार अहमद जिन्होंने अस्पताल में कैथ लैब प्रभारी रजनीश कुमार को रिश्वत दी। रजनीश कुमार के साथ-साथ लिपिक भुवल जायसवाल, संजय कुमार और विकास कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने आरोप लगाया कि भुवल जायसवाल ने चिकित्सकों से मुलाकात कराने के लिए रिश्वत ली, जबकि संजय कुमार ने फर्जी चिकित्सा प्रमाणपत्रों के लिए रिश्वत ली। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को यहां एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 मई तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। हाल के दिनों में चिकित्सकों और चिकित्सा उपरकणों के आपूर्तिकर्ताओं के बीच सांठगांठ के खिलाफ यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

# दोबारा भाजपा छोड़ने के बजाय राजनीति छोड़ देंगे : लवली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हाल में इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले अरविंदर सिंह लवली ने बुधवार को कहा कि वह दोबारा भाजपा छोड़ने के बजाय राजनीति छोड़ देंगे।

लवली पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, नसीब सिंह और अमित मलिक सहित प्रदेश कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पिछले सप्ताह भाजपा में शामिल हो गए थे। इससे पहले भी लवली वर्ष 2017 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि, कुछ महीनों के भीतर वह 2018 में वापस कांग्रेस में लौट आए थे। तब से वह कांग्रेस में थे और हाल में दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पसंद को लेकर पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेद के चलते उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी।

लवली ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से कहा, पिछली बार मैंने गुस्से के कारण कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया था। हालांकि, इस बार हमने ठंडे दिमाग और बहुत सोच-विचार के साथ फैसला किया है। अब हम यहीं (भाजपा में) राजनीति करेंगे या पार्टी छोड़ने के बजाय राजनीति छोड़ देंगे। लवली के साथ मौजूद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि लवली और अन्य नेता पार्टी में



अपनी भूमिका तय करने के लिए स्वतंत्र होंगे। किसी भी पार्टी में कार्यकर्ता की भूमिका सबसे अहम होती है और पार्टी उन्हें जो निर्देश देगी, वह उस भूमिका को निभाएंगे और पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में दिल्ली कांग्रेस के कई अन्य नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, राजकुमार चौहान उत्तर पश्चिम दिल्ली में एक बड़े नेता हैं लेकिन उनका प्रभाव केवल उस निर्वाचन क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है।

# हत्या की कोशिश में राज्य स्तरीय पहलवान गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में राज्य स्तरीय एक पहलवान को हत्या के प्रयास के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने आरोपी की पहचान सुमित के रुप में की है जो कुश्ती में राज्य स्तर पर दो बार स्वर्ण पदक विजेता रहा है। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) सतीश कौशिक ने कहा, सुमित ने अपने चार साथियों. सागर, निखिल, देव और अंकित के साथ 21 अप्रैल को विष्णु की हत्या की कोशिश की थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सागर ने एक लड़की के लेकर शत्रुता के चलते विष्णु पर कथित तौर पर गोली चलाई, लेकिन गोली विष्णु को नहीं लगी। इसके बाद सभी आरोपी फरार हो गए। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या की कोशिश), 506 (आपराधिक भयादोहन) और 34 (साझा मंशा) के तहत 24 अप्रैल को आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरु की गई।

पुलिस को सूचना मिली थी कि सुमित मुकरबा चौक बस स्टैंड से एक बस से दिल्ली से हरियाणा भागने की कोशिश में है। पुलिस ने वहां पहुंचकर छापेमारी की तथा सुमित को गिरफ्तार कर लिया।

# बच्ची को खेलते देख किया अपहरण, धरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आठ साल की लड़की ढूंढ़ निकाला



दक्षिण दिल्ली से आठ साल की बच्ची के अपहरण के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान महरौली निवासी मोहम्मद उमर(28) के रूप में की है। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया, छह मई को दोपहर 3 बजे, कोटला मुबारकपुर पुलिस स्टेशन को आठ वर्षीय लड़की के अपहरण के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस को तुरंत मौके पर भेजा गया।

अंकित चौहान ने बताया कि परिवार की शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु की गई। लड़की के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों से गहन पूछताछ की गई।

टीम ने हर कोण से जांच पड़ताल की। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से मामले में महत्वपूर्ण सुराग मिले क्योंकि संदिग्ध को इलाके में घूमते हुए देखा गया था। उन्होंने कहा कि बापू पार्क, उदय चंद मार्ग, कोटला मुबारकपुर, गुरुद्वारा रोड, साउथ एक्सटेंशन-1, पिलंजी गांव और अन्य स्थानों पर कई सीसीटीवी कैमरों की जांच करने के बाद आरोपी को साउथ एक्सटेंशन-1 बस स्टॉप से आते देखा गया। उन्होंने कहा, हमने आरोपी की पहचान करने के लिए डीटीसी बसों के और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जिस लड़की का अपहरण किया गया था उसका विवरण जिपनेट (आसपास के राज्यों की पुलिस नेटवर्किंग प्रणाली) पर अपलोड किया गया था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को उमर को अंधेरिया मोड़ की झुग्गी बस्ती से गिरफ्तार करने के साथ ही लड़की को बचा लिया गया।

# खुद भी वोट डालें और दस लोगों को प्रेरित करें : प्रो. योगेश सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने छात्रों से अपील की है लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी छात्र-छात्राएं खुद भी वोट डालें और 10-10 लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि सभी चाहते हैं कि भारत तरक्की करे और विकसित हो। उसमें हम सबका अपना-अपना योगदान हो। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान करते हुए कहा कि आपके इस कार्य से लोकतन्त्र मजबूत होगा और अगले 25 साल में देश में बहुत कुछ अच्छा होगा। प्रो. योगेश सिंह डीयू में रन फॉर विकसित भारत को झंडी दिखाने से पहले बतौर मुख्य अतिथि यह बात कही। रन फॉर विकसित


रन फॉर विकसित भारत में 5 हजार छात्रों ने दौड़ में भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल कुलपति योगेश सिंह व अन्य।

भारत में विभिन्न कॉलेजों एवं विभागों से 5 हजार से अधिक छात्रों ने दौड़ में भाग लिया। इस दौड़ का आयोजन बुधवार सुबह 7 बजे विवि के गेट नंबर एक से किया गया था जो गेट नंबर 4 से होते हुए विवि के खेल परिसर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और फिल्म अभिनेता एवं डीयू के एआरएसडी कॉलेज के पूर्व छात्र राजकुमार राव बतौर विशिष्ट

- दिल्ली विश्वविद्यालय में रन फॉर विकसित भारत के आयोजन पर डीयू कुलपति की अपील

अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप लोग जब अच्छा करेंगे तभी देश के लिए अच्छा होगा। ये देश हमसे है हमें ही इसे अच्छा बनाना है और अपना-अपना योगदान देना है।

हमें शिकायत करने वाला नहीं बनना है, बल्कि अपने जीवन में देने वाला बनना है। कुलपति ने साइना नेहवाल और फिल्म अभिनेता राजकुमार राव का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे इन्होंने देश का नाम ऊंचा किया है, आप सब भी अपनी जिंदगी में देश का नाम ऊंचा करने का प्रण लें। प्रो. सिंह ने छात्रों से कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने में सभी अपनी भूमिका खोजें। देश को आप सबकी बहुत जरूरत है। रन फॉर विकसित भारत में एनसीसी और एनएसएस सहित करीब 5 हजार विद्यार्थी, विभिन्न कॉलेजों से नोडल ऑफिसर और स्पोर्ट्स टीचरों ने हिस्सा लिया। दौड़ के दौरान पीने के पानी से लेकर एंबुलेंस तक की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पंकज अरोड़ा, खेल निदेशक डॉ अनिल कुमार कलकल, डीन कल्चर काउंसिल प्रो. रविंदर आदि सहित अनेकों पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# रोल बेचने वाले जसप्रीत की मदद को आगे आए अभिनेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अर्जुन कपूर ने 10 साल के बच्चे को शैक्षिक सहायता की पेशकश की

अभिनेता अर्जुन कपूर ने बुधवार को 10 वर्षीय जसप्रीत सिंह को मदद की पेशकश की। हाल में अपने पिता को खोने के बाद रोजी-रोटी के लिए रोल बेचने वाले नई दिल्ली के लड़के जसप्रीत सिंह का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था।

अभिनेता कपूर से पहले कारोबारी आनंद महिंद्रा, आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक जरनैल सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेता राजीव बब्बर और उनकी बहन तरणप्रीत कौर जसप्रीत के मदद की घोषणा कर चुके हैं। कपूर ने इंस्टाग्राम पर जसप्रीत के बारे में एक खबर साझा की और इस कठिन समय में लड़के के जज्बे के लिए उसकी सराहना की। कपूर ने पोस्ट में लिखा, चेहरे पर मुस्कान के साथ, वह आगे की जिंदगी और उसके साथ आने वाली सभी चुनौतियों का सामना कर रहा है मैं इस 10 वर्षीय बच्चे को अपने पैरों पर खड़े होने और अपने पिता के निधन के 10 दिन के भीतर उनका काम संभालने का साहस दिखाने के लिए सलाम करता हूं। अभिनेता ने पोस्ट में लिखा है, मुझे उनकी या उनकी बहन की शिक्षा में मदद करने में खुशी होगी, अगर किसी को उनके ठिकाने के बारे में पता है।

# सैक्स रैकेट का पर्दाफाश, संचालक समेत 12 गिरफ्तार

## दबिश के दौरान दो उज्बेकिस्तान, दो बांग्लादेश, एक असम व एक कोलकाता की, 6 युवतियां पकड़ीं

● वीजा खत्म होने के बाद भी भारत में रह रही थीं बांग्लादेशी महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सेक्टर-57 स्थित गेस्ट हाउस में चल रहे देह व्यापार में गिरफ्तार युवक-युवतियां।

एक गेस्ट हाउस में चलाए जा रहे देह व्यापार का पुलिस ने बुधवार को भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 6 युवतियां, 4 युवकों व गेस्ट हाउस के दो संचालकों को गिरफ्तार किया है। दो व्यक्ति गेस्ट हाउस संचालक हैं। सेक्टर-56 पुलिस ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बुधवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-57 के जी ब्लॉक के एक गेस्ट हाउस में सैक्स रैकेट चलाए जाने की पुलिस को सूचना मिली थी। इसी सूचना पर पुलिस ने एक फर्जी ग्राहक तैयार करके गेस्ट हाउस में भेजा। गेस्ट हाउस में संजीव नामक व्यक्ति से उसकी बात हुई। वह गेस्ट हाउस का प्रबंधक था। उसके साथ फर्जी ग्राहक की युवतियों के संबंध में सौदेबाजी हुई थी। सौदेबाजी के बाद फर्जी ग्राहक ने गेस्ट हाउस में प्रवेश किया और टीम को इशारा कर दिया। इसी बीच पुलिस टीम ने गेस्ट हाउस में दबिश दी। इस दौरान मौके पर 6 युवतियां मिलीं। सभी की उम्र 24 से 34 साल के बीच बताई गई है। गिरफ्तार युवतियों में से दो उज्बेकिस्तान की, दो बांग्लादेश की और एक युवती असम व एक कोलकाता की है। बांग्लादेश की युवतियां बिना वीजा के रह रही थीं। पुलिस टीम ने उनसे वीजा आदि जरूरी कागजात दिखाने को कहा। उनका वीजा खत्म हो चुका था। सेक्टर-56 थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान होटल संचालक नारनौली निवासी दिलबाग, बहरोड़ निवासी संजय, संजीव और रामबाबू के रूप में की गई। आरोप है कि संजय ही युवतियों की फोटो ग्राहकों तक भेजता था। युवतियों की उम्र 24 से 34 के बीच बताई जा रही है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद ने बताया कि सूचना मिली थी कि सेक्टर-57 के जी ब्लाक में एक गेस्ट हाउस में देह व्यापार रैकेट चलाया जा रहा है, जिसमें विदेशी युवतियां भी शामिल हैं। गत वर्ष भी इस गेस्ट हाउस में विदेशी नागरिकों को शरण देने पर केस दर्ज किया गया था।

# स्कूली बच्चों को ले जा रहा ऑटो पानी टैंकर से टकराया, आठ विद्यार्थी घायल

● सभी नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती, तीन की हालत गंभीर



पायनियर समाचार सेवा। नूंह

बुधवार सुबह स्कूली छात्रों से भरा एक ऑटो सड़क किनारे खड़े पानी के टैंकर से टकरा गया। इस हादसे में 8 स्कूली छात्रों को चोटें आई, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल बच्चों को नल्हड़ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल व स्कूल मुखिया ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों के बारे में जानकारी ली।

जानकारी के अनसुार नूंह जिला के घासेड़ा गांव में बुधवार की सुबह साढ़े 8 बजे स्कूली छात्रों को लेकर एक ऑटो चालक स्कूल छोड़ने जा रहा था। सभी बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं।

ऑटो की रफ्तार काफी तेज थी। जैसे ही ऑटो स्कूल के निकट पहुंचा तो सड़क किनारे खड़े एक पानी के टैंकर से टकरा गया। इस घटना में ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे 8 छात्रों को चोटें आई। जिन्हें नल्हड़ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। तीन छात्रों को गंभीर चोटें लगी हैं। घायल छात्रों में सलमान (10), फरहान (10), रियाज (9), अफशा (10), उस्मान (10), साबरुन (11), आसमा (15), नाजरीन (12) शामिल हैं। इनमें सलमान, नाजरीन व अफशा की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। मौका मुआयना करने के बाद घायल छात्रों के भी बयान दर्ज किए गए।

घायल बच्चों के परिवारजनों का कहना है कि उनके परिवार के ऑटो का दूसरे पक्ष के दो बाइक सवार डंडा लेकर रास्ता रोक रहे थे। उनसे बचने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित हो गया और यह दुर्घटना हो गई। इस दुर्घटना ने एक बार फिर से कनीना स्कूल बस हादसे की याद ताजा करा दी है।

# अस्थमा से बचाव को सतर्कता जरूरी: सीएमओ

● दुनिया में करीब दो करोड़ 60 लाख लोग श्वांस की बीमारी से पीड़ित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।



गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में अस्थमा के प्रति जागरुकता कार्यशाला में बोलते सीएमओ डा. विरेंद्र यादव।

विश्व अस्थमा दिवस पर सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने शिरकत की। सीएमओ ने कहा है कि अस्थमा एक जानलेवा बीमारी है और सतर्कता से ही इस संक्रामक रोग से दूर रहा जा सकता है।

सीएमओ डा. विरेंद्र यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने अस्थमा की रोकथाम के लिए गुरुग्राम जिला में जागरुकता अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया में करीब दो करोड़ 60 लाख श्वांस की बीमारी से पीड़ित होते हैं। इनमें से हर साल 4.5 लाख मरीजों की मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि फेफड़ों के आसपास छाती में जलन और जकडन् से यह बीमारी पैदा होती है। जिसमें फेफड़े निरंतर कमजोर होते चले जाते हैं तथा मरीज को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। गुरुग्राम में विगत एक साल में दो हजार 866 अस्थमा पीड़ित मरीजों का ईलाज शुरू किया गया। इनकी जांच के लिए अस्पतालों में स्पीरोमीटर उपलब्ध करवाए गए। उन्होंने बताया कि नर्सिंग स्टाफ की सहायता से नुक्कड़ नाटक और जनचेतना अभियान चलाकर लोगों को अस्थमा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण में रहने व सही ढंग से सांस लेने की विधि के बारे में बताया जाता है।

# पुलिस ने गुमशुदा को ढूंढ कर परिजनों को सौंपा

**फरीदाबाद।** थाना सेन्ट्रल पुलिस ने घर से लापता व्यक्ति को तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। गुमशुदा व्यक्ति 6 मई को घर से बिन बताए निकल गया था। जिसकी परिजनों द्वारा काफी तलाश की गई। इस संबंध में परिजनों द्वारा पुलिस चौकी सेक्टर-15 में सूचना दी गई थी। सूचना पर चौकी इंचार्ज नरेश कुमार द्वारा मुकदमा दर्ज कर व्यक्ति की तलाश के लिए पुलिस टीम नियुक्त की गई। पुलिस ने गायब व्यक्ति को बस अड्डा बल्लभगढ़ से ढूंढ निकाला। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने बताया कि वह फल की दुकान लगाता है। जिसमें उसको नुकसान हो गया था और कर्ज होने के कारण घर से बिना बताए नगर चला गया था।

# जनरल ऑब्जर्वर डॉ. दिलराज ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

● सुरक्षा व्यवस्था व मतगणना की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण करतीं ऑब्जर्वर डा. दिलराज कौर, साथ में डीसी निशांत यादव।

गुड़गांव संसदीय सीट की जनरल ऑब्जर्वर डॉ. दिलराज कौर ने बुधवार को सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्थापित ईवीएम के स्ट्रांग रूम व मतगणना के लिए चिन्हित स्थान का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनरल ऑब्जर्वर के निरीक्षण दौरे में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव व पॉलिटिकल पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ईवीएम और वीवीपैट के भंडारण, प्रेषण, स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्था आदि की जानकारी लेने के लिए किए गए इस दौरे के दौरान डॉ. दिलराज कौर ने ईवीएम मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कमरों को अच्छी तरह देखा। साथ ही यहां परिसर की बैरिकेडिंग को लेकर भी व्यापक चर्चा हुई। इसी प्रकार ऑब्जर्वर ने गुरुग्राम जिला की चारों विधानसभा की मतगणना के लिए चिन्हित हॉल का निरीक्षण किया। वहां मतगणना के दिन की जानी वाली व्यवस्था के बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि स्ट्रांग रूम क्षेत्र में बिना अनुमति और पास के कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में स्ट्रांग रूम परिसर में लगे सीसीटीवी की मॉनिटरिंग की जाए। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी सुनिश्चित करें कि स्ट्रांग रूम में कोई भी व्यक्ति मोबाइल अंदर न लेकर आए।

# रिश्वत के आरोप में हवलदार गिरफ्तार, एसएचओ सस्पेंड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

पुराने सामान खरीदने व बेचने वाले एक व्यक्ति के चोरी को मामले में अदालत से रिमांड नहीं लेने व नया कोई केस नहीं लगाने की ऐवज में मुख्य सिपाही ने चार लाख रुपये की रिश्वत ली थी। इस संदर्भ में कबाड़ का काम करने वाले उस व्यक्ति ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की थी। जांच में तथ्य सही पाए जाने पर मुख्य सिपाही को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही थाना के एसएचओ को तुरंत प्रभाव से निलंबित भी कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार बीती 3 मई को एक व्यक्ति ने पुलिस उपायुक्त पश्चिम को शिकायत देकर कहा था कि वह दिल्ली में कबाड़ के सामान की सेल-परचेज का काम करता है। 25 अप्रैल को थाना सिविल लाइन में तैनात मुख्य सिपाही कुलविंद्र ने उसे चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। उसे थाना सिविल लाइन ले जाया गया। वहां पर मुख्य सिपाही कुलविंद्र ने उसे कोर्ट में पेश करके रिमांड ना लेने व कोई अन्य केस न लगाने की ऐवज में रुपये की मांग की थी। 26 अप्रैल को आरोपी के भतीजे ने कुलविंद्र को चार लाख रुपये दे दिए। इस बारे में आरोपी ने पुलिस आयुक्त को शिकायत दी। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सहायक पुलिस आयुक्त शहर मुकेश ने इस मामले में जांच की। जांच में आरोप सही पाए जाने पर सिविल लाइन थाना में आरोपी सिपाही कुलविंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

## 50 लाख की फिरौती मांगने के आरोप में एक पकड़ा

**गुरुग्राम।** व्यापारी से फिरौती मांगने तथा नहीं देने पर जान से मारने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-50 में इस मामले में केस दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार 7 मई को एक व्यक्ति ने शिकायत देकर कहा कि 3 मई को उसके मोबाईल पर मैसेज करके 50 लाख रुपए की फिरौती मांगने तथा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार व उनकी टीम ने आरोपी सबीर उर्फ सबीरुल को गिरफ्तार कर लिया।

# भजन गायिका मुस्कान व ट्री मैन दीपक को बनाया स्वीप का ब्रांड एंबेसडर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

जिला प्रशासन की ओर से प्रसिद्ध भजन गायिका मुस्कान आनंद और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान दे रहे समाजसेवी दीपक गौड़ को गुरुग्राम जिला में मतदाता जागरुकता के लिए चलाए जा रहे स्वीप अभियान का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।



मुस्कान आनंद व दीपक गौड़।

स्वीप के नोडल अधिकारी व एडीसी हितेश कुमार मीणा ने इन दोनों ब्रांड एंबेसडर को उनके दायित्व का पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि मुस्कान आनंद और दीपक गौड़ को नवोदित मतदाता बने युवाओं को वोट के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुस्कान आनंद अपने कार्यक्रमों के माध्यम से और युवाओं के बीच जाकर अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित करेंगी। इसी प्रकार पर्यावरण प्रेमी व ट्री मैन दीपक गौड़ रिहायशी आवासीय संगठनों के सहयोग से सोसायटीज में रह रहे फर्स्ट टाइम वोटर बने युवाओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमृता अस्पताल में पीठासीन अधिकारियों की बैठक संपन्न

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशन में अमृता अस्पताल में पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद के सीईओ सतबीर मान ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आम लोकसभा चुनाव में चुनाव आदर्श आचार संहिता के नियमों की पालना के लिए ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र के जरिये पोस्टल पेपर से मतदान करें। उन्होंने लोकसभा चुनाव से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव में ड्यूटी देने वाले अधिकारी आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए इडीसी अथवा पोस्टर बैलेट के द्वारा अपना मतदान अवश्य करें। सीईओ ने बताया कि अमृता अस्पताल में प्रशिक्षण ऑडिटोरियम में सुविधा केंद्र भी स्थापित किया गया है। जिसमें चुनाव ड्यूटी से सम्बंधित अधिकारी और कर्मचारी अपना आवेदन फार्म नंबर 12 और 12ए को भरकर उक्त सुविधा केन्द्र पर जमा करवा सकते है तथा वहीं से अपना पोस्टर बैलेट अथवा चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में एक-एक वोट की कीमत होती है। प्रत्येक मतदाता को अपना वोट अवश्य डालना चाहिए। ताकि लोकतंत्र प्रणाली को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे भी आगामी 25 मई को होने वाले लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें।

### ईसीआई के नियमों का पालन करें प्रत्याशी: जिलाधीश

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि लघु सचिवालय के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से पेड न्यूज की निगरानी की जा रही है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पेड न्यूज की निगरानी व राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों व राजनीतिक उद्देश्य को लेकर जारी किए जाने वाले विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मोनिटरिंग कमेटी का जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर गठन किया है। वहीं फरीदाबाद की जिला स्तरीय कमेटी द्वारा प्रिंट व इलैक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में उम्मीदवारों द्वारा प्रकाशित व प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन का प्रमाणीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया में मतदान के दिन व एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापन इस कमेटी द्वारा प्रमाणित होने चाहिए। कोई भी उम्मीदवार या उनका प्रतिनिधि जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में एक निर्धारित फॉर्मेट में विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन कर सकता है। जिलाधीश इलैक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाले विज्ञापनों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन के साथ ही उम्मीदवार प्रिंट मीडिया, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मिडिया, एफएम, कम्युनिटी रेडियों व सिनेमा स्क्रीन आदि पर जो भी अपना विज्ञापन जारी करेगा वह इस कमेटी द्वारा अनुमोदित होना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने विज्ञापन के प्रमाणीकरण के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व स्वतंत्र उम्मीदवारों के लिए समय-सीमा निर्धारित कर रखी है। साथ ही पेड न्यूज के संदर्भ में आने वाली शिकायतों का यही कमेटी निपटारा करेगी।

### युवक की मौत मामले में स्वीमिंग पूल मालिक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** दो मई को हन्नीसिंह नामक एक युवक की स्विमिंग पूल में तैरने के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के परिजनों ने पूल मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने स्वीमिंग पूल मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार हन्नी सिंह तिलपत के एक स्वीमिंग पूल में तैरने के लिए गया था। जिसकी तैरते समय डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। जिसकी शिकायत मृतक की माता सुमित्रा कौर द्वारा थाना पल्ला में दी गई थी। मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जसलीन कौर द्वारा तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। जिसपर कार्रवाई करते हुए थाना प्रबंधक समेर सिंह की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रवेश कुमार (35) गांव तिलपत का रहने वाला है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह पिछले करीब 2 साल से स्विमिंग पूल चला रहा है। आरोपी ने स्वीमिंग पूल की सरकार से कोई प्रमिशन नहीं ले रखी है। आरोपी के स्वीमिंग पूल पर सुरक्षा के लिए कोई उपकरण नहीं है, कोई गार्ड नहीं है और ना ही कोई एम्बुलेंस की सुविधा है। आरोपी ने स्वीमिंग पूल को नियमों का उल्लंघन कर बनाया है। आरोपी से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

# रामचरितमानस में सबसे उत्तम अध्याय है सुंदरकांड: सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेते लोग।

बोधराज सीकरी द्वारा चलायी गई पंद्रह माह पूर्व हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत ग्रीनवुड सोसायटी के निवासियों ने हनुमान चालीसा पाठ के साथ-साथ सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन करवाया।

पंडित भीम दत्त ने पहले विधिवत पूजा करवायी और उसके उपरांत शंखनाद कर गजेंद्र गोसाई ने मंगलाचरण के साथ सुंदरकांड का शुभारंभ किया। करीब डेढ़ घंटे में सुन्दरकांड पाठ करके हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ किया। लगभग 200 लोगों ने 1600 बार पाठ कर प्रभु के चरणों में अपनी-अपनी हाजिरी लगाई। इस अवसर पर बोध राज सीकरी ने बताया कि रामचरितमानस पूर्ण ग्रंथ है, जिसके ईश्वर में निराकार और साकार दोनों रूप का वर्णन है। उनके कथानुसार हनुमान चालीसा या रामायण मात्र पढ़ने के लिए ग्रंथ नहीं है।

# 'तम्बाकू के सेवन से वर्ष में 70 लाख लोग गंवाते हैं जान'

● आंकड़ों के अनुसार केवल नशा है 90 फीसद अपराधों की जड़: डॉ वर्मा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



मानेसर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को नशे के विरुद्ध जागरुक करते हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी।

नशे के प्रति जागरुकता के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मानेसर में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 520 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में निरंतर नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम इसी का हिस्सा रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या शिप्रा के साथ रितु कटारिया, ईशा, मेनका, सतपाल, सतीश, अनिल, जोगिंद्र, भृगु आदि शिक्षक मौजूद रहे।

ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप-निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे से दूर रहने के लिए विद्यार्थियों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां प्रतिबंधित नशा मनुष्य के लिए घातक है, वहीं दूसरी ओर तम्बाकू उत्पाद व मदिरा आदि भी समाज और राष्ट्र के लिए एक बुराई है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों को सांझा करते हुए कहा कि पूरे संसार में एक वर्ष में औसतन 70 लाख लोग तम्बाकू के सेवन से मरते हैं, जबकि भारत में औसतन प्रतिवर्ष 17 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू के कारण होती है। शराब के नशे में व्यक्ति अपराध करता है, लेकिन सूखा नशा मनुष्य के मस्तिष्क को इतना अधिक प्रभावित करता है कि ऐसा व्यक्ति हिंसक हो जाता है। नशे के प्रभाव में वह कोई भी अपराध कर सकता है। डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि 90 प्रतिशत अपराधों की जड़ केवल नशा है। उन्होंने एक कविता-नशा मुक्त हो भारत मेरा ऐसी सोच बनानी है के द्वारा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया।

# उंगली पर लगी स्याही दिखाएंगे तो सिनेमा टिकट पर मिलेगी छूट

## सिर्फ 25 मई के दिन ही ऑफ लाइन टिकट खरीदने पर मिलेगा यह डिस्काउंट

● एडीसी के साथ बैठक में पहुंचे 10 मल्टीप्लेक्स चेन के प्रतिनिधियों ने फैसले का किया स्वागत

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



मतदाताओं के लिए यह खुशखबरी है कि 25 मई को वे जब अपना वोट डालने के बाद सिनेमा घर जाकर फिल्म देखते हैं तो उन्हें सिनेमा की टिकट पर डिस्काउंट मिलेगा। इसके लिए उन्हें ऑफ लाइन यानी सिनेमा घर की खिड़की से टिकट खरीदते समय उंगली पर लगा स्याही का निशान दिखाना होगा। गुरुग्राम जिला प्रशासन की ओर से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करके उन्हें मतदान केंद्रों तक लाने की यह अच्छी पहल है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन गुरुग्राम ने अलग-अलग मल्टीप्लेक्सेस चेन के साथ मिलकर अनूठी पहल की है। गुरुग्राम जिला में 25 मई को मतदान के उपरांत कोई भी मतदाता अपनी स्याही लगी उंगुली को मल्टीप्लेक्सेस में दिखाएगा तो उसे काउंटर से मिलने वाली ऑफलाइन टिकट या सिनेमाघर के भीतर मिलने वाले खान-पान में डिस्काउंट मिलेगा। इतना ही नहीं, कुछ मल्टीप्लेक्स में आपको कंप्लीमेंट्री जलपान भी मिलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव की पहल पर मल्टीप्लेक्स चेन ने जिला प्रशासन को मतदाता जागरूकता में सहयोग करने का पूर्ण भरोसा दिया है।

बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित विकास सदन में स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में मल्टीप्लेक्स चेन के प्रतिनिधियों की बैठक में जिला प्रशासन की ओर से स्वीप गतिविधियों की मल्टीप्लेक्स चेन के प्रतिनिधियों को जानकारी दी। सभी मल्टीप्लेक्स अपनी-अपनी स्क्रीन पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव का संदेश व मतदाता जागरूकता से संबंधित शॉर्ट फिल्में प्रसारित करेंगे। जिस पर सभी प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई।

एडीसी के साथ बैठक में पहुंचे 10 मल्टीप्लेक्स चेन के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया। इन चेन के माध्यम से गुरुग्राम जिला में 90 स्क्रीन संचालित की जाती है। गुरुग्राम शहर के सभी प्रमुख मल्टीप्लेक्स चेन ने 25 मई को मतदाता जागरुकता में अपना सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। एडीसी ने सभी प्रतिनिधियों को अपने-अपने परिसर में मतदाता जागरुकता से जुड़े सेल्फी प्वाइंट व स्टैंडी लगाने की बात भी कही।

# मुठभेड़ में ईनामी बदमाश घायल, पुलिस ने कराया अस्पताल में भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम-जयपुर हाइवे-48 स्थित पंचगाव चौक पर डिस्कवरी वाइन शॉप पर हत्या करने के मामले में वांछित बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोच लिया। आरोपी के पांव में गोली लगी। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध-1 वरुण दहिया ने बुधवार को बताया कि आरोपी के खिलाफ दादरी, झज्जर, गुरुग्राम व रोहतक में हत्या, डकैती के 6 केस दर्ज हैं।

बुधवार को सुबह 4.30 बजे उप-निरीक्षक ललित कुमार इन्चार्ज अपराध शाखा मानेसर को सूचना मिली कि एक बदमाश तावड़ू की तरफ से गुरुग्राम की तरफ आने वाला है। सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त वरुण दहिया के नेतृत्व में निरीक्षक आनंद इंचार्ज अपराध शाखा सेक्टर-31 गुरुग्राम व उप-निरीक्षक ललित कुमार इन्चार्ज अपराध शाखा मानेसर की टीमों को एकत्रित करके अलग-अलग टीमें गठित की गई। तथा बार गुर्जर नाका से तावडू की तरफ नाका बन्दी की। इस दौरान पुलिस द्वारा एक बाइक सवार को रोकना चाहा, उसने बाइक नहीं रोकी। खुद को घिरा देख बदमाश ने पुलिस पर गोलियां चला दीं। जवाब में उप-निरीक्षक ललित ने पिस्टल से फायर उसके पैरों की तरफ किया जो घुटने पर लगा। पुलिस ने उसे काबू करके नाम पता पूछा। उसने अपना नाम सौरभ उपनाम साण्डु पुत्र नवलभान निवासी गांव खेड़ी बूरा, जिला चरखी दादरी बताया।

## लोकसभा चुनाव
### तीसरा चरण संपन्न

**लोकसभा चुनाव** का तीसरा चरण संपन्न हो गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने वैश्विक मंच पर भारत की शानदार लोकतांत्रिक प्रक्रिया का प्रसन्नतापूर्वक उल्लेख किया। वास्तव में देश के विशाल आकार तथा मतदाताओं की भारी संख्या को देखते हुए भारत में चुनाव काफी जटिल होते हैं और इनको संपन्न कराना एक चुनौतीपूर्ण काम है। 2024 का लोकसभा चुनाव आधे रास्ते में पहुंचने के बाद भारत का राजनीतिक परिदृश्य जोश, अनुमानों तथा चुनावी गणित से भरा है। मतदान का तीसरा चरण खासकर भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के लिए इस कारण महत्वपूर्ण है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में मतदान हुआ। अपने वोट डालने के लिए दोनों नेताओं की उपस्थिति इस चरण का महत्व बढ़ाती और चुनावी विमर्श बदल देती है। तीसरे चरण में 11 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों ने चुनाव प्रक्रिया में भाग लिया। उल्लेखनीय है कि गुजरात के सूरत निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए। 283 लोकसभा सीटों पर मतदान के साथ कुल लोकसभा सीटों के 52 प्रतिशत पर मतदान पूरा हो गया है, जबकि अभी चुनाव के तार्किक परिणति तक पहुंचने में एक महीना बाकी है। चार और चरणों के बाद चुनाव परिणाम 4 जून को घोषित होंगे। तीसरा चरण इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इसमें अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण राजनेता चुनाव मैदान में हैं। इस चरण के अनेक प्रमुख उम्मीदवारों में गुजरात में गांधीनगर से भाजपा के अमित शाह, मध्य प्रदेश में राजगढ़ से कांग्रेस के दिग्विजय सिंह, मध्य



प्रदेश में विदिशा से भाजपा के शिवराज सिंह चौहान, उत्तर प्रदेश में मैनपुरी से सपा की डिम्पल यादव, महाराष्ट्र में बारामती से रांकापा-शरद पवार की सुप्रिया सुले, मध्य प्रदेश में गुना से भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया, कर्नाटक में धारवाड़ से भाजपा के प्रह्लाद जोशी तथा कर्नाटक में शिमोगा से भाजपा के के.एस. ईश्वरप्पा, आदि शामिल हैं।


निर्वाचन आयोग ने मतदान के पहले व दूसरे चरण के लिए क्रमशः 66.14 प्रतिशत व 66.71 प्रतिशत मतदान की घोषणा की थी। हालांकि, तीसरे चरण में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मतदान प्रतिशत थोड़ा बेहतर हुआ है। तीसरा चरण पूरा होने के बाद 283 लोकसभा सीटों का भविष्य तय हो गया है। इस प्रकार 52 प्रतिशत सीटों पर मतदान के साथ चुनाव आधे रास्ते तक पहुंच गया है। सभी चरणों में पिछले चुनाव के मुकाबले तुलनात्मक रूप से कम मतदान निर्वाचन मशीनरी व राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनौती है जो मतदाताओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। तीसरा चरण भाजपा के लिए खासकर महत्वपूर्ण है। 2014 से सत्तारूढ़ पार्टी के समक्ष न केवल अपने मजबूत गढ़ बनाए रखने, बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रभाव विस्तार की चुनौती है। लोकसभा चुनाव के दौरान देश की जनता में व्याप्त विभिन्न प्रवृत्तियां और गतिशीलता की गहरी जानकारी सामने आती है। अनेक चुनौतियों के बावजूद भाजपा की संगठनात्मक शक्ति, जीवन्त प्रचार मशीनरी तथा मोदी का करिश्माई नेतृत्व उसे प्रतियोगिता में अन्य दलों की तुलना में लाभ प्रदान करता है। हालांकि, इसके बावजूद उसके सामने अनेक आर्थिक, सामाजिक तथा क्षेत्रीय विविधताओं की चुनौतियां बनी हुई हैं। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान परिणाम भाजपा की नीतियों और नेतृत्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। इससे भारत की भावी राजनीतिक दिशा तय होगी।

# जिम्मेदार बनें निर्वाचित प्रतिनिधि

समय आ गया है कि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने निर्वाचकों के प्रति जिम्मेदार व ईमानदार बनें। उनको प्रतिबद्ध सामुदायिक नेताओं की भूमिका निभानी चाहिए।



**जे.एस. राजपूत**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)



भारत में वर्तमान समय चुनाव का है और हम में से प्रत्येक व्यक्ति इस चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा है। यह राजनीतिक पार्टियों तथा उम्मीदवारों के लिए आदर्श आचार संहिता का भी समय है। निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों के चुनाव में अधिकतम खर्च की सीमा निर्धारित की है। लेकिन सभी जानते हैं कि इसका क्या होता है। आमतौर से लोगों को इस बात की ज्यादा चिन्ता नहीं होती है कि चुनावों के विस्तार से खर्च तेजी से बढ़ता है जिसका बोझ उम्मीदवारों के साथ सरकारी खजाने पर भी पड़ता है। चुनाव प्रक्रिया लंबी खिंचने से चुनाव संचालित करने तथा प्रक्रिया पूर्ण करने में श्रमशक्ति और अन्य संसाधनों की बरबादी होती है, जबकि इससे बचा जा सकता है। इसका सबसे बुरा असर स्कूली बच्चों पर पड़ता है क्योंकि चुनाव के हर चरण पर शिक्षक सर्वाधिक आसानी से उपलब्ध श्रमशक्ति साबित होते हैं।

निर्वाचित होने के बाद कोई भी अपनी इच्छा से अगली पीढ़ी के लिए स्थान नहीं छोड़ना चाहता है। चुनाव के समय उन लोगों का व्यवहार भी जनता के समक्ष उजागर होता है जो पहले सत्ता का स्वाद चख चुके होते हैं, पर बाद में जनता उनको सत्ता से हटा देती है। अपनी निराशा के कारण वे ऐसे बयान देते हैं जो पूरी तरह असामाजिक, व्यक्तिगत तथा सभ्य समाज में अस्वीकार्य होते हैं। वरिष्ठ लोगों ने ऐसी स्थितियां पैदा की हैं जहां युवा 'मिलीनियल्स' की खोजी कार्रवाई की जरूरत होती है।

उनको समझना चाहिए कि उनके वरिष्ठ लोगों ने जातीय-गणित का सहारा लेकर, क्षेत्रीय व भाषाई भावनायें भड़का कर तथा सामाजिक विरोधाभास पैदा कर मूल लोकतांत्रिक सिद्धान्तों को नुकसान पहुंचाया है। इससे सामाजिक सद्भावना कम हो रही है। स्वतंत्र भारत ने अपनी यात्रा की शुरुआत 18 प्रतिशत साक्षरता से की थी जो अब लगभग 80 प्रतिशत हो गई है, जबकि जनसंख्या में 100 करोड़ से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है। इस प्रकार हम एक सीखने वाला समाज हैं। हमारा अंतरराष्ट्रीय कद स्वतंत्रता के बाद सर्वोत्तम स्थिति में है। ऐसे में आश्चर्य होता है कि राजनेताओं द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ प्रयोग की जाने वाली भाषा इतनी खराब व असभ्य क्यों है। इससे कोई भी पढ़ा-लिखा सभ्य व्यक्ति शर्म का अनुभव करेगा। विद्वान, प्रतिबद्ध तथा अनुभवी का सम्मान हमारी विरासत का लोकप्रिय खजाना है, लेकिन दुर्भाग्य से यह आज छिन्न-भिन्न हो रहा है।

भारत को कभी भी उस समय के महान विद्वानों की उपस्थिति को अनदेखा नहीं करना चाहिए जिनमें गांधी, पटेल, सुभाष बोस, नेहरू, राजेन्द्र प्रसाद व अन्य लोग शामिल हैं। भारत को समझने की इच्छा रखने वाला कोई व्यक्ति स्वामी विवेकानन्द, रामकृष्ण परमहंस, टैगोर या श्री अरविंद से अपरिचित कैसे रह सकता है? उम्मीद उन लोगों से है जो कुछ साल पहले स्कूलों में थे और उनको संत-वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम से चमत्कृत होने का अवसर मिला था। मैंने स्वयं अनेक अवसरों पर देखा है कि भारत के बच्चे उनसे कितना प्रेम करते थे। इसका कारण पोखरण-2 नहीं था, इसका कारण उनके व्यक्तित्व से प्रेम था जिसका हर बच्चा और हर भारतीय अनुसरण करना चाहता था। भारत सौभाग्यशाली है कि उसे ऐसे अनेक विद्वान मिले जो अपने क्षेत्र में परिवर्तन कर सके। उम्मीद थी कि राजनीति में प्रवेश करने वाले एपीजे व अन्य विद्वानों का अनुसरण कर लोगों के साथ उचित व्यवहार करेंगे।

एपीजे अब्दुल कलाम 21वीं शताब्दी में प्रवेश करने वाले मिलीनियल्स में सर्वाधिक आकर्षण और प्रेम का केन्द्र थे। वे एक पेशेवर नेता थे जो अपने उदाहरण से नेतृत्व करते थे तथा सभी लोगों से हार्दिक रूप से संबंध स्थापित कर लेते थे। राष्ट्रीय लक्ष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं भक्ति सर्वोच्च स्तर की थी। उन्होंने अनेकानेक लोगों को प्रेरित किया और शान से अपना लक्ष्य प्राप्त किया। वे हर भारतीय पर विजय पाने में सफल हुए, भले ही उसकी जीवन स्थिति, उसका पेशा या उसका वैचारिक झुकाव चाहे जो होता। एपीजे भारत के बच्चों के खासकर प्रिय बन गए क्योंकि वे उनमें उभरते भारत तथा भावी भारत का चित्र देखते थे। उन्होंने लाखों बच्चों में जिज्ञासा और रचनात्मकता पैदा कर उनको 'विंग्स आफ फायर' प्रदान किए। उन्होंने दो बैग के साथ राष्ट्रपति भवन में प्रवेश किया था और पांच साल बाद उन्हीं दो बैग के साथ बाहर निकले। भारत को पंचायत स्तर से संसद तक ऐसे व्यक्तित्व वाले लोगों की आवश्यकता है जिनके साथ हर व्यक्ति जुड़ाव अनुभव कर सके और उनके साथ 'संपर्क' संभव बना सके। आम चुनाव संबंधी जानकारियां हर व्यक्ति तक पहुंचने के साथ दिमाग में ऐसी तथा ऐसी ही अनेक भावनायें पैदा होती हैं।

आम चुनावों में दर्जनों बार वोट देने वाले हम में से हर एक उन मूल परिवर्तनों के बारे में बात करना पसंद करेगा जो नेतृत्व की गुणवत्ता में बड़े पैमाने पर आए हैं। आज सार्वजनिक जीवन में मौजूद लोगों के प्रति परस्पर सम्मान और आदर की भावना कम हुई है, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में। हमने विपक्षियों के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग देखा है जिसने हम सबको पांच दशक पहले शर्मिन्दा किया होता। लेकिन आज किसी को इसकी चिन्ता नहीं है। लेकिन खुशी का संकेत यह है कि मतदाताओं ने इस पर गौर किया है और वे इसे पसंद नहीं कर रहे हैं। दूरगामी दृष्टिकोण से देखने पर कहा जा सकता है कि यह प्रवृत्ति कारगर नहीं होगी। दु:ख की बात है कि गांधीजी ने 1922 में जिन चुनावी विकृतियों का उल्लेख किया था, आज वे चुनावों के हर चरण तक पहुंच गई हैं और उन्होंने पंचायती राज संस्थानों को भी नहीं छोड़ा है। लेकिन हमें उम्मीद नहीं छोड़नी चाहिए और चीजें चाहे जितनी खराब हो जाएं, उम्मीद तो बनी ही रहती है।

निर्वाचित प्रतिनिधियों से सामान्य उम्मीदों का उल्लेख करते हुए एपीजे अब्दुल कलाम ने हर भारतीय को स्वर दिए थे। उन्होंने कहा था, 'हमें इस बारे में स्पष्ट होना बहुत महत्वपूर्ण है कि हम अपने नेताओं से ठीक-ठीक क्या उम्मीद करते हैं। इनमें पंचायत सदस्यों से लेकर नगर निगमों के स्थानीय पार्षद तथा संसद सदस्य तक शामिल हैं।' दूसरे शब्दों में उनको अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। चाहे पंचायत सदस्य हो, विकस अधिकारी, पार्षद, विधायक, सांसद या मंत्री उनको कम से कम अपनी सर्वोत्तम क्षमता का प्रयोग करना चाहिए जिसके लिए उनको चुना गया है। हमें समुचित दृष्टिकोण वाली संसद चाहिए जहां लोगों के दिमाग में व्यापक तस्वीर हो और वे छुद्र दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर सोच सकें।

ऐसी संसद कैसे काम कर सकती है? यह पिछली लोकसभा की तुलना में ज्यादा रचनात्मक भूमिका कैसे निभा सकती है? मुझे यह उम्मीद भी है कि अगली लोकसभा के सम्मानित सदस्य स्पष्ट रूप से व पूरी गंभीरता के साथ देश के समक्ष कोई ऐसे दृश्य नहीं पेश करेंगे जिनसे इस पवित्र सदन का कामकाज प्रभावित होता है और भारत के नौजवानों के समक्ष खराब तस्वीर रखता हो। पिछले दो दशकों में अब तक जो होता था, वह गंभीर चिन्ता का विषय है। वरिष्ठ राजनेता सी. सुब्रमण्यम ने कहा था, 'संसद और विधायिकाओं की कार्यवाहियों में अनुशासनहीनता गंभीर चिन्ता का विषय है। अराजकता से न केवल विधायिकाओं की कार्यवाही में बाधा पड़ती है, बल्कि यह विधायिकाओं के भीतर सदस्यों में हिंसा पैदा करती है। यह सामान्य और लगभग रोज होने वाली घटना बन गई है। ऐसा लगता है कि जैसे कोई भी संसद में कार्यवाही के नियम मानने को तैयार नहीं है। ऐसी स्थिति में हम भला जनता से यह उम्मीद कैसे कर सकते हैं कि वह अनुशासन का पालन करेगी तथा कानूनों और नियमों का सम्मान करेगी?' समय आ गया है कि भावी सांसद तथा अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि अपने निर्वाचकों की उम्मीदों के प्रति जिम्मेदारी प्रदर्शित करें, ईमानदार बनें तथा प्रतिबद्ध सामुदायिक नेता बनने का प्रयास करें। उनको भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने का प्रयास करना चाहिए। उनको प्रतिबद्धता प्रकट करनी चाहिए कि संसद में एक मिनट का समय भी बेकार नहीं किया जाएगा। यह नव-निर्वाचित सांसदों की ओर से देश को महान उपहार होगा।

# भारत में भिक्षावृत्ति और दान देने की प्रवृत्ति

"कई राज्यों में कानूनी निषेधों के बावजूद भीख मांगना जारी है और भिखारी घरेलू दान के सबसे अधिक प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं।"

**शैव्या वर्मा**
(लेखिका, विवि में शोध प्रबंधक हैं)



भीख मांगना भारत में एक सर्वव्यापी घटना है और यह सामान्य दृष्टि से छिपी हुई है। भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों की धारणाएं भिन्न हो सकती हैं लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कई परिवार उन्हें दान देते हैं। देश में सार्वजनिक नीति पर चर्चा से भिक्षावृत्ति में लगे लोग बड़े पैमाने पर गायब हैं। अशोक विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ सोशल इम्पैक्ट एंड फिलैंथ्रोपी (सीएसआईपी) के एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्ति घरेलू दान के सबसे अधिक प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं, जो धार्मिक संगठनों के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इससे हमें यह प्रश्न उठता है कि वे कौन सी प्रेरणाएँ हैं जो इतने बड़े अनुपात में परिवारों को भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने के लिए प्रेरित करती हैं। लिंग, भूगोल और उम्र के आधार पर भिखारियों को सबसे अधिक दान देने वाले कौन हैं? और भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान किस रूप में मिलता है? हालांक भीख मांगना कोई अपराध नहीं है, लेकिन बीस से अधिक रायों और केंद्र शासित प्रदेशों में यह कानूनी रूप से प्रतिबंधित है और विशेष परिस्थितियों में एक वर्ष से 10 वर्ष और उससे भी अधिक की सजा हो सकती है। मौजूदा कानूनों के फायदे और नुकसान एक और बहस का विषय हैं। सीएसआईपी के अध्ययन से पता चला है कि भारतीय परिवारों द्वारा कुल नकद दान में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2020-21 में 23.7 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 27 हजार करोड़ रुपये हो गई है, जिसमें से भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्ति पसंदीदा प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं। धार्मिक संगठनों, गैर-धार्मिक संगठनों, परिवार और दोस्तों, घरेलू कर्मचारियों, और किसी उद्देश्य का समर्थन करना या याचिका पर हस्ताक्षर करना के बीच घरेलू दान। वे समग्र बाजार आकार और अध्ययन में अन्य प्राप्तकर्ता समूहों के बीच उन्हें दान देने वाले परिवारों के अनुपात के मामले में घरेलू दान के दूसरे सबसे बड़े प्राप्तकर्ता हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बाजार का आकार और भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को औसत नकद भुगतान 2020-21 से 2021-22 तक बढ़ गया है। जबकि भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्ति पसंदीदा प्राप्तकर्ताओं में से एक हैं, परिवार उन पर अपने पैसे से नहीं बल्कि सामग्री को लेकर भरोसा करते हैं। भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने वाले परिवारों के उच अनुपात के बावजूद, उन्हें परिवारों से सबसे कम मूल्य का नकद दान (100 रुपये से कम) प्राप्त हुआ।

जबकि अध्ययन में अन्य प्राप्तकर्ता समूहों की तुलना में भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को नकद दान के लिए सबसे कम प्राथमिकता दी गई थी, इस प्राप्तकर्ता समूह के लिए वस्तु के रूप में दान करने की स्पष्ट प्राथमिकता नोट की गई थी। भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने वालों में से आधे से अधिक ने वस्तु के रूप में दान दिया, जो अन्य प्राप्तकर्ता समूहों द्वारा प्राप्त वस्तु के रूप में दान से बिल्कुल अलग है। भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देते समय परिवार अधिकतर अपनी आंतरिक प्रेरणा से प्रेरित होते हैं। धार्मिक मान्यताएं शीर्ष प्रेरकों में से एक हैं। इसने 55 प्रतिशत परिवारों का मार्गदर्शन किया जो भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देते थे। धार्मिक मान्यताओं को इस प्रकार समझा जा सकता है कि दूसरों की मदद करना ईश्वर की सेवा करने का एक तरीका है, और अछे कर्म/सर्वशक्तिमान अछे कर्मों का प्रतिफल देते हैं।

इसके अलावा, पारिवारिक परंपराएं परिवारों को भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे गरीबी के कारण दिखाई देने वाली कठिनाइयों से भी प्रभावित होते हैं और वित्तीय संकट में किसी का समर्थन करने के लिए दान करने के लिए प्रेरित होते हैं। सेवा या सेवा प्रदान करना भी भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को देने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरणा के रूप में उभरा। परिवारों को छोटी मात्रा में नकद देना भी आसान लगता है, जिसके कारण कई परिवार भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को कुछ पैसे देने की पेशकश करते हैं। लगभग 60त्न परिवारों ने उन्हें दान देने की प्रतिक्रिया व्यक्त की। अध्ययन में यह भी पाया गया कि भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दिया गया दान 100 रुपये से कम छोटी मात्रा में था। यह जानना दिलचस्प था कि जो दानकर्ता भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों के प्रति अधिक सहानुभूति रखते हैं, वे वे लोग हैं जिनकी समाज में असुरक्षित स्थिति है और जो मुख्य रूप से सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों और निम्न सामाजिक-आर्थिक श्रेणियों की वृद्ध महिलाएं और परिवार भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों के प्राथमिक दाता हैं।

बड़े शहरों के परिवारों की तुलना में ग्रामीण भारत के अधिक परिवार भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देते हैं। वास्तव में, ग्रामीण भारत में भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने वाले परिवारों का अनुपात भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को दान देने वाले परिवारों के अनुपात के राष्ट्रीय औसत से अधिक था। इसी प्रकार, निम्न सामाजिक-आर्थिक श्रेणी (एसईसी डी/ई) द्वारा भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों को देना राष्ट्रीय औसत से अधिक था। जबकि उच और मध्यम सामाजिक-आर्थिक श्रेणियों (एसईसी ए, एसईसी बी और एसईसी सी) से लगभग 53त्न परिवारों ने योगदान दिया, 65त्न से अधिक परिवारों ने निम्न सामाजिक आर्थिक समूहों (एसईसी डी/ई) से भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों के लिए योगदान दिया।). लिंग और उम्र के संदर्भ में, 46 से 60 वर्ष की उम्र के बीच की वृद्ध महिलाएं भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों के लिए सबसे बड़ी और प्राथमिक दान देने वाली हैं।

भिक्षावृत्ति कई रूपों में सदियों से चली आ रही है। कठिनाइयों का सामना करने के कारण, भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्ति आमतौर पर नकारात्मकता, निराशा, कम आत्मसम्मान और कलंक से पीड़ित होते हैं। भारत में अधिकांशतः भिक्षावृत्ति में लगे लोग अक्सर धार्मिक स्थलों के बाहर दिख जाते हैं।

## आप की बात

### वोट का महत्व

**लोकसभा चुनाव** के तीसरे दौर के निर्बाध रूप से संपन्न हो जाने से चुनाव आयोग ने राहत की सांस ली होगी। मगर दु:ख की बात है कि आयोग तथा विभिन्न दलों द्वारा मीडिया और सोशल मीडिया पर मतदान करने की अनेक अपीलों के बावजूद मतदान प्रतिशत मात्र 66 प्रतिशत ही रह गया है। जब एक-एक वोट महत्व रखता है तो इतनी बड़ी तादाद में लोगों का मतदान नहीं करना निराशाजनक है। मजेदार बात है कि हर छोटी बड़ी बात के लिए सरकार को कोसने वाले लोग भी वोट देने नहीं जाते हैं। ऐसे लोगों को आत्ममंथन की जरूरत है। वर्तमान समय में भारत की अंतरराष्ट्रीय ख्याति में कई देशों की तुलना में भारतीय जनता की एकजुटता तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति उसकी प्रतिबद्धता एक बहुत बड़ा फेक्टर है। मगर वोटिंग के प्रति हमारी गहन उदासीनता हमारे बिखराव को दर्शाती है। अब भी शेष बचे चुनाव के चरणों में मतदाता यदि उत्साह से वोटिंग कर मतदान प्रतिशत बढ़ाएं तो यह राष्ट्र के लिए बेहतर होगा। हालांकि, अब तक 2019 लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान हुआ था, पर इसे शत-प्रतिशत तक ले जाना लक्ष्य होना चाहिए। मतदान के मामले में हिंदी पट्टी हमेशा से फिसड्डी साबित होती रही है और विडंबना है कि यह स्थिति अब भी बनी हुई है।

–**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### पुतिन की धमकी

**व्लादीमिर पुतिन** ने राष्ट्रपति के रूप में पांचवें कार्यकाल के लिए मंगलवार को शपथ ली। इसके एक दिन पहले उन्होंने रूसी सेना, नौसेना और यूक्रेन के निकट तैनात सैनिकों को शामिल कर सामरिक परमाणु हथियार अभ्यास की घोषणा की है। रूस द्वारा परमाणु हथियार अभ्यास की यह धमकी पूरी दुनिया और मानवजाति के लिए अभूतपूर्व व असाधारण खतरों से भरी है। रूस के पूर्वज सोवियत संघ ने अमेरिका द्वारा हिरोशिमा और नागासाकी में अणु बम गिराने से पैदा त्रासदी की प्रतिक्रिया में सारी दुनिया में नाभिकीय निशस्त्रीकरण का अभियान चलाया था। हालांकि, उसने भी अमेरिका का मुकाबला करने के लिए नाभिकीय आयुधों का विकास किया था, पर उनके कभी पहले प्रयोग न करने का वादा भी किया था। सोवियत संघ व अमेरिका के बीच नाभिकीय आयुधों की संख्या घटाने के बारे में साल्ट-1 व साल्ट-2 संधियां भी हुई थीं। लेकिन अब पुतिन ने इस पूरी प्रक्रिया को उलट कर न केवल नए नाभिकीय हथियारों के विकास पर जोर दिया है, बल्कि संभवतः वह सीमित नाभिकीय युद्ध के बारे में भी सोच रहे हैं। पुतिन की इस मानवता-विरोधी सोच पर तत्काल प्रभावी लगाम लगाने की आवश्यकता है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मवेशियों से क्रूरता

**अधिक दूध** की मांग पूरी करने के लिए कुछ दुग्ध उत्पादकों द्वारा दूध में पानी मिलाने और नकली दूध बनाकर बेचने जैसे हथकंडे अपना कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जाता रहा है। निरीह मूक पशुओं के साथ इससे भी अधिक घिनौना कृत्य करते हुए उन्हें आक्सीटोसिन नामक इंजेक्शन देकर उनका हार्मोन स्तर बढ़ाया जाता है, जिससे वे अधिक मात्रा में दूध देते हैं। लेकिन इस अनुचित व्यवहार से दूध की मात्रा भले ही बढ़ जाती हो, परपशुओं के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिकों के अनुसार आक्सीटोसिन के प्रयोग से पशुओं की मांसपेशियां ऐंठती हैं और उनको भयानक दर्द होता है। मनुष्यों के लिए भी इस प्रकार अप्राकृतिक रूप से प्राप्त दूध हानिकारक होता है। इससे बच्चों में हार्मोनल परिवर्तन और पशुओं में बांझपन जैसी समस्याएं बढ़ रही है। वैसे तो आक्सीटोसिन पर समय-समय पर प्रतिबंध की घोषणा हुई, लेकिन इसे जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया गया। पशुओं के साथ हो रही इस क्रूरता पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसे मवेशियों से क्रूरता माना है। उम्मीद है कि इस फैसले के बाद देश भर में आक्सीटोसिन के मवेशियों में अनुचित प्रयोग पर लगाम लगेगी।

– **रामबाबू सोनी,** इंदौर

### मायावती का फैसला

**बसपा सुप्रीमो** मायावती अपने घोषित उत्तराधिकारी एवं राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को सभी जिम्मेदारियों से मुक्त करने का फैसला किया। इसने मीडिया में हलचल मचा दी है। सोशल मीडिया पर बहनजी के इस कदम से बहुजन समाज के युवाओं में रोष भी दिखाई दिया है। आकाश आनंद दरअसल बेहद आक्रामक शैली में भाषण दे रहे थे। ऐसी ही एक रैली में विरोधियों को जूते मारने जैसे भाषण पर एफआईआर हो गई थी। लगता है कि सीतापुर की रैली में दिए भाषण ने मायावती को नाराज कर दिया था। लोकसभा चुनाव में मतदान के तीन चरण के बाद ऐसा फैसला निश्चित रूप से आश्चर्यजनक है। इससे बसपा सुप्रीमो के मन में पैदा भय भी प्रकट होता है जो समाज के किसी भी हिस्से को नाराज नहीं करना चाहती हैं। हालांकि, आकाश आनन्द की टिप्पणी भाजपाइयों के प्रति थी और निर्वाचन आयोग ने इस पर अभी कोई कार्रवाई भी नहीं की थी। लेकिन मायावती अपनी पार्टी का भविष्य संवारने के लिए फूंक-फूंक कर कदम रख रही हैं। देखना होगा कि इसका बसपा कार्यकर्ताओं के मनोबल पर क्या असर होगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# लोकसभा चुनाव में एक तरफ रामभक्त व दूसरी तरफ रामद्रोही: योगी

## मुख्यमंत्री ने अकबरपुर लोकसभा सीट के लिए जनसभा को किया संबोधित

● कहा, आतंकियों का महिमामंडन और माफिया को गले का हार बनाते हैं विपक्षी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ कानपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि तीन चरण के चुनाव संपन्न होने के साथ ही देश की आधी लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है, 'फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि इस नारे ने ऐसा जादू किया है कि विपक्षी चारों खाने चित्त हो गये हैं। जब उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है तो भारत के खिलाफ साजिश में लिप्त हो गये हैं। विपक्षी दलों के बयानों को पढ़ने से स्पष्ट हो चुका है कि ये चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच में हैं। जो रामभक्त हैं वही राष्ट्रभक्त भी हैं। सीएम योगी यहां घाटमपुर स्थित पतारा रेलवे स्टेशन मैदान में आयोजित अकबरपुर लोकसभा सीट के लिए विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के पक्ष में जनता से वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अकबरपुर का नाम ही ऐसा है कि बार बार बोलने में संकोच लगता है। ये सब बदल जाएगा। हमें गुलामी के निशानों को समाप्त और विरासत का सम्मान करना है। इस क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा के साथ जोड़ना है। इसके लिए जो अभियान देश में शुरू हुआ है, उसमें हमें भी एक वोट के साथ सहभागी बनना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सनातन सत्य है कि रामद्रोहियों का पतन हमेशा हुआ है। 2024 का लोकसभा चुनाव इस शाश्वत सत्य की पुष्टि करने वाला है। उन्होंने कहा कि ये केवल सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में देश को नये और आत्मनिर्भर भारत के रूप में स्थापित किया जा रहा है, दूसरी तरफ रामद्रोही हमें जाति, क्षेत्र के नामपर लड़ाने का काम कर रहे हैं। आतंकियों का महिमामंडन और माफिया को गले का हार बनाया जा रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारों को अल्पसंख्यकों को देने की साजिश रची जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान सपा और बसपा बिन मांगे कांग्रेस का समर्थन कर रहे थे। तब रंगनाथ मिश्रा कमेटी ने पिछड़ी जाति के आरक्षण से 6 प्रतिशत काटकर मुसलमानों को देने की सिफारिश की थी। भाजपा ने जब इसका पुरजोर विरोध किया तो कांग्रेस को वह प्रस्ताव वापस लेना पड़ा था। फिर सच्चर कमेटी का गठन किया गया, कांग्रेस ने साजिश की कि अनुसूचित जाति और जनजाति में मुसलमानों की कुछ जातियों को शामिल कर दिया जाए। कांग्रेस हमेशा विभाजन की राजनीति करने वाली रही है। इन्होंने देश का विभाजन किया। देश के अलग अलग भागों में आतंकवाद और अलगाववाद को पनपाने का काम किया। कांग्रेस ने इस बार भी अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि वह इस प्रकार के आरक्षण को देने का काम करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परम रामभक्त और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर कांग्रेस और सपा की ओर से संवेदना का कोई शब्द नहीं निकला था। प्रयागराज में राजू पाल की हत्या पर भी कोई संवेदना व्यक्त नहीं की गई। अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या पर हमने कहा था किसी ने अगर पिछड़े के बेटे को मारा है तो वह माफिया मिट्टी पर मिलेगा। और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। जो कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि नहीं दे सके वो माफिया के घर फातिहा पढ़ने गये। इनकी संवेदना माफिया के प्रति है। इनकी संवेदना रामद्रोहियों के प्रति है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार सर्वे करा रहे हैं कि इस क्षेत्र में गन्ने की गुंजाइश होगी तो यहां शुगर और इथनॉल कॉम्पलेक्स का विकास किया जाएगा।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन जैसा

● मुख्यमंत्री योगी ने सोनिया गांधी को दी सच बोलने की नसीहत

● कहा, जनता की आंखों में धूल झोंककर अब सत्ता नहीं हथिया पाएगी कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता।

बुधवार को अकबरपुर, फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी द्वारा भाजपा पर नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाए जाने के सवाल पर सीएम योगी ने तल्ख अंदाज में कहा कि सफेद झूठ बोलने की बजाय कम से कम सोनिया गांधी को तो सच बोलने की आदत डालनी चाहिए। चुनाव के दौरान अब वे लोग देश की जनता की आंखों में धूल झोंककर सत्ता नहीं हथिया पाएंगे क्योंकि मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन के रहा है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जी की तरफ से भाजपा पर लगाया गया झूठा आरोप 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' को चरितार्थ करने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह हर व्यक्ति जानता है बांटों और राज करो की नीति कांग्रेस को विरासत में प्राप्त हुई है। अंग्रेजों की कुटिल चाल को 1947 में कांग्रेस ने सफल होने दिया और देश का बंटवारा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद राजनीतिक स्वार्थ के कारण जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश के अंदर वर्ग संघर्ष को कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद, यह सब कांग्रेस की ही देन है। सीएम ने सवालिया अंदाज में कहा कि यूपीए चेयरपर्सन के रूप में श्रीमती सोनिया गांधी जी ने 2004 से लेकर 2014 के बीच में क्या किया, यह कौन नहीं जानता। उस समय क्या यह सच नहीं कि ओबीसी के आरक्षण पर सेंधमारी लगाने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा की कमेटी इन्होंने गठित की थी। और, कमेटी ने संस्तुति की थी कि ओबीसी के आरक्षण में से 6 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाय। भाजपा और एनडीए ने उसे समय विरोध किया था और कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए। यही नहीं, एससी-एसटी के अधिकारों पर भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने घुसपैठ करने का प्रयास किया था। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुसलमानों की कुछ जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का प्रयास भी कांग्रेस सरकार के समय में हुआ था। पर, एनडीए और बीजेपी के विरोध से कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए।

सीएम योगी ने कहा कश्मीर में धारा 370 कांग्रेस ने लगाई थी। ओबीसी के आरक्षण में से कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में सेंध लगाने का कार्य कांग्रेस ने किया, यह ओबीसी के अधिकारों का पूरी तरह हनन है। देश को जाति, भाषा, क्षेत्र के आधार पर बांटने की कुचेष्टा कांग्रेस ने की थी। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जिस प्रकार की बातों का उल्लेख किया है, यह भारत की सनातन आस्था पर प्रहार तो है ही, समाज में वर्ग संघर्ष की स्थिति को पैदा करने वाला है। कांग्रेस की मंशा भारत की जनता कभी पूरा नहीं होने देगी क्योंकि विभाजनकारी राजनीति किसी के हित में नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर प्रहार जारी रखते हुए कहा कि आज कांग्रेस का घोषणा पत्र ही विभाजनकारी है। यह भारत को वर्ग संघर्ष की ओर ले जाने वाला है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधिकारों में सेंध लगाने वाला है। पर कांग्रेस के इन मंसूबों को देश की जनता पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए पूरा देश मोदी जी के नेतृत्व में कार्य करने के लिए आज एकजुट दिखाई दे रहा है। विकसित भारत के लिए पूरे देश की जनता मोदी जी के नेतृत्व में संकल्पित होकर भाजपा और एनडीए को अपना समर्थन दे रही है। इन स्थितियों में अब कांग्रेस की दाल नहीं गलने वाली है।

## वाराणसी के साथ ही समूचे भारत के विकास का रास्ता तय करते हैं प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ वाराणसी

कभी विकास के गुजरात मॉडल पर सवार नरेंद्र मोदी 2014 में वाराणसी आये तो काशी के विकास मॉडल को पूरे देश में नजीर बना दिया। इसी मॉडल के जरिए 2024 लोकसभा चुनाव में 'अबकी बार 400 पार' का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। यह सर्वविदित है कि काशी से निकला संदेश सिर्फ पूर्वांचल तक ही नहीं जाता बल्कि बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश होते हुए समूचे देश तक जाता है। इस बार का लोकसभा चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है कि काशी के सांसद नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप श्री काशी विश्वनाथ धाम का भव्य निर्माण हुआ और प्रधानमंत्री के रूप में उन्हें 500 वर्ष बाद अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर मिला। इन दोनों बड़े अवसरों के बाद लोकसभा चुनाव-2024 होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से निकली आवाज के बलबूते भाजपा नित विकास कार्यों, लाभार्थियों और आस्था के सहारे 400 सीटों की रिकॉर्ड जीत के साथ हैट्रिक बनाने पर लगी है। नरेंद्र मोदी 2014 में काशी की पिच पर बैटिंग करने आए तो सबसे पहले विकास की बाउंड्री पर नजर टिका दी। 2017 में दूसरे छोर पर देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में उन्होंने सबसे कुशल पार्टनर योगी आदित्यनाथ को तैनात किया। फिर दोनों छोर से जबर्दस्त बैटिंग शुरू हुई। एक ने विकास समेत देश की सुरक्षा का कमान संभाला तो दूसरे ने उत्तर प्रदेश में कानून से खेलने वालों के छक्के छुड़ा दिए। धीरे-धीरे विपक्षी कैच आउट होते चले गए, जिससे उनकी टीम के हौसले भी पस्त हो गए। कुछ ही खिलाड़ी मैदान में बचे। नरेंद्र मोदी की 2019 में दूसरी पारी शुरू हुई तो 2022 में उत्तर प्रदेश की जनता ने फिर योगी को सेलेक्ट किया। इसके बाद दोनों धुरंधरों ने फिर बल्लेबाजी की। नरेंद्र मोदी ने 400 पार का मन बनाया तो योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए 80 को आधार बना लिया। अब नरेंद्र मोदी तीसरी पारी खेलने के लिए तैयार हैं। इसमें सबसे मजबूत खिलाड़ी के रूप में उत्तर प्रदेश के कप्तान योगी आदित्यनाथ उनका बखूबी साथ निभा रहे हैं। आलराउंडर के रूप में इस खिलाड़ी की मांग भी पूरे देश में है।

# कांग्रेस और सपा ने आधे समर में ही मान ली हार: सीएम

## मुख्यमंत्री ने शाहजहांपुर लोकसभा और ददरौल विधानसभा सीट के लिए रैली को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ शाहजहांपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश में हो रहे लोकसभा चुनावों में आधी सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है और कांग्रेस और सपा ने आधे समर में ही अपनी हार मान ली है। उन्होंने कहा कि 'अबकी बार चार सौ पार..' के लक्ष्य के लिए हमने आधी मंजिल पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री बुधवार को ददरौल में शाहजहांपुर सीट पर हो रहे लोकसभा चुनाव और ददरौल विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शाहजहांपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी अरुण कुमार सागर और ददरौल विधानसभा से प्रत्याशी अरविंद कुमार सिंह के पक्ष में जनता से वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हनुमत धाम के बजरंगबली और भगवान परशुराम के धाम को कोटि कोटि नमन करते हुए काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायकों पं रामप्रसाद बिस्मिल्ल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 2024 का चुनाव नया इतिहास बनाने के लिए उतावला दिख रहा है। कांग्रेस और सपा के चेहरे से उड़ी हवा, बताती है कि आधे समर में ही उन्होंने हार स्वीकार कर ली है। उनकी हार शाश्वत सत्य है। हमारा इतिहास गवाह है कितना ही बड़ा और शक्तिशाली कोई क्यों न रहा हो, अगर वह रामद्रोही है तो उसका पतन सुनिश्चित हुआ है। ये चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच सिमट गया है। सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने अपने पूर्वजों को धक्का देकर बाहर करते हों उनसे विरासत के सम्मान की बात बेमानी है। उन्होंने कहा कि आतंकियों को बिरयानी खिलाने वाले, माफिया को गले का हार बनाने वाले, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ने जाने वाले लोग और रामभक्तों पर गोली चलाने वाले लोग कहते हैं कि अयोध्या में राममंदिर बेकार में बना है। मुख्यमंत्री ने बीते दस साल में हुए विकास एवं गरीब कल्याण से जुड़े कार्यों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज भारत का सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद और नक्सलवाद पूरी तरह नियंत्रित हुआ है, विकास के तमाम कार्य हुए हैं। शाहजहांपुर मे मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि यहां गंगा पर पीपे का पुल बनाने की मांग की गई थी जो ठाकुर रोशन सिंह के गांव को जोड़ती थी, मगर हमने वहां पक्का पुल दे दिया। ये सरकार बुलाकर विकास का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सुरक्षा का बेहतर माहौल दिया गया है। पिछले सात साल में यूपी में कोई दंगा नहीं हुआ है, कोई कर्फ्यू नहीं लगा, बल्कि अब धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकलती है।

माफिया और अपराधी अपने गले में तख्ती लगाकर कहते हैं कि हमारी जान बख्श दो। अब हमारे नौजवानों के हाथ में तमंचा नहीं टैबलेट है। हर बेटी सुरक्षित हुई है, हर अन्नदाता किसान खुशहाल हुआ है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर और बनारस में काशी विश्वनाथ धाम बन गया है। शाहजहांपुर में हनुमत धाम में रोपवे लगने जा रहा है। काकोरी ट्रेन ऐक्शन के महानयकों के सम्मान में भव्य म्यूजियम बन गया है। ये काम मोदी के चमत्कारी और यशस्वी नेतृत्व के कारण हुआ है।

# जनता झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान कर कर रही उनका सफाया: अखिलेश यादव



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अभी तक हुए तीन चरणों के चुनाव में जनता ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान किया है। पहले चरण से जो हवा चली है उसने भाजपा को पलट दिया है। जनता झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान करके उनका सफाया कर रही है। भाजपा के दस साल की सरकार में इनका हर वादा और हर बात झूठी निकली। इस सरकार में किसान तबाह हो गया। गरीबी और कर्ज से एक लाख किसानों ने आत्महत्या कर ली। किसी किसान की आय दोगुनी नहीं हुई।

यादव बुधवार को समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने शाहजहांपुर की लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना गौड़, लोकसभा फर्रूखाबाद के प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य, हरदोई से लोकसभा प्रत्याशी ऊषा वर्मा, मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी संगीता राजवंशी के पक्ष में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया। यादव ने कहा कि भाजपा ने तीन काले कृषि कानून लाकर किसानों की फसल और जमीन छीनने का षड्यंत्र रचा। किसानों ने तीन काले कानूनों को विरोध किया आंदोलन किया, धरना दिया। भाजपा ने आंदोलन कुचलने का प्रयास किया। एक हजार किसान शहीद हुए। किसान पीछे नहीं हटे। भाजपा की तानाशाही सरकार को तीनों काले कानून वापस लेना पड़ा। किसानों के आंदोलन के बाद भी भाजपा सरकार ने किसानों की फसलों के लिए एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया। यादव ने कहा कि भाजपा ने अपने चहेते उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों की मदद नहीं की। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों की फसलों को एमएसपी का अधिकार दिया जाएगा। किसानों का पूरा कर्ज माफ होगा। किसानों की अन्य तरह से भी मदद होगी। किसान खुशहाल होगा तभी देश विकसित होगा। भाजपा सरकार ने दस साल तक किसानों, नौजवानों, महिलाओं के साथ खोखले वादे किये। कोई काम नहीं किया। भाजपा ने दस सालों में भेदभाव किया। समाज में नफरत फैलाया। हर वर्ग को अपमानित किया। सत्ता का दुरूपयोग किया।

यादव ने कहा कि भाजपा ने महंगाई, बेरोजगारी बढ़ायी है। किसानों के साथ धोखा किया। नौजवानों का भविष्य बर्बाद किया। आज देष का पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार है। उसके हाथ में न नौकरी है और न रोजगार है। भर्ती परीक्षाओं के सब पेपर लीक हो जाते हैं। इस सरकार में दस परीक्षाओं के पेपर लीक हो गये। भाजपा सरकार नौकरी, रोजगार नहीं देना चाहती है। जानबूझकर पेपर लीक कराये गए है। नौजवान, निराश है। हम अपने युवाओं को भरोसा दिलाते हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार सरकारी विभागों में खाली 30 लाख पदों पर भर्ती करेगी। भाजपा ने सेना की नौकरी अधूरी कर दी। अग्निवीर योजना लाकर युवाओं को धोखा दिया गया है। हम लोग अग्निवीर योजना कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

# मोदी की सारी बातें जुमले या फिर झूठ के सिवाए कुछ नहीं: गुरदीप सप्पल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के राजनीतिक सलाहकार गुरदीप सप्पल ने कहा है कि प्रदेश में तीन चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका है। तीन चरणों के चुनाव के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि जनता का जो गुस्सा मोदी सरकार के खिलाफ है वह अब जनता व्यक्त कर रही है। दस साल पहले जो कहानी मोदी के चुनावी कैंपेन 2014 में शुरू हुई थी वन रैंक वन पेंशन से वह अग्निवीर योजना के आ जाने के बाद नो रैंक नो पेंशन पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कुल मिलाकर मोदी की सारी बातें जुमले या फिर झूठ के सिवाए कुछ नहीं।

सप्पल बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दस साल पहले मोदी जिस कश्मीर नीति को पूरी दुनिया में अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताते नहीं थकते थे, दस साल बाद भाजपा कश्मीर में अपने उम्मीदवार चुनाव में उतारने तक से घबरा रही है। 10 साल पूर्व मोदी जी ने देश की जनता से वादा किया था अच्छे दिनों तक और परोस दिए महंगाई और बेरोजगारी। 10 साल पहले मोदी ने नारा दिया था बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं का और आज हालात बलात्कारी बचाओ बलात्कारी भगाओ तक पहुंच गये हैं। बेटियों पर अत्याचार करने वाले बृजभूषण शरण सिंह और प्रज्वल रेवन्ना पर कार्यवाही करने की हिम्मत भाजपा नहीं कर पा रही है। मणिपुर में जो महिलाओं के साथ अत्याचार करते हैं एक साल बीत जाने पर भी उन पर कार्यवाही नहीं होती बेटी बचाओ की कहानी पूरा देश देख रहा है। 10 साल पूर्व मोदी ने कहा था कि मां गंगा ने बुलाया है और दस के बाद मां गंगा की क्या हालत है उत्तर प्रदेश के लोग अच्छी तरह से जानते हैं। मोदी ने कहा था कि 100 स्मार्ट सिटी बनाऊंगा और दस साल के बाद अगर हम दुनिया की सबसे प्रदूषित शहरों की बात करें तो उनमें से 82 शहर भारत के हैं, स्मार्ट सिटी तो दूर की बात है भाजपा सरकार ने जहर में सांस लेना और जहर में जीने के लिए इस देश के लोगों को मजबूर कर दिया है। मोदी ने 2022 में कहा था कि इस देश में बुलेट ट्रेन चलेगी लेकिन वर्षों पुरानी भारतीय रेल की व्यवस्था को गर्त में पहुंचा दिया। जो बुजुर्गों तथा विकलांगों को सब्सिडी मिलती थी वह खत्म कर दी। मोदी का वादा किसानों की आय दोगुनी करने का था परन्तु देश के अन्नदाताओं पर मोदी राज में बर्बरता और अत्याचार किया गया।

# सातवें चरण में 13 लोकसभा सीटों पर अब तक 19 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● 14 मई नामांकन की अंतिम तिथि, 1 जून को होगा मतदान

**प्रदेश** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया संचालित है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सातवें चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 403-दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 7 मई, 2024 को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन का कार्य चल रहा है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। 8 मई को 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पूर्व 5 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। 403-दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए अब तक नामांकन शून्य है। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे के मध्य किये जा सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में सातवें चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 8 मई को 14 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके अतिरिक्त अन्य सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों एवं सोनभद्र जनपद की दुद्धी (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन के लिए नामांकन शून्य रहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों तथा 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई, 2024 निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जायेगी। 17 मई, 2024 नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरान्त इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। सातवें चरण का मतदान 1 जून, 2024 को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 4 जून, 2024 को मतगणना की जायेगी। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है।

## एसडीओ व अवर अभियंता निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रबन्ध** निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा जनमानस की शिकायतों की अनदेखी करने अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वाहन न करने, विद्युत उपभोक्ताओं को परेशान किये जाने तथा उपभोक्ताओं को व्यवधान रहित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश का पालन नही करने वाले अभियंताओं के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। उन्होंने 1 उपखण्ड अधिकारी एवं 1 अवर अभियन्ता को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। इसी क्रम में माह 2024 के 1 मई 2024 से 7 मई 2024 तक की अवधि में अत्याधिक विद्युत व्यवधान के कारण 4 अधिशासी अभियन्ता तथा 8 अवर अभियन्ता को कारण बताओ नोटिस दिया है।

## देश व प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ा है: धर्मपाल

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को उन्नाव, कानपुर, इटावा तथा कन्नौज में लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में मार्गदर्शन दिया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनता को आर्थिक व सामाजिक रूप से सबल भी किया गया है और देश के सांस्कृतिक गौरव की यात्रा भी शुरू हुई है। योगी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश दंगा, गुंडागर्दी से मुक्त हुआ है। बहन, बेटियां, घर, खेत खलिहान सुरक्षित हुए है। देश व प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण से देश आनंदित है। संस्कृति केंद्रों और आस्था के केंद्रों के विकास से राष्ट्र का स्वाभिमान जागृत हुआ है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस, सपा व बसपा देश के 80 करोड़ लोगो तक पहुंचने वाले राशन को कमीशनखोरी से हजम करने का सपना देख रहे हैं। सपाई और कांग्रेसी गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं को कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार से हड़पने का मंसूबा पाले हुए है और पिछड़ों और अनुसूचित वर्ग से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सभी को न्याय, सभी के लिए घर, जल, पढ़ाई, दवाई, सुरक्षा व सम्मान के साथ विकसित भारत की गारंटी दी है।

## पिछले तीन चरणों में बसपा की नहीं आ रही एक भी सीट, बाकी में भी कोई संभावना नहीं

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती द्वारा अपने भतीजे आकाश आनंद से उत्तराधिकार छीनने व नेशनल कोआर्डिनेटर पद से हटाने को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बसपा ने अपने संगठन में बड़े बदलाव का जो भी कदम उठाया है वो उनकी पार्टी का आंतरिक विषय है। दरअसल इसके पीछे असली कारण ये है कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है क्योंकि बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। इस बात को बसपा अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है। इसीलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेर-बदल कर रहा है लेकिन अब बाज़ी बसपा के हाथ से निकल चुकी है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सच तो ये है कि जब बसपा का प्रभाव क्षेत्र होते हुए भी पिछले तीन चरणों में उनकी एक भी सीट नहीं आ रही है तो फिर बाकी के चार चरणों में तो कोई संभावना बचती ही नहीं है। ऐसे में हम सभी वोटरों से अपील करते हैं कि आप अपना वोट ख़राब न करें और जो बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के संविधान को बचाने के लिए सामने से लड़ रहे हैं, इंडिया गठबंधन के उन प्रत्याशियों को वोट देकर जिताएं और संविधान के संग आरक्षण भी बचाएं। अखिलेश यादव ने इसीलिए आग्रह किया है कि संविधान, आरक्षण और अपना मान-सम्मान बचाना है तो अपना वोट सपा को दें।

# कन्नौज से परिवारवादियों की होगी हार, एक बार फिर खिलेगा कमलः अमित शाह

● गृहमंत्री ने इंडी गठबंधन पर बोला हमला, जनसभा में की सुब्रत पाठक को जिताने की अपील


जनसभा को संबोधित करते अमित शाह।

**कन्नौज।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला है। अमित शाह ने कहा कि ये परिवारवादी लोग हैं, इन्हें अपने परिवार के अलावा दूसरा कोई नहीं दिखता। अमित शाह ने कहा कि यादव समाज अखिलेश यादव से खफ़ा है। उन्होंने कहा कि कन्नौज में सुब्रत पाठक की जीत तय है। यहाँ की जनता एक बार फिर परिवारवादियों को सबक़ सिखाने को तैयार है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कन्नौज के तिर्वा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुये कहा कि मुलायम सिंह का परिवार यहां कितनी बार आया। अमित शाह ने कहा- सालों तक यहां की जनता ने मुलायम परिवार को वोट दिया लेकिन ये ऐसा परिवार है जो जीतता है तब भी नहीं आता, हारता है तो भी नहीं आता। इसी के साथ अमित शाह ने कहा कि कन्नौज में कोई मुकाबला नहीं है, अखिलेश यादव किसी रेस में नहीं हैं। सुब्रत पाठक आसानी से जीत रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि ये परिवारवादी पार्टियां हैं, इनको अपने परिवार के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता है। सपा में नेता जी गए, अखिलेश आ गए, इसके बाद डिंपल को ले आए। ये यादव समाज के खैरख्वाह नहीं हैं। अमित शाह ने कहा कि इन्होंने 5 टिकट परिवार में ही बांट दिये। कन्नौज से अखिलेश यादव, मैनपुरी से डिंपल जी, फ़िरोजाबाद से भतीजा अक्षय, बदायूं से आदित्य यादव और आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव लड़ रहे हैं।

## वोट बैंक के डर से राम मंदिर नहीं गये अखिलेश

अमित शाह ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाने को लेकर भी अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वोट बैंक के डर के कारण वो राम मंदिर नहीं गए। हम वोट बैंक से नहीं डरते। अमित शाह ने कहा कि सदियों से हमारा कन्नौज दुनियाभर में इत्र की खुशबू पहुंचाता है और जब जी 20 वाले आए तो मोदी ने सबको कन्नौज का इत्र भेंट किया। रामलला को भी यहीं का इत्र जाता है। इससे पूर्व भाजपा नेताओं ने ग्रहमंत्री का स्वागत किया। ग्रहमंत्री की जनसभा में उमड़ी भीड़ से भाजपाइयों के चेहरे खिले दिखाई दिये।

# हत्या के मामले का 24 घण्टे में पुलिस ने किया खुलासा

● थाना रुरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गढ़ेवा जिनई बनीपारा में हुयी सगे भाई की हत्या की घटना का मात्र 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए थाना रुरा पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

● अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद चाकू बरामद किया गया


हत्यारोपी के साथ रूरा एसओ एसएन सिंह, चौकी इँचार्ज राकेश सिंह सहित पुलिस बल

**रूरा, कानपुर देहात।** पुलिस ने 48 घण्टे के भीतर थाना क्षेत्र में हुयी दूसरी हत्या के मामले का भी 24 धण्टे में खुलासा करते हुये हत्यारोपी को हत्या में प्रयुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। आपको बताते चले कि मॅंगलवार को थाना क्षेत्र के जिनई गढेवा बनीपारा में सगे भाई ने सम्पत्ति के विवाद में अपने छोटे भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

थाना रुरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ग्राम गढ़ेवा जिनई बनीपारा में हुयी हत्या की घटना के सम्बन्ध में दिनांक 07.05.2024 को थाना रूरा पर मु0अ0सं0 154/2024 धारा 302/323 भादवि बनाम उमाशंकर पुत्र स्व0 कृपाल सिंह बहेलिया उम्र करीब 39 वर्ष निवासी ग्राम गढेवा जिनई बनीपारा थाना रूरा जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया था। थाना रुरा पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर नामजद अभियुक्त उमाशंकर उपरोक्त को मुरलीपुर कहिन्जरी रोड पर रिन्द नदी के पास से समय करीब 09.45 बजे थाना क्षेत्र रूरा से मात्र 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उमाशंकर की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद चाकू बरामद किया गया । थानाध्यक्ष शिवनारायण सिंह ने बताया कि गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार माती कानपुर देहात भेजा गया। अभियुक्त उमाशंकर ने पूछताछ करने पर बताया कि साहब हम तीन भाई है जिनमें सबसे बडा मैं हूँए दूसरे नम्बर पर गिरजाशंकर है तथा तीसरे नम्बर पर मृतक भाई रमाशंकर उम्र 26 वर्ष था। दिनांक 07.05.2024 को मेरा विवाद बंटवारे को लेकर मेरी माँ बादामी देवी से हो रहा था कि तभी बीच.बचाव करने मेरा छोटा भाई रमाशंकर आ गया और मैने उत्तेजित व गुस्से में आकर चाकू से रमाशंकर के सीने में वार करते हुए मार दियाए चाकू लगते ही रमाशंकर जमीन पर गिर गया था और उसके सीने से खून निकलने लगा था जिसे देखकर मैं घबरा गया था और उसी के डर से मैं छिपा हुआ था कि आप लोगों द्वारा पकड लिया गया।

# स्वर्णकार समाज से भाजपा प्रत्याशी को जितानें की अपील की


स्वर्णकार समाज के साथ मौजूद पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** लोकसभा चुनाव 2024 में कन्नौज लोकसभा भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को ऐतिहासिक जीत दिलानें के लिये पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय नें अखिल भारतीय व्यापार मण्डल नगर अध्यक्ष शिवमराज वर्मा के प्रतिष्ठान पर स्वर्णकार समाज के लोगों की बैठक लेकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की है।

बीती शाम नगर के सब्जीमण्डी स्थित अखिल भारतीय व्यापार मण्डल नगर अध्यक्ष शिवम राज वर्मा के प्रतिष्ठान कार्यालय पर पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय नें स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ जनों के साथ बैठक कर भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को भारी मतों से विजयी बनाने का आवाहन किया। इस दौरान स्वर्णकार समाज ने भी एकजुटता से नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ एक-एक वोट भाजपा को दिलानें का भरोसा दिलाया। इस दौरान भाजपा पिछड़ा वर्ग क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा, शत्रुघ्न लाल वर्मा, राकेश चंद्र वर्मा, सूरजभान सिंह वर्मा, सुभाष चंद्र वर्मा, कृष्ण चंद्र वर्मा, प्रताप चंद्र वर्मा, अरविंद वर्मा, रम्मू वर्मा आदि स्वर्णकार समाज के लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ

**फतेहपुर।** विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष की कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव थीम के भाव को हृदय में रखकर चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम जिला अस्पताल के महिला वार्ड व पोषण पुनर्वास केंद में भर्ती सभी महिलाओं व बच्चों को फल बिस्कुट वितरित किया तत्पश्चात रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने फीता काटकर किया। रेडक्रास के संस्थापक सर जॉन हेनरी ड्यूनेंट की प्रतिमा में जिलाधिकारी ने माल्यार्पण किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रतिमा में पुष्पांजलि दी। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रभाकांत सिंह को बैज अलंकृत कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। साथ ही विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे कृष्णा के साथ जिलाधिकारी ने केक काटकर बच्चे को खिलाकर उपहार भेंट किया।



रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

रक्तदानियों में डॉ. निशात शहाबुद्दीन जिला क्षय रोग अधिकारी, प्रवीण सिंह, पवन कुमार, हिमांशु श्रीवास्तव सहित दस लोग रहे। इस अवसर पर सोसाइटी वॉइस चेयरमैन डॉ. रजिया सुल्ताना, सचिव अजीत सिंह, आजीवन सदस्य डॉ. वीके चौधरी, राजा सिंह कछवाह, संजय श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, गोरेलाल, भक्तदास, रामगोपाल कश्यप, विवेक कुमार, पुनीत वीर विक्रम, कल्पना सिंह, मनीष कुमार, रक्तकेन्द्र प्रभारी डॉ चंद्रावती सहित इंडियन रेडक्रास सोसाइटी रक्तकेन्द्र समिति से कौशल श्रीवास्तव, दीपाली वर्मा, स्वाती भदौरिया, अखिलेश कुमार, पूजा तिवारी, बृज किशोर, सुभाष मौर्य, राजू कैथवास उपस्थित रहे।

# भोगनीपुर विधानसभा के मतदेय स्थलों का किया अधिग्रहण

**कानपुर देहात।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित कानपुर देहात जनपद में समाविष्ट 208.भोगनीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के 403 मतदेय स्थलों यथा प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पूर्व माध्यमिक विद्यालयों, हायर सेकेण्डरी स्कूलों, जूनियर हाई स्कूलों, इंटर कालेजों, महाविद्यालयों, मण्डी समिति पुखरायां, पंचायत भवन एवं नगर पालिका परिषद पुखरायां आदि के भवनों व उनके सम्पूर्ण परिसर एवं फर्नीचर सहित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मैं, आलोक सिंह, जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी, कानपुर देहात लोक सभा सामान्य निर्वाचन.2024 हेतु पंचम चरण के मतदान 20.05.2024 के लिए दिनांक 18.05.2024 से दिनांक 23.05.2024 तक की अवधि के लिए अधिग्रहीत करता हूँ।

## क्विक न्यूज

### बहन को ब्लैकमेल करने पर भाईयों ने युवक को गला घोटकर कर दी थी हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

**हमीरपुर।** जिले के जलालपुर क्षेत्र में एक सप्ताह पहले बरामद लाश का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर लिया है। बहन के परेशान व ब्लैकमेल करने पर सगे भाई ने चचेरे भाई की मदद से युवक का गला घोटकर कर हत्या कर दी थी। लाश को तालाब के किनारे फेक दिया था। पुलिस ने सगे भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चचेरे भाई की तलाश पुलिस कर रही है। क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी सचिन (20) की लाश 29 अप्रैल 2024 को गांव के किनारे तालाब के पास पुलिस ने बरामद किया था। मृतक के पिता दिल्लीपत ने गांव के सतीश व तीन अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने सतीश को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने बताया कि गांव का सचिन उसकी बहन के रोजाना परेशान करता था उसके पास बहन के फोटो थे जिसे वह वायरल करने की धमकी देता था। यही नही सतीश ने बताया कि उसकी बहन की इस्टाग्राम में उसकी स्टोरी लगा दी थी। जिससे बहन की शादी में बाधा आ रही थी। सतीश ने अपने चचेरे भाई नितिन पुत्र श्रीपत के साथ मिलकर सचिन की गला घोटकर हत्या कर दी थी, लाश को तालाब के किनारे फेक दिया था। पुलिस ने सतीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वही उसके चचेरे भाई नितिन की तलाश जारी है।

### डीजे करंट से युवक की मौत, हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के बेरीपुर सरांय शहजादा निवासी रमेश पटेल पुत्र छोटेलाल मंगलवार की देर रात अपने मित्र धीरज की शादी की सालगिरह में शामिल होने उसके गांव करसवां गया था। रात लगभग ग्यारह बजे डीजे करंट की चपेट में आ जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई अनिल ने बताया कि रात उसका भाई अपने मित्र धीरज की शादी की सालगिरह में शामिल होने गया था। उसकी डीजे के करंट से मौत नहीं हुई है बल्कि उसकी हत्या की गई है।

### आज आएंगे नड्डा, तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**फतेहपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कल बिंदकी नगर स्थित रामलीला मैदान आएंगे जहां भा.ज.पा. प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा की तैयारियों को लेकर पार्टी के जिम्मेदारों ने पूरी ताकत झोंक दी है। हेलीपैड व जनसभा स्थल के साथ ही मंच को लेकर जिम्मेदार संजीदगी से डटे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह व कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल भी उपस्थित रहेंगे।

### फॉसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** पत्नी से बहस होने के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ उसकी स्थिति मके सुधार आया। थाना क्षेत्र के धुसरामऊ गांव निवासी आजाद 26 पुत्र पप्पू अली ने पारिवारिक ग्रह कलह चलते फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने जब जाना तो किसी तरह बचाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां उपचार हुआ और उसकी स्थिति में सुधार आया।

### आपरेटर का बदमाशो ने छीना बैंग, पुलिस के हवाले

**मौदहा, हमीरपुर।** मंगलवार की रात एक प्रतिष्ठान पर बैठे कंप्यूटर ऑपरेटर को बदमाशों ने मारपीट उसका बैग छीन लिया। भाग रहे बदमाशों में जनता ने एक आरोपी को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। अतुल कुमार गुप्ता नगर के क्रय विक्रय समिति में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर तैनात है। तहसील रोड के एक प्रतिष्ठान पर बैठा हुआ था तभी अचानक दो युवकों ने वहां पहुंच छीना झपटी करते हुए अतुल के साथ मारपीट करते हुए उसका बैग छीन भाग खड़े हुए। शोर सुनकर आसपास आसपास मौजूद लोगों ने भाग रहे युवकों में एक आरोपी को दबोच बैग अतुल को सौंप उसे मारपीट कर कोतवाली पुलिस को बुला उनके हवाले कर दिया। अतुल के बैग में एक लैपटॉप वह जरूरी कागजात समय कुछ रुपया भी रखा हुआ था। आरोपी सरफुद्दीन निवासी कम्हरिया को गांजे के मामले में जेल भेज लूट जैसी घटना होने से इनकार किया है। यह घटना नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### ट्रेन से गिरकर यात्री घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** ट्रेन में यात्रा कर रहे एक वृद्ध का पैर फिसल जाने से प्लेटफार्म में गिरकर घायल हो गया मौदहा के सा. स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया यात्रा कर रहे लालाराम घाटमपुर निवासी घाटमपुर से बांदा की ओर ट्रेन में यात्रा कर रहा था तभी रगोल स्टेशन में ट्रेन रुकने पर किसी काम से नीचे उतर रहा था तभी पैर फिसल जाने से प्लेटफॉर्म पर नीचे आ गिरा ओर वह घायल हो गया वहां मौजूद रेलवे कर्मी व अन्य यात्रियों की मदद से सामु. स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# रोहिणी नक्षत्र में 10 को मनाई जाएगी अक्षय तृतीया

**फतेहपुर।** अक्षय तृतीया का पावन पर्व कल यानि 10 मई को उल्लास, परंपरा के साथ मनाया जाएगा। इसे अबूझ मुहूर्त का दिन कहा जाता है। हालांकि इस बार गृहीय योग के कारण अक्षय तृतीया पर शहनाई नहीं बजेगी क्योंकि इस बार शादी की शुभ मुहूर्त नहीं है। अक्षय तृतीया पर पूजन-अर्चन करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि इस दिन सोना, चांदी और आभूषण खरीदने से जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ती है। इस दिन किए गए शुभ कार्य से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। आचार्य भृगुनंदशन शुक्ला के अनुसार तृतीया तिथि शुक्रवार को सुबह 5.31 बजे शुरू हो जाएगी जो शनिवार को भोर 4.37 बजे तक रहेगी। इसलिए पूरा दिन तृतीया तिथि का मान रहेगा। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु, गणेश जी और कुबेर की विधिविधान से पूजा की जाएगी। उदयकालिक तिथि में तृतीया तिथि व्याप्त न होने से इसे छयतवी तृतीया कहा जाएगा। शुक्रवार को रोहिणी नक्षत्र दोपहर में 12.23 बजे तक रहेगा। उसके बाद मृगशिरा नक्षत्र शुरू हो जाएगा।

# शासन ने पहली बार पांच साल पहले निर्मित सड़को का पूरा व्यौरा अचानक किया तलब

**हमीरपुर।** जिले में बुधवार को अचानक शासन ने पहली मर्तबा लोनिवि से जिले की पांच साल पूर्व बनायी गयी प्रमुख सड़को की फोटो व उनकी स्थिति की रिपोर्ट तुरंत मांगने पर विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन विभाग ने अभियंताओं की टीमे गठित कर सड़को की स्थिति व फोटो शाम तक भिजवायी है। लोनिवि के निर्माण खंड द्वितीय के सहायक अभियंता विनोद यादव बूधवार को बताया कि शासन ने आज दोपहर एक सूची जारी की जिसमे व सड़को के रुट अंकित थे उन सडको की स्थिति व फोटो ग्राफ तुरंत भिजवाने को कहा था,आदेश आते ही लोनिवि प्रांतीय खंड,निर्माण खंड प्रथम, दिवतीय के सहायक अभियता व अवर अभियंताओं ने क्षेत्र मे दौरा कर रिपोर्ट संग्रह कर शासन को भिजवायी है। सहायक अभियंता का मानना हैकि शासन की मंशा क्या है इसका कुछ जानकारी नही हो पायी है। रिपोर्ट बेहद गुप्त रखी गयी है,अनुमान है कि बुन्देलखंड में सड़के समये से पहले टूट जाती है क्योकि यहा पर ओवरलोड ट्रक निकलते है। जिससे कुछ नयी टेक्नालाजी विकसित करने का विचार चल रहा होगा. वही विभागीय अभियंताओं ने बताया कि शासन का मानना है कि सड़को के लिये जो बजट दिया जाता है उसका सुदपोयग हो रहा है या नही इसकी जानकारी की जा रही है प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता आरके वर्मा ने बताया कि सड़को फोटो ग्राफ व संबंधित सड़को मं खर्च होने वाली धनराशि व मरम्मत की तिथि व उसमे आवंटित धन का व्योरा भेज दिया गया है। शासन क्या निर्णय लेता है इसकी जानकारी बाद मे हो पायेगी। यह अभियान तो पूरे प्रदेश में रखा गया है मगर हमीरपुर जिले में पैचिंग वर्क व एसआर रोड यानी स्पेशल रिपेयरिंग रोडों को लिये हर साल लाखों रुपये का बजट आता है मगर बजट को ठिकाने लगा दिया जाता है। जिले में यदि सही प्रकार जांच हो गयी तो ज्यादातर अभियंताओं के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है।

# निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी हैं जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटः जिलाधिकारी

● सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट अपने अधिकार व दायित्वों को समझें: डीएम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन.2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से तैनात किये गये जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटो की बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए दो पालियों में कलेक्ट्रेट में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने में सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों के रूप में तैनात किए गए अधिकारी अपने दायित्वों की गंभीरता को समझें और निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रत्येक स्तर पर कार्यवाहियों के संबंध में कोई संदेह न रहे, यह भी सुनिश्चित करें। समयबद्धता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखते हुए मतदान को निर्बाध रूप से पूर्ण कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से बूथों के भ्रमण के दौरान की स्थिति के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और जरूरी निर्देश दिए।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मतदान दिवस में पोलिंग पार्टियों के साथ साथ सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों की सक्रियता मतदान कार्यक्रम को सफल बनाती हैं। सभी को व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी जा चुकी है। मंडी परिसर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर उन्हें संबंधित बूथों पर पहुंचने, मतदान संपन्न कराने के साथ.साथ ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें जमा करने तक सेक्टर मजिस्ट्रेट गंभीरतापूर्वक सक्रिय रहेंगे।

ईवीएम जमा होने के बाद संबंधित रिटर्निंग आफिसरों की अनुमति से ही सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट वापस जाएंगे। किसी भी अधिकारी का फोन स्वीच ऑफ नहीं होना चाहिए, यह भी सुनिश्चित करें। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन में जोनल व सेक्टर ऑफिसर की महती भूमिका है, इसलिए सौंपे गए दायित्वों का सजगता, सतर्कता व विवेकपूर्ण तरीके से निर्वहन करें। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 53 मास्टर ट्रेनर, 24 जोनल मजिस्ट्रेट, 207 सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षित किया गया।

# संविधान मंथन का है यह लोकसभा चुनावः अखिलेश यादव

**संडीला ( हरदोई )।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि देश में भाजपा के विरुद्ध जबरदस्त लहर चल रही है और इंडिया गठबंधन की नई केन्द्र सरकार बनने जा रही है। इस सरकार के शपथ लेते ही समाज के सभी वर्गों को न्याय प्रदान किया जाएगा। अग्निवीर योजना बंद होगी तथा युवाओं को पक्की नौकरी मिलेगी। सपा की मिश्रिख संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी संगीता राजवंशी के पक्ष में चुनाव प्रचार हेतु आए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ब्रहम्माण्ड की सबसे झूठी पार्टी है। इस पार्टी ने केवल और केवल झूठ बोलकर जनता को धोखा दिया। न तो किसानों की आय दुगनी हुईए न युवाओं को रोजगार मिला तथा देश की जनता को भीषण महंगाई में झोंक दिया गया।

किसानों की खेती करने की लागत महंगी हुई। कठिन परिश्रम और आवारा जानवरों से संघर्ष करके तैयार की गयी फसल का लाभदायक मूल्य भाजपा सरकार ने नहीं दिया। कृषि के तीन काले कानूनों का शांतिपूर्ण ढंग से विरोध करने वाले किसानों में से 1000 से अधिक किसान शहीद हो गये। काले कानून तो वापस हो गए लेकिन किसानों को एमएसपी की गारंटी नहीं मिली। किसानों के छोटे मोटे कर्ज तो नहीं माफ हुए लेकिन उद्योग पतियों के 16 लाख करोड़ के कर्ज माफ कर दिए गए। भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों के लिए एक नया नियम बनाया कि 5 करोड़ से अधिक के बकायादारों के ही कर्ज माफ़ होंगे और इसकी आड़ में सारे बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर दिए गए। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों के कर्जे मांफ़ होंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट में भारत के युवाओं में 83 प्रतिशत बेरोजगारी है। आज युवा रोजगार के लिए परेशान हैए जबकि बीजेपी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। अब तक 10 परीक्षाओं के तो यूपी में ही पेपर लीक हो चुके हैं। उन्होंनें कहा कि इससे 60 लाख युवाओं का भविष्य चौपट हुआ। यदि हम 60 लाख युवाओं के परिवारों में औसत 3 सदस्य मान लें तो कुल 1 करोड़ 80 लाख लोग होते हैंए और यदि इनको हम 80 लोकसभा क्षेत्रों में बांटें तो 2 लाख 25 हजार होते हैं। अर्थात् प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 2 लाख 25 हजार लोग भाजपा की पेपर लीक से नाराज हैं और यह सब इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कर रहे हैं। उन्होंनें कहा कि फौज में मात्र 4 वर्ष के लिए अग्निवीर की भर्ती शुरू की गयी है और 22 वर्ष में युवक को रिटायर कर घर भेजने की योजना है। सरकार बनते ही हम इसे खत्म करेंगे और फौज में युवाओं को पक्की नौकरी देंगे। उन्होंनें कहा कि भाजपा ने जबरदस्ती कोविड वैक्सीन लगवाकर लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया और इलेक्टोरल बॉड के माध्यम से लंबा चंदा लिया। सच्चाई सामने आने पर अब दिल्ली वालों ने सर्टिफिकेट से अपनी फोटो भी हटवा ली। उन्होंनें कहा कि भाजपा के नेतागण 400 सीटें लाने की बात सविधान बदलने के लिए कर रहे हैं, जिसे हम कतई होने नहीं देंगे।

# बूथ स्तर तक पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में बनाएं माहौल

**फतेहपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की बैठक नासिरपीर रोड स्थित एक गार्डेन में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोजपा किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजू पासवान ने किया। संचालन आचार्य श्रीकांत शुक्ला ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि एनडीए गठबंधन के तहत लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति को जिताने के लिए गांव-गांव प्रचार प्रसार कर रही है। साथ ही अपने कार्यकर्ताओं को कहा कि बूथ स्तर तक पहुंच कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाएं। भाजपा की उपलब्धियां को गिनाए। जितना विकास भाजपा के कार्यकाल में हुआ है उतना विकास पहले की सरकारों में कभी नहीं हुआ। लिहाजा विकास के मुद्दे को लेकर लोजपा के सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में जनता के बीच में जाएं और इन्हीं उपलब्धियां को बताकर भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील करें।

# अमित शाह ने लोस प्रत्याशी अजय मिश्र के चुनाव प्रचार में किया जनसभा

**लखीमपुर खीरी।** आज दिनांक 08.05.2024 को भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र ष्टेनी के चुनाव प्रचार प्रसार हेतु लखीमपुर शहर के राजकीय इण्टर कालेज मैदान लखीमपुर में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अमित शाह जमाननीय गृह मंत्री भारत सरकार रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र ष्टेनीष् के चुनाव प्रचार प्रसार हेतु विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमित शाह गृह मंत्री, भारत सरकार ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी और एनडीए 2024 में 400 की ओर मजबूती से आगे बढ़ रही है। सपा, बसपा, कांग्रेस इनका सूपड़ा साफ हो गया है। मैं देश भर में जाता हू लगभग 250 सीटों पर गया तो वहां लोग कहते है कि हमारे सांसद को मंत्री बना दीजिएगा मगर खीरी वालो आपको तो हमने मंत्री देने का काम किया। यह चुनाव मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का है। इस बार मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के साथ ही 3 करोड़ गरीब बहनों को लखपति बनाने का काम किया जाना है। तीन लाख गांव में डेयरी बनाकर पशुपालन के साथ लोगों को मजबूत बनाने का काम है। आपने उत्तर प्रदेश से 73 सीटें दी मैं आज आपसे कहकर जाता हू इस बार 80 की 80 सीटें मोदी जी की झोली में जाएगी। आज मैं आपसे कहना चाहता हू कि यह सपाए बसपा और कांग्रेस वाले झूठा प्रचार करके भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी को बदनाम करते है। विपक्षी दल वाले कहते है कि मोदी जी को 400 सीट दोगे तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। आपको बता दूं कि पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर अगर किसी ने डांका डाला है तो वह कांग्रेस पार्टी है। राहुल गांधी कहते है कि हम 1 झटके में गरीबी मिटा देंगे मगर इनसे कोई बताए कि यह अपना पिछला रिकार्ड देखे कि इनकी दादी ने एक झटके में आपातकाल लगाया था और आपके पिता जी ने एक झटके में तीन तलाक को फिर से इन्ट्रीड्यूज कर दिया और आपकी पार्टी ने एक झटके में पिछड़ा समाज का आरक्षण छीनने का काम किया है। जो बाहर से भारत में आए है हिन्दूए सिक्खए बौद्धए जैन आदि सभी को नागरिकता देने का कानून सीएए लेकर आए है। आपके जिले में भी बहुत से लोगों के पास नागरिकता नहीं हैं आप सभी बताए इनको नागरिकता मिलनी चाहिए या नहीं। यह राहुल गांधी कहते है कि वह सीएए को हटा देंगे। हम मोदी जी के नेतृत्व में एक.एक पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए हुए लोगों को नागरिकता देकर उसका सम्मान करेंगे। आपका इस देश पर उतना ही अधिकार है जितना इस देश में मेरा और मेरे देशवासियों का है। मोदी जी ने इस देश को आतंकवाद से मुक्त कराने का काम किया है। वह सोनिया और मनमोहन की सरकार थी 10 साल उनकी सरकार चली आए दिन आतंकवादी पाकिस्तान से घुस आते थे बम धमाके करते थे और चले जाते थे। आपने मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया मोदी जी ने बहुत चाक चौबंद व्यवस्था की उरी और पुवामां में पाकिस्तान ने गलती करी बम धमाका किए परिणाम क्या आए कि 10 ही दिन में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके मोदी जी ने घर में घुसकर पाकिस्तान के आतंकवादियों का सफाया करने का काम किया है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र ष्टेनीष् ने कहा कि भाजपा एक राजनैतिक दल के साथ.साथ एक परिवार है और हम सब आम बोल चाल की भाषा में यही कहते है कि भारतीय जनता पार्टी परिवार है या भाजपा परिवार है ऐसे बोलते है परिवार जैसे हम लोगों के समाज में है अपने देश में है कि परिवार के सभी सदस्य हमेशा साथ खड़े होते है किसी भी सदस्य के ऊपर कोई समस्या आती है या सुख दुख आता है तो हम सब मिल बांट करके ही सारी चीजों को करते है। उस दृष्टि से मैं आपको यह विश्वास दिलाता हूं कि हम सब आपके सुख दुख मान सम्मान स्वाभिमान जहां कही भी आवश्यकता होगी हम सदैव आपके साथ खड़े रहेंगे। 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भाजपा की तरफ से प्रधानमंत्री का प्रत्याशी घोषित किया गया जो कि उस समय गुजरात प्रदेश के मुख्यमंत्री थे।

# लिव इन रिलेशनशिप भारतीय संस्कृति के लिए कलंक

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक मामले में मुस्लिम पिता और हिंदू माता से उत्पन्न बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता को देने से इनकार कर दिया



**भाषा।** बिलासपुर

**छत्तीसगढ़** उच्च न्यायालय ने लिव इन रिलेशनशिप को भारतीय संस्कृति के लिए कलंक बताते हुए मुस्लिम पिता और हिंदू माता से उत्पन्न बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता को देने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय के अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय में न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस. अग्रवाल की खंडपीठ ने पहले से विवाहित अब्दुल हमीद सिद्दीकी (43) और 36-वर्षीया एक हिंदू महिला के लिव इन रिलेशनशिप से जन्म लिए एक बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता (सिद्दीकी) को देने से इनकार कर दिया है। खंडपीठ ने कहा है, समाज के कुछ वर्गों में लिव इन रिलेशनशिप भारतीय संस्कृति में कलंक के रूप में जारी है। इस तरह का संबंध एक आयातित धारणा है, जो भारतीय रीति की सामान्य अपेक्षाओं के विपरीत है। अदालत ने कहा है, एक विवाहित व्यक्ति के लिए लिव इन रिलेशनशिप से बाहर आना बहुत आसान है और ऐसे मामलों में उक्त कष्टप्रद लिव इन रिलेशनशिप में धोखा खा चुकी महिला की वेदनीय स्थिति और उक्त रिश्ते से उत्पन्न संतानों के संबंध में अदालत अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती है। उच्च न्यायालय ने दो अलग-अलग धर्मावलंबियों के बीच के ऐसे रिश्ते की पृष्ठभूमि में स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत कानून के प्रावधानों को किसी भी अदालत के समक्ष तब तक वैध ठहराने की दलील नहीं दी जा सकती जब तक कि इसे (कानूनी) प्रथा के रूप में पेश और साबित नहीं किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा जिले का निवासी अब्दुल हमीद सिद्दीकी तीन वर्ष से एक हिंदू महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था, जबकि उसकी (सिद्दीकी की) पहली पत्नी से तीन बच्चे भी हैं। उन्होंने बताया कि लिव-इन में रहते हुए हिन्दू महिला ने अगस्त 2021 में एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन बाद में अचानक 10 अगस्त 2023 को महिला अपने बच्चे के साथ लापता हो गई। उन्होंने बताया कि अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने वर्ष 2023 में उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की, जिसकी सुनवाई के दौरान महिला अपने माता-पिता एवं बच्चे के साथ पेश हुई। अधिकारियों के अनुसार, महिला ने अदालत को बताया कि वह अपनी मर्जी से अपने माता-पिता के साथ रह रही है।इधर, बच्चे से नहीं मिलने देने पर सिद्दीकी ने कुटुम्ब अदालत, दंतेवाड़ा में अर्जी दायर की। उसने प्रार्थना की कि वह अपने बच्चे की परवरिश करने में सक्षम है, इसलिए उसे बच्चे को सौंप दिया जाए।अधिकायों ने बताया कि कुटुम्ब अदालत ने उसकी अर्जी 2393ाारिज कर दी। तब सिद्दीकी ने इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की। याचिका में दलील दी गई थी कि उसने (सिद्दीकी ने) मुस्लिम कानून के तहत दूसरी शादी की है और उसका विवाह वैध है। उसने साथ ही बच्चे के संरक्षण का अधिकार हासिल करने का भी अनुरोध अदालत से किया। उन्होंने बताया कि अदालत में महिला की तरफ से दलील दी गई कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह वैध नहीं है तथा लिव-इन संबंध उत्पन्न संतान पर उसका (सिद्दीकी का) हक नहीं बनता है।

## लिव-इन जोड़ीदार से दुष्कर्म के आरोप से विवाहित व्यक्ति बरी, अनुबंध बना मददगार

**इंदौर** (मध्यप्रदेश)। इंदौर की जिला अदालत ने 34 वर्षीय व्यक्ति को अपनी लिव-इन जोड़ीदार से दुष्कर्म, जबरन गर्भपात और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों से बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खास बात यह है कि दोषमुक्ति में एक अनुबंध इस विवाहित व्यक्ति का मददगार साबित हुआ जिसमें 29 वर्षीय महिला ने इस बात पर सहमति जताई थी कि वह सात दिन उसके साथ और सात दिन अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। अधिकारी ने बताया कि महिला ने इस व्यक्ति के खिलाफ शहर के भंवरकुआं पुलिस थाने में 27 जुलाई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार बलात्कार किया, जबरन गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात कराया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी।अपर सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह ने तथ्यों और सबूतों पर गौर करने के बाद इस व्यक्ति को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (दो) (एन) (महिला से बार-बार बलात्कार), धारा 313 (स्त्री की सहमति के बिना उसका गर्भपात कराना) और धारा 506 (धमकाना) के आरोपों से 25 अप्रैल को बरी कर दिया।

## निजी पक्षों को दिए गए अनुबंधों को बिना कारण बताए निरस्त नहीं किया जाना चाहिए: न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश के विरुद्ध एक अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि निजी पक्षों को दिए गए अनुबंधों को बिना कारण बताए रद्द नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि अनुबंध हासिल करने के बाद निवेश करने वाले निजी क्षेत्र के लोगों को बदले में कुछ प्राप्त होने की उचित आकांक्षा होती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, बिना कारण बताए किसी अनुबंध को कैसे समाप्त किया जा सकता है? मामले के तथ्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अनुबंध निरस्त करने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने 25 मई, 2023 को एकल पीठ के उस फैसले को कायम रखा जिसने सुबोध कुमार सिंह राठौड़ की अगुवाई वाली एक कंपनी को दिया गया ठेका निरस्त करने को मंजूरी दे दी थी।

## शाह के फर्जी वीडियो की जांच: पुलिस को कांग्रेस के अरुण रेड्डी की मुख्य भूमिका होने का संदेह

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को संदेह है कि कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय समन्वयक अरुण रेड्डी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो बनाने वाले मुख्य व्यक्ति हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हैदराबाद के रहने वाले रेड्डी को तीन मई को पश्चिमी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी के बाद उन्हें एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें तीन दिन के लिए दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की हिरासत में भेज दिया। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, फर्जी वीडियो मामले में जांच से कुछ और नामों का खुलासा हुआ है जिनके रेड्डी का सहयोगी होने का संदेह है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि इन लोगों ने रेड्डी को फर्जी वीडियो बनाने और चुनाव के दौरान गलत सूचना फैलाने के लिए इसे सोशल मीडिया पर साझा करने में मदद की। आधिकारिक सूत्र ने बताया कि रेड्डी के पास से जब्त किए गए मोबाइल फोन और लैपटॉप की जांच रिपोर्ट फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) से आनी अभी बाकी है। लेकिन अब तक जांचकर्ताओं ने यह संकेत दिया है कि वह (रेड्डी) फर्जी वीडियो बनाने वाले मुख्य लोगों में शामिल थे। आधिकारिक सूत्र ने बताया कि 28 अप्रैल को मामला दर्ज होने के बाद से तेलंगाना में डेरा डाल रखी विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम ने साक्ष्य जुटाने के लिए सोमवार और मंगलवार को हैदराबाद में कई स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने कुछ लोगों से पूछताछ भी की। प्रकोष्ठ ने गृह मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बाद में इसमें आपराधिक साजिश की धारा भी जोड़ दी। उक्त शिकायत शाह के एक फर्जी वीडियो के बारे में है, जिसमें उनके बयान को बदल दिया गया था। उन्होंने अपने बयान में, तेलंगाना में धार्मिक आधार पर मुसलमानों का आरक्षण खत्म करने की प्रतिबद्धता का संकेत दिया था, जिसे वीडियो में बदल कर इस तरह से दर्शाया गया जैसे कि वह सभी आरक्षण को खत्म करने का समर्थन कर रहे हों।


## मोदी वोट के लिए हिंदू और मुसलमानों को बांट रहे हैं : फारूक



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर वोटों की खातिर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया और जनता से उन्हें सत्ता से बाहर करने का आग्रह किया। यहां ईदगाह इलाके में पार्टी उम्मीदवार सैयद रुहुल्ला मेहदी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने कहा, वे मुसलमानों और हिंदुओं के बीच नफरत फैला रहे है। भारत के प्रधानमंत्री को ऐसी बातें शोभा नही देती। जब वह देश से बाहर जाते है तो वह हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध सभी के प्रधानमंत्री होते है। लेकिन, जब वह यहां वोट मांगते है तो हमें बांटने की कोशिश करते है। उन्होंने कहा कि भाजपा भगवान राम के बारे में ऐसे बात करती है जैसे राम पहले अस्तित्व में ही नहीं थे और उन्होंने पाकिस्तान के एक विद्वान का हवाला दिया जिन्होंने राम और बुद्ध दोनों के बारे में लिखा है। अब्दुल्ला ने कहा, लाहौर के एक प्रसिद्ध धार्मिक विद्वान डॉ. इसरार अहमद ने राम और गौतम बुद्ध के बारे में लिखा है कि इन दोनों को ईश्वर ने लोगों को प्रभु का मार्ग दिखाने के लिए भेजा था। वे अब बुद्ध को भूल गए है और दावा करते है कि वे राम को लाए है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने 2019 के पुलवामा हमले के लिए भी केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान मारे गए थे। उन्होंने कहा, तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने खुद कहा था कि (विस्फोटक से लदी) कार तीन हफ्ते तक घूमती रही और जब वह घटनास्थल पर पहुंची तो निर्दोष लोग शहीद हो गए। उन्होंने कहा, उन्होंने (मलिक ने) प्रधानमंत्री से कहा था कि यह हमारी गलती थी कि 40 सीआरपीएफ जवान मारे गए, लेकिन मोदी ने उन्हें चुप रहने के लिए कहा और कहा कि हमें दूसरे देश को दोष देना होगा।

## औरंगाबाद और उस्मानाबाद के नाम बदलने के महाराष्ट्र सरकार के निर्णय के विरुद्ध दायर याचिकाएं हुईं खारिज

**भाषा।** मुंबई



**बंबई** उच्च न्यायालय ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं बुधवार को खारिज कर दीं और कहा कि नाम में क्या रखा है? मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि याचिकाओं में दम नहीं है तथा राज्य सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना में किसी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। पीठ ने कहा, हमें यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना में कुछ भी गैरकानूनी या कानूनी खामी नहीं है।

विलियम शेक्सपीयर के नाटक रोमियो एंड जूलियट को उद्धृत करते हुए पीठ ने अपने फैसले में कहा, नाम में क्या रखा है? भले ही, हम गुलाब को किसी अन्य नाम से पुकारें लेकिन उससे सुगंध ही तो आएगी न। पीठ ने कहा कि शेक्सपीयर ने नामों की प्रकृति पर गहरा अध्ययन किया। पीठ ने कहा कि नाम से कुछ नहीं बदलता और गुलाब को कोई अन्य नाम से पुकारने से इस फूल का सार (गंध) नहीं बदल जाएगा। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि महाराष्ट्र भूराजस्व संहिता राज्य सरकार को किसी राजस्व क्षेत्र को समाप्त करने तथा किसी क्षेत्र का नामकरण करने या उसका नाम बदलने की अनुमति देती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि उसे इस निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई हिचक नहीं है कि दो जिलों एवं शहरों का नाम बदलने का निर्णय लेने से पहले सरकार ने वैधानिक प्रावधानों का पालन किया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि उसकी राय है कि एक राजस्व क्षेत्र या यहां तक कि एक शहर या नगर के नाम में बदलाव का मुद्दा सुनवाई योग्य नहीं है क्योंकि अदालतों के पास ऐसे मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए उपयुक्त साधन नहीं है।

### मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने निर्णय का स्वागत किया



**छत्रपति** संभाजीनगर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलकर क्रमशः छत्रपति संभाजीनगर और धाराशिव करने पर बंबई उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इस कदम का विरोध करने वाले लोग विपक्षी महाविकास अघाडी (एमवीए) गठबंधन से जुड़े हुए हैं। शिंदे ने यहां संवाददाताओ को संबोधित करते हुए कहा कि जून 2022 मे तत्कालीन एमवीए सरकार का औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलने का फैसला अवैध था क्योंकि उनके (शिंदे) नेतृत्व में अविभाजित शिवसेना के एक वर्ग की बगावत के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन अपना बहुमत खो चुका था।एमवीए सरकार गिरने के बाद 30 जून, 2022 को शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके मंत्रिमंडल ने औरंगाबाद का नाम छत्रपति संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम धाराशिव करने को मंजूरी दी। 1

## सीबीआई ने इनेलो नेता नफे सिंह राठी हत्याकांड की जांच अपने हाथों में ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के समीप बहादुरगढ़ में फरवरी में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गई इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी एवं एक पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की जांच अपने हाथों में ले ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस हमले में राठी के तीन निजी सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए थे। हमलावरों ने पूर्व विधायक राठी की गाड़ी पर गोलीबारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने इस संबंध में फिर से यह मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल की एक अधिसूचना के मार्फत केंद्र द्वारा यह मामला सीबीआई के पास भेजी गई थी। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले में पूर्व भाजपा विधायक नरेश कौशिक समेत सात आरोपियों को नामजद किया है। अन्य छह आरोपी करमबीर राठी, रमेश राठी, सतीश राठी, गौरव राठी, राहुल एवं कमल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में आपराधिक साजिश, हत्या तथा भादंसं की अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अज्ञात हमलावरों ने 25 फरवरी को राठी (67) की गाड़ी पर गोलियां चलाई थीं। इस हमले में राठी और इनेलो के कार्यकर्ता जय किशन की मौत हो गई थी। राठी 1996 और 2005 में बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे।राठी पर हमला लोकसभा चुनाव से महज दो महीने पहले हुआ था, ऐसे में विपक्ष ने हरियाणा सरकार की कड़ी आलोचना की थी। विपक्ष ने भाजपा शासित हरियाणा में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर प्रश्न उठाया था। इस हमले में बाल बाल बच गए चालक राकेश के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक सफेद रंग की एक कार राकेश की कार का पीछा कर रही थी, तब राकेश ने अपनी कार की रफ्तार तेज कर दी लेकिन बराही रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण उसे कार रोकना पड़ा।

## हैकर श्रीकृष्णा 32 करोड़ रुपए मूल्य की 62 बिटकॉइन की चोरी के मामले में गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की तुमकुरु पुलिस ने 32 करोड़ रुपए मूल्य की 62 बिटकॉइन की चोरी के मामले में हैकर श्रीकृष्णा उर्फ श्रीकी को गिरफ्तार किया है। राज्य के गृहमंत्री डॉ.जी.परमेश्वर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 32 करोड़ रुपए मूल्य की बिटकॉइन की लेनदेन तुमकुरु में हुई थी। राज्य के गृहमंत्री ने कहा, जांच के दौरान उसे (श्रीकृष्णा उर्फ श्रीकी) वहां ले जाया गया और अब उसकी भूमिका की पुष्टि हो जाने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि श्रीकी को सोमवार रात को गिरफ्तार किया गया। परमेश्वर ने कहा, यह लेनदेन 32 करोड़ मूल्य की 62 बिटकॉइन की है। यह सब पूर्व में हुआ और तदनुसार उसे गिरफ्तार किया गया। वह इस मामले में अबतक गिरफ्तार होने वाला एकमात्र आरोपी है। मंत्री ने बताया कि बिटकॉइन घोटाले की जांच के लिए अलग से विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाया गया है और प्रकरण की तेजी से जांच चल रही है। उन्होंने कहा, यह बहुत ही महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। केंद्र भी एक अन्य बिटकॉइन घोटाले की जांच कर रहा है जो हमारे राज्य से जुड़ा नहीं है।

## भारतीय वन सेवा के लिए 147 उम्मीदवारों का हुआ चयन: संघ लोकसेवा आयोग

**नई दिल्ली,** संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा बुधवार को घोषित नतीजों के मुताबिक भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के लिए 147 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। यूपीएससी द्वारा जारी बयान के मुताबिक चयनित अभ्यार्थियों में सामान्य श्रेणी के 43, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)के 20, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 51, अनुसूचित जाति (एससी) के 22 और अनुसूचित जनजाति के 11 उम्मीदवार शामिल हैं। केंद्र ने बताया था कि परीक्षा के जरिए 150 रिक्तियों को भरा जाएगा। बयान में कहा गया कि भारतीय वन सेवा में चयन के लिए यूपीएससी ने 26 नवंबर से तीन दिसंबर 2023 के बीच लिखित परीक्षा कराई और 22 अप्रैल से एक मई 2024 के बीच साक्षात्कार लिया जिसके आधार पर 147 उम्मीदवारों को आईएफएस में नियुक्त करने की सिफारिश की गई है।

## आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने में कुमारस्वामी का हाथ



**चिकमगलुरू** (कर्नाटक)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने बुधवार को आरोप लगाया कि हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना से कथित तौर पर संबद्ध आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने में जद (एस) के नेता एच. डी. कुमारस्वामी का हाथ है, उन्हें ब्लैकमेलिंग में महारथ हासिल है और वह कहानी के मुख्य पात्र, निर्देशक और निर्माता हैं।प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शिवकुमार उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की कुमारस्वामी की मांग पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। कुमारस्वामी ने शिवकुमार को कथित सेक्स वीडियो प्रसारित करने का मुख्य साजिशकर्ता करार दिया था।कुमारस्वामी के भतीजे और जद(एस) के सांसद रेवन्ना (33) यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इस प्रकरण से कर्नाटक में राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है। मुद्दे को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा-जद(एस) के बीच जुबानी जंग जारी है।कांग्रेस सरकार ने मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल भाजपा और जद (एस) ने मांग की है कि इसे सीबीआई को सौंप दिया जाए। शिवकुमार ने कटाक्ष करते हुए कहा, कुमारस्वामी को (अश्लील वीडियो क्लिप वाली) पेन-ड्राइव मामले की पूरी जानकारी थी। एक वकील (देवराजे गौड़ा) और अन्य लोग ऐसा बोल रहे हैं। कुमारन्ना (कुमारस्वामी) मेरा इस्तीफा चाहते हैं, ऐसा लगता है कि वोक्कालिगा (समुदाय) के नेतृत्व के लिए प्रतिस्पर्धा है। वह चाहते हैं कि मैं उनके कहने पर इस्तीफा दे दूं। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, एक के बाद एक व्यक्ति को (राजनीतिक रूप से) खत्म करना उनका (कुमारस्वामी का) काम है। (कुमारस्वामी को) ब्लैकमेलिंग में उन्हें महारथ हासिल है...वह अधिकारियों, राजनेताओं, सभी को धमकी दे रहे हैं, इसके अलावा उनके पास करने के लिए और क्या है? उन्हें करने दीजिए।

## पंजाबी लेन में रहने वालों को दूसरी स्थाई जगह पर बसाया जाएगा: मेघालय के उप मुख्यमंत्री टिनसोंग

**शिलांग।** मेघालय के उप मुख्यमंत्री प्रेस्टोन टिनसोंग ने कहा कि यहां पंजाबी लेन इलाके के लोगों ने एक स्थाई जगह पर बसने का फैसला किया है और अंतिम निर्णय अगले महीने तक लिया जाएगा। इस विषय पर राज्य सरकार द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति के अध्यक्ष टिनसोंग ने हरिजन पंचायत समिति के सदस्यों और उप मुख्यमंत्री स्नियावभालंग धर से मुलाकात की। धर शहरी विकास विभाग का कामकाज भी देखते हैं।

## पेज 1 का शेष

### देश में...

बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय (हनफ़ी मुस्लिम) की हिस्सेदारी में 3.75 प्रतिशत की वृद्धि और कुल मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। पाकिस्तान में हिंदू आबादी पर पड़ने वाले जनसांख्यिकीय झटकों का सबूत उनकी हिस्सेदारी में गिरावट से मिलता है, 1950 में हिंदूओं की आबादी जहां 13 प्रतिशत से थी जो 2015 में घटकर सिर्फ़ 2 प्रतिशत रह गई है। यह 65 साल की अवधि में 80 प्रतिशत की भारी गिरावट है, जहां वैश्विक स्तर पर अल्पसंख्यकों की औसत वृद्धि 22 प्रतिशत रही। दिलचस्प बात यह है कि इसी अवधि में पाकिस्तान में ईसाइयों की हिस्सेदारी 1 से 2 प्रतिशत तक लगभग दोगुनी हो गई। म्यांमार में बौद्ध आबादी का हिस्सा 1950 में 84 प्रतिशत से 2015 में 10 प्रतिशत घटकर 75 प्रतिशत रह गई। इसी अवधि में, ईसाई आबादी का हिस्सा लगभग दोगुना (4 प्रतिशत से 8 प्रतिशत) हो गया और स्वदेशी धमों (जैसे एनिमिज्म और शैमनिज्म) का हिस्सा 25 प्रतिशत की वृद्धि (7 प्रतिशत से 9 प्रतिशत) देखी गई। अध्ययन में कहा गया है, 45 प्रमुख देशों में से, 1950 और 2015 के बीच 32 देशों में बहुसंख्यक आबादी का हिस्सा कम हो गया है, जबकि 13 देशों में धार्मिक बहुसंख्यकों ने आबादी में अपना हिस्सा बढ़ाया है। अध्ययनकर्ताओं का कहना है, कई तिमाहियों में शोर के विपरीत, डेटा का सावधानीपूर्वक विश्लेषण दिखाता है कि अल्पसंख्यक न केवल संरक्षित हैं, बल्कि वास्तव में भारत में फल-फूल रहे हैं। हमारे विश्लेषण में 167 देशों के लिए, 1950 के आधार वर्ष में बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय के हिस्से का औसत मूल्य 75 प्रतिशत है। इसका मतलब यह है कि वैश्विक स्तर पर बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय की हिस्सेदारी में लगभग 22 प्रतिशत की कमी आई है। दूसरे शब्दों में, अध्ययन के अंतर्गत आने वाली अवधि में दुनिया अधिक विषम हो गई है।

### भारतीयता...

रुख को निरर्थक बताया और गांधी परिवार के साथ पित्रोदा के करीबी संबंधों का हवाला दिया और तीखा हमला किया। पॉडकास्ट में पित्रोदा की टिप्पणियों ने उनकी पार्टी को एक और मुश्किल में डाल दिया है, इससे पहले उन्होंने कांग्रेस के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र पर चर्चा करते हुए अमेरिका में उत्तराधिकार कर को एक 'दिलचस्प कानून' बताया था, जिससे सत्तारूढ़ भाजपा को विपक्षी पार्टी पर 'संपत्ति के पुनर्वितरण' की नीति के तहत नागरिकों की संपत्ति पर नजर रखने का आरोप लगाने का एक मजबूत तरीका मिल गया था। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सलाहकार रहे पित्रोदा ने कहा, हम 75 साल बहुत खुशहाल माहौल में रहे हैं, जहां लोग एक-दूसरे के साथ रह सकते हैं, यहां-वहां कुछ झगड़े अलग हैं। हम भारत जैसे विविधतापूर्ण देश को एक साथ रख सकते हैं। जहां पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिम में लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर में लोग शायद गोरे जैसे दिखते हैं और दक्षिण में लोग अफ्रीकी जैसे दिखते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम सभी भाई-बहन हैं। हम अलग-अलग भाषाओं, अलग-अलग धर्मों, अलग-अलग रीति-रिवाजों, अलग-अलग भोजन का सम्मान करते हैं। पित्रोदा ने यह बात एक साक्षात्कार में कही, जिसे सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। इस संबंध में विवाद बढ़ने पर कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि भारत की विविधता को दर्शाने के लिए सैम पित्रोदा द्वारा दिए गए उदाहरण को दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बताया हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस तरह के संबोधन से खुद को पूरी तरह से अलग करती है। भाजपा ने विवादास्पद टिप्पणियों से कांग्रेस के अलग होने को खारिज हुए एक प्रेसवार्ता में कहा कि पित्रोदा का आतंकवाद और 1984 के सिख विरोधी दंगों सहित 'अपमानजनक और अपमानजनक' टिप्पणियां करने का इतिहास रहा है। 1984 की सांप्रदायिक हिंसा पर एक सवाल पर उनकी 'हुआ तो हुआ' (तो क्या) प्रतिक्रिया और पुलवामा आतंकी हमले में 'ऐसा हमेशा होता रहता है'। ये टिप्पणी उन दोनों घटनाओं के संदर्भ में थी जब 2019 में जब देश आम चुनाव के लिए तैयार हो रहा था, उनकी टिप्पणी ने बड़े पैमाने पर विवाद पैदा कर दिया और उनकी पार्टी ने खुद को इनसे दूर रखने की कोशिश की थी।

### मोदी ने...

पांच साल से एक ही माला जपते थे। पांच उद्योगपति फिर धीरे-धीरे कहने लगे अंबानी, अडाणी पांच साल से लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है इन्होंने अंबानी अडाणी को गाली देना बंद कर दिया। कांग्रेस प्रधानमंत्री पर गौतम अडानी और मुकेश अंबानी समेत देश के शीर्ष पांच उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाती रही है। कांग्रेस ने कहा कि वह आदमी जिसने अपनी पार्टी के लिए 8,200 करोड़ रुपये के चुनावी बांड एकत्र किए यह घोटाला इतना बड़ा था कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे असंवैधानिक घोषित कर दिया आज दूसरों पर आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि वह पूछना चाहते हैं तेलंगाना की जमीन पर शहजादा को घोषणा करने दीजिए, अंबानी-अडानी से कितना पैसा उठाया गया है। क्या कांग्रेस के पास इतनी बड़ी रकम पहुंच गई है कि रातों-रात अंबानी-अडानी को गाली देना बंद हो गया है। उन्होंने तेलंगाना के वेमुलावाड़ा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कहा। उन्होंने कहा, शहजादे घोषित करें कि इस चुनाव में अंबानी अडाणी से कितना माल उठाया है। काले धन के कितने बोरे भर के रुपए मारे हैं? क्या टेम्पो भर के नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं क्या। क्या सौदा हुआ है कि आपने रातों-रात अंबानी, अडाणी को गाली देना बंद कर दिया? जरूर दाल में कुछ काला है।

### भाजपा सरकार...

किसानों को कमजोर करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मंडियों से अब तक सरसों-गेहूं का उठान नहीं हुआ है और कई सप्ताह से किसानों का भुगतान पेंडिंग है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पूर्व गठबंधन सरकार ने फसल खरीद, उठान, भुगतान के लिए बेहतर व्यवस्था बनाई थी और उसके कारण किसानों को पिछले चार साल में कभी ऐसी समस्या नहीं आई। एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हिसार से जजपा उम्मीदवार नैना चौटाला के नामांकन के दौरान हिसार की जनता ने जो जोश दिखाया, उससे साबित होता है कि हिसार इस बार संसद में अपनी मजबूत आवाज नैना चौटाला को भेजेगा।


### दुष्प्रभाव पर....

वैक्सजेवरिया के लिए विपणन प्राधिकरण वापसी शुरू करने के लिए वैश्विक स्तर पर नियामक अधिकारियों के साथ साझेदारी करेंगे, जहां भविष्य में वैक्सीन की कोई व्यावसायिक मांग की उम्मीद नहीं है। कंपनी ने आगे कहा, हम अब नियामकों और अपने भागीदारों के साथ मिलकर इस अध्याय को समाप्त करने और कोविड-19 महामारी में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए एक स्पष्ट मार्ग पर काम करेंगे। एस्ट्राजेनेका ने कहा कि कंपनी को वैश्विक महामारी को समाप्त करने में वैक्सजेवरिया की भूमिका पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। कंपनी ने कहा, स्वतंत्र अनुमानों के अनुसार, अकेले उपयोग के पहले वर्ष में 6.5 मिलियन से अधिक लोगों की जान बचाई गई और वैश्विक स्तर पर तीन बिलियन से अधिक खुराक की आपूर्ति की गई। हमारे प्रयासों को दुनिया भर की सरकारों ने मान्यता दी है और व्यापक रूप से वैश्विक महामारी को समाप्त करने के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में माना जाता है। पिछले सप्ताह जारी एक बयान में एस्ट्राजेनेका ने उन लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की थी जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया या स्वास्थ्य समस्याओं की सूचना दी है, लेकिन रोगी सुरक्षा और सभी दवाओं के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए कड़े मानकों का पालन करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

### भारत....

वर्ष 2021 में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दस लाख से अधिक प्रवासी छात्र चीन से थे, जो विश्व स्तर पर अब तक की सबसे अधिक संख्या है और भारत के छात्रों की संख्या दोगुनी से भी अधिक है, जो दूसरे स्थान पर है (लगभग 508,000)। अमेरिका दुनिया में अंतरराष्ट्रीय प्रवासी छात्रों (833,000 से अधिक) के लिए सबसे बड़ा गंतव्य देश है, इसके बाद यूके (लगभग 601,000), ऑस्ट्रेलिया (लगभग 378,000), जर्मनी (376,000 से अधिक) और कनाडा (लगभग 318,000) हैं। चीन अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए भी एक महत्वपूर्ण गंतव्य है, विशेष रूप से कोरिया गणराज्य, थाईलैंड, पाकिस्तान और भारत के छात्रों के लिए। भारत में पुरुषों की तुलना में महिला अप्रवासियों की हिस्सेदारी थोड़ी अधिक है। पुरुष प्रवासियों के उल्लेखनीय उच्च अनुपात वाले देशों में भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान शामिल हैं।

# अगले 10-15 वर्षों में भारत से गरीबी खत्म हो जाएगी



**भवानीपटना ( ओडिशा )।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि अगले 10-15 वर्षों में भारत से गरीबी पूरी तरह खत्म हो जाएगी और यह मोदी की गारंटी है। सिंह ने यहां कालाहांडी जिला मुख्यालय शहर में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह तक सभी कांग्रेस नेताओं ने गरीबी खत्म करने का वादा किया है, लेकिन वे सभी विफल रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हालांकि गरीबी को खत्म करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मोदी के नौ साल के शासन के दौरान लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आने का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि यह भाजपा का दावा नहीं है, बल्कि नीति आयोग की रिपोर्ट है। उन्होंने दावा किया कि किसी भी पिछली सरकार ने ऐसा कभी नहीं किया, जैसा मोदी ने पिछले नौ वर्षों में किया है। सिंह ने कहा, अगले पांच वर्षों में भारत में कोई भी परिवार ऐसा नहीं होगा जिसके पास पक्का घर, पाइप से पीने का पानी और रसोई गैस कनेक्शन नहीं होगा। कालाहांडी की स्थिति को याद करते हुए, भाजपा नेता ने कहा कि गैर सरकारी संगठनों के लोग कालाहांडी आ रहे थे और गरीबी पर्यटन पर लेख लिख रहे थे, क्योंकि यह जगह भूख, भूख से मौत और गरीबी के लिए जानी जाती थी। उन्होंने कहा, केंद्र में हालांकि मोदी सरकार के नौ वर्ष के शासन के दौरान चीजों में व्यापक बदलाव आया है।

सिंह ने भाजपा की कालाहांडी लोकसभा उम्मीदवार मालविका देवी के शब्दज्ञान की सराहना करते हुए कालाहांडी के लोगों से राष्ट्रीय स्तर पर स्थानीय मुद्दों को उचित ढंग से उजागर करने के लिए कमल के निशान को मत देने की अपील की। जनता के पैसे के खर्च पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के एक प्रसिद्ध वाक्य का हवाला देते हुए सिंह ने कहा, अगर केंद्र गरीब लोगों के लिए एक रुपए भेजता था तो जमीनी स्तर पर लाभार्थी तक केवल 15 पैसे ही पहुंच रहे थे। हालांकि, मोदी के जनधन खाते और बैंक में प्रत्यक्ष अंतरण प्रक्रिया से भ्रष्टाचार खत्म हो गया और लोगों को केंद्र द्वारा भेजा गया पैसा मिल रहा है।

सिंह ने लोगों से ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि ओडिशा में उनकी पार्टी की सरकार बनते ही आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि जाति, पंथ और धर्म से ऊपर उठकर 70 साल या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा, ओडिशा में भाजपा सरकार लाओ, राज्य तुरंत आयुष्मान भारत लागू करेगा।

रक्षा मंत्री ने यह भी दावा किया कि मोदी शासन के दौरान आतंकवादियों के खिलाफ समय पर और कड़ी कार्वाई के कारण आतंकवाद लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने हालांकि, कहा कि आतंकवाद के कुछ छिटपुट मामले हैं और मोदी के नेतृत्व में यह भारतीय धरती से पूरी तरह से गायब हो जाएगा। सिंह ने दावा किया कि भाजपा जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया है, तीन तलाक प्रथा को समाप्त कर दिया है और पहले के वादे के अनुसार अयोध्या में श्रीराम लला की मूर्ति स्थापित की है। उन्होंने लोगों से लोकसभा और ओडिशा विधानसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट करने की अपील की।

## मोदी शासन में पीएसयू फल-फूल रहे हैं : वित्त मंत्री सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पहले उपेक्षित रहे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जैसे उपक्रमों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के दौरान पुनरुत्थान हुआ। कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेता राहुल गांधी के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के परेशानी झेलने के आरोपों का खंडन करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसा है। मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) फल-फूल रहे हैं, तथा उन्हें बढ़ी हुई परिचालन स्वतंत्रता के साथ-साथ उनमें पेशेवर संस्कृति का संचार हुआ है। कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा।



तेलंगाना के करीमनगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों का अभिवादन करते हुए।

# पैसे देकर वोट खरीद रही भाजपा: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोगों को पैसे देकर उनके वोट खरीद रही है। तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार मिताली बाग के समर्थन में आरामबाग में रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा वोट खरीदने के लिए लोगों को 5,000 रुपए, 10,000 रुपए और 15,000 रुपए तक दे रही है। उन्होंने कहा, इस समय के भाजपा नेता पुराने समय के माकपा वाले असामाजिक लोग जैसे ही हैं। यदि आप नहीं चाहते कि आतंक का राज कायम हो, तो भाजपा को वोट देने से बचें।

बनर्जी ने कहा कि यह चुनाव दिल्ली में सत्ता समीकरण बदलने के लिए है। उन्होंने कहा, दिल्ली में इस सत्ता समीकरण को बदलना होगा और बदलाव लाना होगा। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की पश्चिम बंगाल के लोगों को बदनाम करने की आदत है। उन्होंने कहा, देखिए, उन्होंने किस तरह संदेशखालि की महिलाओं को दुष्कर्म के झूठे आरोप लगाने के लिए पैसे देकर उनका अपमान किया है।

ममता ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 26,000 शिक्षकों की नौकरी छीन ली। उन्होंने कहा, लेकिन सच सामने आ गया है। उच्चतम न्यायालय के कल के फैसले के बाद मैं वास्तव में संतुष्ट महसूस कर रही हूं कि कुछ समय के लिए नौकरियां बच गईं। बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह से शाम तक झूठ बोलते रहते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा सीएए और एनआरसी का इस्तेमाल करके लोगों को बाहर निकाल देगी। अगर मोदी फिर से सत्ता में आते हैं तो अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, मोदी कहते हैं कि हमारी पार्टी ने 100 दिन के काम का पैसा हड़प लिया। जबकि 100 दिन के काम के तहत राज्य सरकार ने 24 करोड़ रुपए बचाए।

# डगमगा रही मोदी की कुर्सी, मित्रों पर ही हमला शुरू कर दिया: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को दावा किया कि देश में तीन चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुर्सी डगमगा रही है और उन्होंने अपने ही मित्रों पर हमला शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह चुनाव परिणामों के असली रुझान को दर्शाता है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा, तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। यही परिणाम के वास्तविक रुझान हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में एक रैली में कहा था कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि उसने अंबानी-अडाणी मुद्दा उठाना क्यों बंद कर दिया है

मोदी ने कहा, आपने देखा होगा कि कांग्रेस के शहजादे पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे... पांच साल से एक ही माला जपते थे। पांच उद्योगपति... फिर धीरे-धीरे कहने लगे... अंबानी, अडाणी... लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने कहा, जरा शहजादे घोषित करें कि इस चुनाव में अंबानी, अडाणी से कितना माल उठाया है... जरूर दाल में कुछ काला है। पांच साल तक अंबानी, अडाणी को गाली दी और रातोंरात गालियां बंद हो गई। मतलब कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है। ए जवाब देना पड़ेगा देश को।

प्रधानमंत्री के हमले के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस चुनाव का रुख इतनी तेजी से बदल गया है कि हम दो हमारे दो के पप्पा अपने ही बच्चों पर हमलावर हो गए हैं। एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पराजय एक पूर्व निष्कर्ष है। प्रधानमंत्री अब अपनी छाया से भी घबरा गए हैं। रमेश ने उनकी परछाई के साथ मोदी की एक तस्वीर भी साझा की। रमेश ने कहा, जिस व्यक्ति ने अपनी पार्टी के लिए 8,200 करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड एकत्र किए - यह घोटाला इतना व्यापक था कि उच्चतम न्यायालय ने भी इसे असंवैधानिक घोषित कर दिया - वह आज दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। याद रखें कि अपने चार रास्ते के जरिए प्रधानमंत्री ने अपने करीबी लोगों को उनके चंदे के बदले 4 लाख करोड़ रुपए के अनुबंध और लाइसेंस दिए हैं। अगर आज, 21 भारतीय अरबपतियों के पास 70 करोड़ भारतीयों के बराबर संपत्ति है, तो यह सब प्रधानमंत्री के इरादों और उनकी नीतियों के कारण है। यह कहने की जरूरत नहीं है कि उन 21 लोगों में हमारे दो प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 28 जनवरी, 2023 से बार-बार मोदाणी घोटाले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित किए जाने की मांग करती रही है। रमेश ने कहा, हमने 23 अप्रैल, 2024 को चुनाव शुरू होने के बाद भी अपनी इस मांग को दोहराया और पांच दिन पहले ही 3 मई, 2024 को भी यह मांग की। राहुल गांधी ने 3 अप्रैल, 2024 से अपने भाषण में अडाणी का 103 बार और अंबानी का 30 से अधिक बार उल्लेख किया है।

उन्होंने ने कहा, 4 जून, 2024 को इंडिया गठबंधन के सत्ता में आते ही मोदाणी घोटाले की जांच के लिए जेपीसी का गठन किया जाएगा...। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री जानते हैं कि लोग अब वास्तविकता समझ गए हैं कि उन्होंने सारी संपत्ति बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी है और अब घबराकर वह सफाई दे रहे हैं। पार्टी के एक अन्य नेता पवन खेड़ा ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद प्रधानमंत्री मोदी परेशान हैं और उन्हें महसूस हो रहा है कि जमीन हिल रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने अपने मित्रों से 8,200 करोड़ रुपए एकत्र किए और अब, जब वह चुनाव हार रहे हैं, उनके खिलाफ हो गए हैं। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने दावा किया कि प्रधानमंत्री दो बड़े उद्योगपतियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

# रिंकल्स अच्छे हैं: कपड़ों पर इस्त्री ना करने से कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकता है

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने एक अनूठी पहल रिंकल्स अच्छे हैं के तहत हर सोमवार को अपने कर्मचारियों को बिना इस्त्री किए हुए कपड़े पहनने के लिए कहा है जिससे कि करीब 1,25,000 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन से बचा जा सकता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बंबई के प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी ने यह जानकारी दी। हालांकि, सीएसआईआर ने स्पष्ट किया कि उसके मुख्यालय ने अपनी प्रयोगशालाओं को ऐसा कोई सुर्कलर या आदेश जारी नहीं किया गया है जिसमें कर्मचारियों को इस्त्री किए हुए कपड़े पहनने से बचने को कहा गया हो। सीएसआईआर ने एक पोस्ट में कहा, 23 अप्रैल 2024 को पृथ्वी दिवस समारोह के दौरान आईआईटी-बंबई के प्रोफेसर चेतन सोलंकी ने सीएसआईआर-मुख्यालय में जलवायु घड़ी स्थापित करने के बाद अपने भाषण में ऐसे विचार साझा किए थे। रिंकल्स अच्छे है पहल का उद्देश्य हर किसी को ऊर्जा बचाने, पर्यावरण की रक्षा करने और जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाने के बारे में याद दिलाना है। एनर्जी स्वराज मूवमेंट के संस्थापक चेतन सिंह सोलंकी ने कहा, हम हर सोमवार को करीब 1,25,000 किग्रा. कार्बन उत्सर्जन कम कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के सबसे आसान समाधानों में से एक कुछ न करना है। उन्होंने कहा, हमारा रिंकल्स अच्छे हैं अभियान जोर पकड़ रह है। इसमें हम लोगों से सोमवार को बिना इस्त्री किए हुए कपड़े पहनने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक जोड़ी कपड़ा इस्त्री न करके हम 200 ग्राम तक कार्बन उत्सर्जन से बच सकते हैं। सोलंकी ने कहा, हम लाखों लोग एक जैसा करते हैं तो बड़ी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन से बचते हैं और यह चलन बन जाता है। अभी हर सोमवार को 6,25,000 लोग इसमें शामिल हो रहे हैं। हम हर सोमवार को करीब 1,25,000 किग्रा. कार्बन उत्सर्जन से बच रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि इस वर्ष के अंत तक एक करोड़ से अधिक लोग इस वाह मंडे अभियान में शामिल होंगे। एक अधिकारी ने बताया कि सीएसआईआर अपनी सभी प्रयोगशालाओं में 10 फीसदी तक बिजली खपत को कम करने की भी योजना बना रहा है। प्रोफेसर सोलंकी ने हाल ही में जलवायु परिवर्तन और उसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सीएसआईआर इमारत के शीर्ष पर भारत की सबसे बड़ी जलवायु घड़ी स्थापित की है।

## मोदी के कटाक्ष को सम्मान मानता हूं: शरद पवार

**अहमदनगर ( महाराष्ट्र )।** प्रधानमंत्री द्वारा राकांपा (एसपी) के प्रमुख को भटकती आत्मा कहे जाने के कुछ दिन बाद शरद पवार ने बुधवार को कहा कि वह नरेन्द्र मोदी की आलोचना को सम्मान के तौर पर लेते हैं। अहमदनगर लोकसभा क्षेत्र से राकांपा (एसपी) के उम्मीदवार नीलेश लंके के लिए यहां एक चुनावी रैली में पवार ने कहा कि मोदी जब तक उनके या सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बारे में कुछ नहीं बोल लेते तबतक वह चैन से नहीं बैठ सकते। वरिष्ठ नेता ने कहा, जहां तक मेरा सवाल है, मैं इसे सम्मान मानता हूं। मोदी के पास बोलने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। राकांपा (एसपी) प्रमुख ने कहा, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि यह आत्मा 50 वर्ष से नहीं बल्कि 56 वर्ष से प्रदेश में भटक रही है। इस वर्ष मेरे पहली बार विधानसभा के लिए चुने जाने के 56 वर्ष पूरे होने हैं। यह आत्मा महाराष्ट्र में राज्य के आम लोगों को उन लोगों से बचाने के लिए घूम रही है जो इस आत्मा से चिंतित हैं। इससे पहले, राज्य में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा था, महाराष्ट्र में एक भटकती आत्मा है। अगर वह सफलता हासिल नहीं करती है, तो वह दूसरों के अच्छे काम को बर्बाद कर देती है। वहीं, पवार ने यह भी दावा किया कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव पांच चरणों में हो रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री को जीत का भरोसा नहीं है और चुनाव कार्यक्रम इस तरह से तैयार किया गया है ताकि वह प्रचार के लिए बार-बार राज्य का दौरा कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में कई नगर निकायों और अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव दो वर्ष से ज्यादा वक्त से नहीं हुए हैं। पवार ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लोकतंत्र फले-फूले। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत कृषि क्षेत्र परेशानी का सामना कर रहा है और बेरोज़गारी की समस्या गंभीर हो गई है तथा 100 में से 87 लोग बेरोजगार हैं।

## आयोग के निर्देश पर एक्स ने मुस्लिम आरक्षण विवाद से जुड़ी कर्नाटक भाजपा`ह एनिमेटेड क्लिप हटाई

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच एक्स ने निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद मुस्लिम समुदाय के लिए आरक्षण पर विवाद से संबंधित भाजपा की कर्नाटक इकाई द्वारा साझा किया गया एक एनिमेटेड वीडियो हटा दिया है। आयोग ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच को तत्काल वीडियो हटाने का निर्देश दिया। एक्स के नोडल अधिकारी को लिखे एक पत्र में, निर्वाचन आयोग ने वीडियो हटाने के लिए सोशल मीडिया मंच को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की तरफ से जारी निर्देश का पालन न किए जाने पर आपत्ति जताई। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि एक्स को ताजा निर्देश के बाद उसने अपनी साइट से विवादास्पद वीडियो हटा लिया है। कर्नाटक कांग्रेस ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें भाजपा पर मुस्लिम और एससीएसटी समुदायों के बीच दुश्मनी व नफ़रत को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया था।

# पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर नड्डा, अमित मालवीय को किया तलब

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के सिलसिले में भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा और पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय को तलब किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस पोस्ट में एससी और एसटी के लोगों को किसी खास उम्मीदवार को वोट न देने के लिए कथित रूप से धमकाया गया है। उन्हें (नड्डा एवं मालवीय को) यहां हाई ग्राउंड्स थाने में जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है।

बेंगलुरु पुलिस के समन में कहा गया है, उक्त मामले की जांच के सिलसिले में, आपको इस नोटिस की प्राप्ति के सात दिनों के भीतर हाई ग्राउंड्स पुलिस थाने में पूर्वाह्न 11 बजे अधोहस्ताक्षरी जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर भाजपा की ओर से पोस्ट किए गए एक वीडियो में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय के सदस्यों को एक विशेष उम्मीदवार को वोट नहीं देने के लिए डराया-धमकाया गया है।

प्रदेश कांग्रेस ने आदर्श आचार संहिता का कथित रूप से उल्लंघन करने को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ निर्वाचन आयोग से कार्वाई करने की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस ने नड्डा, मालवीय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजएंद्र के खिलाफ इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज की थी। कांग्रेस ने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को दी शिकायत में प्रदेश भाजपा के आधिकारिक अकांउट से चार मई को एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो का उल्लेख किया है। इस अकाउंट का संचालन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजएंद्र के निर्देश पर पार्टी के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय करते हैं।

# भाजपा नीत राजग सरकार की संविधान बदलने की कोशिश को नाकाम करेंगे : तेजस्वी यादव

**भाषा।** रांची, गढ़वा

**राष्ट्रीय** जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र में भाजपा की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर संविधान बदलने और एससी, एसटी तथा ओबीसी श्रेणियों का आरक्षण छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी ऐसे किसी भी प्रयास को नाकाम कर देगी। यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में पलामू के छतरपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के नेतृत्व वाला राजग भारत के संविधान को बदलना चाहता है लेकिन मैं वादा करता हूं कि कोई भी हमारे संविधान को नहीं बदल सकता और आपका आरक्षण नहीं छीन सकता। हम ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी पिछले 10 सालों में झूठ फैलाते रहे और उन्होंने महंगाई रोकने, नौकरियां मुहैया कराने और काले धन को खत्म करने जैसे अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया।

राजद नेता ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री मोदी झूठ के निर्माता, वितरक और थोक व्यापारी हैं। उन्होंने एलआईसी, बंदरगाह, हवाई अड्डे और देश की संपत्ति बेच दी। यादव ने दावा किया, प्रधानमंत्री मोदी ने कोई भी वादा पूरा नहीं किया। उल्टे भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने विपक्षी दलों के ऐसे नेताओं के पीछे ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों को लगा दिया, जो लोगों की आवाज उठा रहे हैं और उनके अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। राजद नेता ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री मोदी झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया। उन्होंने मेरे पीछे सीबीआई को लगा दिया है। उन्होंने वादा किया कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत कम करके 500 रुपए कर दी जाएगी और गरीब महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। राजद नेता ने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री ने आम जनता के जीवन को प्रभावित करने वाले बेरोजगारी, मंहगाई, गरीबी और पलायन जैसे बड़े मुद्दों पर चुप्पी साध रखी है। यादव ने दावा किया कि बिहार में 17 महीने तक उनके उपमुख्यमंत्री रहने के दौरान महागठबंधन सरकार ने पांच लाख सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराईं। उन्होंने कहा कि यदि इंडिया गठजोड़ सत्ता में आता है, तो वह बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए भर्ती अभियान शुरू करेगा।

# भाजपा की चुनाव के बाद बीजद को तोड़ने की साजिश है : वी. के. पांडियन

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजद) के नेता और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी सहायक वी के पांडियन ने बुधवार को आरोप लगाया कि विपक्षी भाजपा जीत के लिए नहीं, बल्कि चुनाव के बाद बीजद को तोड़ने के इरादे से अपनी सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए ओडिशा में चुनाव लड़ रही है। नौकरशाह से नेता बने पांडियन ने बुधवार को गंजाम जिले के गोपालपुर में टेलीविजन चैनल के पत्रकारों के एक समूह से मुलाकात के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने पत्रकारों से कहा, भाजपा 2014 में 120 विधानसभा सीटें जीतने का नारा दिया था लेकिन नाकाम हो गए थे। मुझे 2019 के लिए उनका लक्ष्य नहीं पता था। लेकिन 2024 के लिए वे 50160 सीटें जीतने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं और उनका उद्देश्य चुनाव के बाद बीजद को तोड़ना है। यह उनकी चुनावी रणनीति है।

पांडियन ने दावा किया कि भाजपा ओडिशा में सरकार बनाने के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है। मैं खुलकर कहता हूं कि यह (बीजद को तोड़ना) उनकी अंदरूनी रणनीति है जैसा कि उन्होंने महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में किया है। भाजपा की योजना सफल नहीं होगी। राष्ट्रीय स्तर से कई लोग राज्य में प्रचार करने के लिए आ रहे हैं लेकिन ओडिशा के लोगों को उन पर कोई भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा, नवीन बाबू लोगों का भरोसा हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के लोकसभा और ओडिशा विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए लगातार राज्य में आने के बारे में पूछने पर पांडियन ने कहा, आपने 2014, 2019 और 2024 में भी देखा है कि देशभर से नेताओं की पूरी फौज प्रचार के लिए आती है। लेकिन लोग उन पर भरोसा नहीं करेंगे। जनता नवीन बाबू को भरपूर आशीर्वाद देगी। यह पूछने पर कि क्या उन्हें पटनायक के लगातार छठी बार राज्य का मुख्यमंत्री बनने का विश्वास है, इस पर पांडियन ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि नवीन बाबू शानदार प्रदर्शन के साथ चुनाव जीतेंगे। अगर मुझे इतना विश्वास नहीं होता मैं नहीं कहता कि नवीन बाबू महा प्रभु जगन्नाथ के आशीर्वाद से नौ जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। भाजपा के पास ओडिशा में 147 में से 60 विधानसभा सीटों पर कोई उम्मीदवार नहीं है। उन्होंने बीजद उम्मीदवारों की सूची जारी होने का इंतजार किया ताकि वे उसके द्वारा छोड़े या नकारे गए नेताओं के बीच में से उम्मीदवारों का चयन कर सकें। उन्होंने कहा, यह ओडिशा में भाजपा की सच्चाई है। पांडियन ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता सारंगी पर भी जमकर निशाना साधा और उन पर श्री मंदिर परिक्रमा परियोजना (जगन्नाथ मंदिर विरासत गलियारा परियोजना) को रोकने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# भारत सौर ऊर्जा उत्पादन मामले में जापान को पीछे छोड़ तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा के उपयोग पर जोर के साथ भारत बीते साल जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में काम कर रहे शोध संस्थान एंबर की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। भारत 2015 में सौर ऊर्जा के उपयोग के मामले में नौवें स्थान पर था। ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में वैश्विक बिजली उत्पादन का 5.5 प्रतिशत सौर ऊर्जा के रूप में हुआ। वैश्विक रुख के अनुरूप भारत ने पिछले साल कुल बिजली उत्पादन का 5.8 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त किया।

एंबर के एशिया कार्यक्रम के निदेशक आदित्य लोला ने कहा, हरित बिजली क्षमता बढ़ाना सिर्फ बिजली क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नहीं है। बल्कि अर्थव्यवस्था में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने और आर्थिक वृद्धि को उत्सर्जन से अलग करने के लिए भी इसकी आवश्यकता है...। रिपोर्ट के अनुसार, सौर ऊर्जा ने लगातार 19वें वर्ष दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बिजली स्रोत के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखा है। बीते वर्ष दुनियाभर में कोयले की तुलना में इस स्वच्छ ऊर्जा स्रोत से दोगुने से अधिक बिजली जोड़ी गई।

भारत में 2023 में सौर ऊर्जा उत्पादन में जो वृद्धि है, वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वृद्धि थी। भारत इस मामले में चीन, अमेरिका और ब्राजील से पीछे रहा। इन चारों देशों की सौर ऊर्जा वृद्धि में हिस्सेदारी 2023 में 75 प्रतिशत रही। एंबर ने कहा कि 2023 में वैश्विक सौर उत्पादन 2015 की तुलना में छह गुना अधिक था। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बिजली उत्पादन में सौर ऊर्जा का योगदान 2015 में 0.5 प्रतिशत था जो 2023 में बढ़कर 5.8 प्रतिशत हो गया। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के शुद्ध रूप से शून्य उत्सर्जन परिदृश्य के अनुसार, 2030 तक सौर ऊर्जा वैश्विक बिजली उत्पादन का 22 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी।

# भारत अंटार्कटिका में नया अनुसंधान केंद्र बनाने की अपनी योजना से एटीसीएम को अवगत कराएगा

**नई दिल्ली।** भारत इस महीने के अंत में कोच्चि में अंटार्कटिका के शासी प्राधिकरण की वार्षिक बैठक के दौरान बर्फीले महाद्वीप में एक नया अध्ययन केंद्र विकसित करने की अपनी योजना के बारे में औपचारिक रूप से अवगत कराएगा। कोच्चि में 20-30 मई को 46वीं अंटार्कटिक संधि परामर्श बैठक (एटीसीएम) और पर्यावरण संरक्षण समिति (सीईपी) की 26वीं बैठक आयोजित की जाएगी, दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में अनुसंधान में लगे देश भविष्य की योजनाएं और अपनी वैज्ञानिक गतिविधियों के परिणाम साझा करेंगे। सचिव एम रविचंद्रन ने यहां पीटीआई के संपादकों के साथ बातचीत में कहा, हम एटीसीएम को सूचित करेंगे कि हम अपने अनुसंधान केंद्र मैत्री के पुनरुद्धार की योजना बना रहे हैं। पुनरुद्धार का मतलब है, मैत्री केंद्र बहुत पुराना है, हमें फिर से निर्माण करना होगा। अंटार्कटिका में भारत के दो अनुसंधान केंद्र-मैत्री और भारती चालू हैं। 1983 में स्थापित पहला अनुसंधान केंद्र दक्षिण गंगोत्री बर्फ में समा गया था।

मैत्री को लगभग 35 साल पहले बनाया गया था। वैज्ञानिक समुदाय के बीच इसे एक गांव कहा जाता है, जबकि 12 साल पुराना भारती एक अत्याधुनिक केंद्र है जिसमें एक लक्जरी होटल की सभी सुविधाएं हैं, लेकिन ज्यादा कर्मी नहीं रह सकते। एक बार मैत्री-2 अनुसंधान केंद्र बन जाने के बाद मैत्री स्टेशन को ग्रीष्मकालीन शिविर में बदल दिया जाएगा और यादगार स्थल के रूप में नामित किया जाएगा। एटीसीएम के एजेंडे में अंटार्कटिका में पर्यटन को विनियमित करने की भी योजना है। यह महाद्वीप अंटार्कटिक संधि व्यवस्था द्वारा शासित है 1961 में हस्ताक्षर किए गए थे।

रविचंद्रन ने कहा, अंटार्कटिका में पर्यटन को ठीक से विनियमित नहीं किया गया है, इस वर्ष इसके विनियमन पर चर्चा होने वाली है। पर्यटन पर आखिरी बड़ा निर्णय 2009 में लिया गया था जब 500 से अधिक यात्रियों को ले जाने वाले क्रूज जहाजों को अंटार्कटिका में उतरने से रोक दिया गया था। अंटार्कटिका और उसके संसाधनों के स्थाई प्रबंधन के लिए रणनीतिक योजना शामिल है। नीति, सूचना और डेटा का निरीक्षण और आदान-प्रदान, अनुसंधान, सहयोग, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटना, पर्यटन ढांचे का विकास और जागरूकता को बढ़ावा देना शामिल है। 46वें एटीसीएम के अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ राजनयिक और पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पंकज सरन का नाम प्रस्तावित किया है। लुलु बोलगट्टी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्र अनुसंधान केंद्र द्वारा आयोजित एटीसीएम और सीईपी बैठकों में 60 से अधिक देशों के 350 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है।

# अमेरिका ने इजराइल को गोला बारूद की आपूर्ति रोकी

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** उसकी इच्छा के विपरीत गाजा के रफह शहर पर बड़े पैमाने पर हमला करने के इजराइल के फैसले को लेकर चिंता व्यक्त करने के लिए पिछले सप्ताह इजराइल को गोला बारूद की खेप की आपूर्ति रोक दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि खेप में 2000 पाउंड वजन (900 किलोग्राम) के 1800 बम और 500 पाउंड वजनी (225 किलोग्राम) 1700 बम भेजे जाने थे। अधिकारी ने बताया कि अमेरिका ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि कैसे इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटकों का इस्तेमाल घनी आबादी वाले क्षेत्र में किया जा सकता है।

चरमपंथी हमास द्वारा पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर घातक हमला किए जाने के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी पर आक्रमण शुरू कर दिया था, जिसके बाद से 10 लाख से अधिक नागरिकों ने रफह में शरण ली हुई है। अमेरिका ने ऐतिहासिक रूप से इजराइल को भारी मात्रा में सैन्य सहायता मुहैया कराई है। हमास के सात अक्टूबर के हमले के बाद इसमें काफी तेजी दिखी गई। हमास के हमले में इजराइल में लगभग 1,200 लोगों की जान चली गई थी और लगभग 250 लोगों को चरमपंथियों ने बंधक बना लिया।

गोला बारूद की खेप को रोकने से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के बीच बढ़ता गतिरोध और खुलकर सामने आया गया है। बाइडन ने इजराइल से गाजा में निर्दोष नागरिकों की रक्षा के लिए और अधिक उचित कदम उठाने का आह्वान किया था।

वहीं, बाइडन प्रशासन इस हफ्ते इस बात पर फैसला दे सकता है कि क्या इजराइल द्वारा गाजा में हवाई हमला और उस तक सहायता सामग्री न पहुंचने देने में अंतरराष्ट्रीय और अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन हुआ है जो नागरिकों को युद्ध की भीषणता से बचाने के लिए बनाए गए हैं।

व्हाइट हाउस की ओर से कई महीने तक आपत्ति दर्ज कराए जाने के बावजूद इजराइल सरकार रफह पर आक्रमण की तैयार करती रही, जिसके बाद अप्रैल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने इजराइल को भविष्य में सैन्य सहायता भेजने की समीक्षा शुरू कर दी।

अधिकारी ने बताया कि गोला बारूद की खेप की आपूर्ति रोकने का निर्णय पिछले सप्ताह लिया गया और खेप निकट भविष्य में इजराइल को भेजी जाएगी या नहीं, इस पर निर्णय नहीं लिया गया है।

## इजराइल ने गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए एक क्रॉसिंग को फिर से खोला

एपी। यरुशलम

**इजराइली सेना** ने बुधवार को कहा कि उसने गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अहम केरेम शालोम क्रॉसिंग को फिर से खोल दिया है।

क्रॉसिंग के समीप हमास के एक रॉकेट हमले में चार इजराइली सैनिकों के मारे जाने के बाद इसे रविवार को बंद कर दिया गया था।

एक इजराइली टैंक ब्रिगेड ने मंगलवार की सुबह रफह क्रॉसिंग पर कब्जा कर लिया और यह क्रॉसिंग बंद है।

एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों ने रातभर इलाके में विस्फोट और गोलीबारी की आवाजें सुनीं। इसमें बुधवार को सुबह हुए दो विस्फोट भी शामिल थे।

युद्ध की शुरुआत से ही रफह मानवीय सहायता का एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है और यह इकलौता राज्य है जहां से लोग गाजा में आ और जा सकते हैं। करीब दो दशक पहले क्षेत्र से सैनिकों की वापसी के बाद से पहली बार गाजा सीमा की सभी क्रॉसिंग पर इजराइल का कब्जा है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि चिकित्सीय इलाज के लिए जाने वाले कम से कम 46 मरीज और घायल फंस गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और सहायता समूहों ने हाल के सप्ताहों में मानवीय सहायता बढ़ा दी है क्योंकि इज़राइल ने अपने निकटतम सहयोगी अमेरिका के दबाव में कुछ प्रतिबंध हटा दिए हैं और उत्तर में एक अतिरिक्त क्रॉसिंग खोल दी है। लेकिन सहायता कर्मियों का कहना है कि ईंधन वाले ट्रक और जेनरेटरों के लिए इकलौते प्रवेश द्वार रफह के बंद होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उत्तरी गाजा पहले ही पूरी तरह अकाल की स्थिति में है।

ऐसा लगता है कि क्रॉसिंग पर कब्जा जमाने का अभियान सीमित हमला था न कि रफह पर बड़ा आक्रमण, जिसका इजराइल ने वादा किया था। लेकिन इजराइल ने कहा है कि अगर संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई को लेकर हमास के साथ जारी सीधी वार्ता में कोई प्रगति नहीं होती है तो वह अपने अभियान का विस्तार करेगा।

# निज्जर की हत्या के तीन भारतीय आरोपी कनाडा की अदालत में पेश

भाषा। ओटावा

**खालिस्तानी अलगाववादी** हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीन भारतीय नागरिक मामले में हत्या के आरोपों का सामना करने के लिए पहली बार वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कनाडा की एक अदालत में पेश हुए। इस हत्याकांड से कनाडा-भारत के संबंधों में तनाव पैदा हो गया है।

एडमॉन्टन में रहने वाले भारतीय नागरिकों 22 वर्षीय करण बराड़, 22 वर्षीय कमलप्रीत सिंह और 28 वर्षीय करणप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया गया और शुक्रवार को उन पर हत्या व हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया।

वैंकूवर सन अखबार ने बताया कि सुरे की खचाखच भरी प्रांतीय अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए तीनों को अलग-अलग पेश किया गया। वे अपने वकीलों से सलाह-मशविरा करने के लिए वक्त दिए जाने की वजह से 21 मई तक मुकदमे की सुनवाई स्थगित करने पर सहमत हुए।

ऐसा माना गया है कि गिरफ्तार किए गए लोग उस कथित समूह के सदस्य हैं जिन्हें निज्जर की हत्या करने का काम सौंपा था।

खबर में कहा गया है कि वे ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सुरे प्रांतीय अदालत में पेश हुए।

प्रत्येक आरोपी को जेल की लाल रंग की टी-शर्ट और पैंट पहने हुए नॉर्थ फ्रेजर प्रीट्रायल सेंटर से अलग-अलग पेश किया गया। दो आरोपियों को सुबह पेश किया गया जबकि कमलप्रीत सिंह को एक वकील से विचार-विमर्श करने का समय देने के लिए दोपहर के भोजन के बाद पेश किया गया।

खबर में कहा गया है कि तीनों अंग्रेजी भाषा में मुकदमा चलाए जाने पर राजी हुए और तीनों ने माना कि उन्हें निज्जर की प्रथम-डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोपों के बारे में पता है।

अदालत ने क्राउन अभियोजकों के उस अनुरोध को स्वीकार कर लिया कि कनाडा आपराधिक संहिता के तहत इन आरोपियों पर सात लोगों से संपर्क करने पर रोक रहेगी।

खबर में कहा गया है कि आदेश में जिन सात लोगों का नाम लिया गया है उनमें निज्जर का बेटा बलराज निज्जर (21) और हरजिंदर निज्जर, मेहताब निज्जर, सरनदीप सहज, हरसिमरनजीत सिंह, अर्शदीप कपूर और मलकीत सिंह शामिल हैं।

सुरे के आपराधिक और प्रवासी मामलों के वकील अफान बाजवा ने बताया कि आरोपियों का अगला कदम जमानत के लिए याचिका देना होगा। बहरहाल, बाजवा का इस मामले से कोई संबंध नहीं है।

बाजवा ने कहा कि उन्हें जमानत पर रिहा करने की संभावना इस पर निर्भर करेगी कि क्या उनके वकील न्यायाधीश के समक्ष मजबूत पैरवी करते हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें जमानत पर रिहा करना मुश्किल हो सकता है क्योंकि उनके देश छोड़कर भागने का और जन सुरक्षा को खतरा होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर मुकदमे की सुनवाई आगे चलती है और उन्हें प्रथम-डिग्री हत्या का दोषी पाया जाता है तो उन्हें कम से कम 25 साल तक पैरोल पर रिहा करने की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

मुकदमे की सुनवाई के दौरान सैकड़ों खालिस्तानी समर्थक अदालत कक्ष में मौजूद थे। अदालत कक्ष में इतनी भीड़ थी कि सुनवाई देखने की इच्छा रखने वाले अतिरिक्त 50 लोगों के लिए अदालत कक्ष को खोलना पड़ा।

अदालत कक्ष के बाहर 100 या इससे अधिक लोगों ने सिख अलगाववाद के समर्थन वाले और खालिस्तानी झंडे लहराए।

कनाडाई नागरिक निज्जर (45) की 18 जून, 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अपने देश में खालिस्तानी तत्वों से संबंधित कुछ टिप्पणियां करने के कुछ दिनों बाद, भारत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि ए टिप्पणियां एक बार फिर कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को मिले राजनीतिक स्थान को दर्शाती हैं। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था। कनाडा में सिख अलगाववादी समूहों की मौजूदगी पर भारत लंबे समय से आपत्ति जताता रहा है। उसने निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था।

# सिख अलगाववादी समूह खतरे की बड़ी रेखा पार कर रहे हैं: कनाडा में भारतीय राजनयिक ने आगाह किया

भाषा। ओटावा

**भारत-कनाडा** संबंधों में राजनयिक तनाव के बीच यहां भारत के उच्चायुक्त ने चेतावनी दी है कि कनाडा में सिख अलगाववादी समूह खतरे की बड़ी रेखा को पार कर रहे हैं जिसे नई दिल्ली राष्ट्रीय सुरक्षा तथा देश की क्षेत्रीय अखंडता के मुद्दे के रूप में देखती है।

पिछले साल खालिस्तान समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपी तीन भारतीय नागरिकों को हाल में कनाडा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने तथा एक अदालत में पेश किए जाने के बाद से अपने पहले सार्वजनिक बयान में कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने मंगलवार को यह बात कही।

सीटीवी न्यूज की खबर के अनुसार वर्मा इस मामले को घरेलू अपराधों से जोड़ते दिखे।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि कनाडा में सिख समूह जो भारत से अलग होने का आह्वान करते हैं, वे खतरे की एक बड़ी रेखा को पार कर रहे हैं जिसे नई दिल्ली राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले के रूप में देखती है।

वर्मा ने प्रसिद्ध थिंकटैंक मांट्रियल काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस से कहा, भारतीय भारत की दशा तय करेंगे, विदेशी नहीं।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत और कनाडा के बीच संबंध कुल मिलाकर सकारात्मक हैं, भले ही उन्हें लेकर बहुत हंगामा हो रहा है।


वर्मा ने यह भी कहा कि दोनों देश इस मुद्दे का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम किसी भी दिन बातचीत के लिए बैठने को तैयार हैं और हम ऐसा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हालिया नकारात्मक घटनाक्रम के पीछे की गहरी समस्याएं दशकों पुराने मुद्दों के बारे में कनाडा की गलतफहमी से जुड़ी हैं, जिन्हें फिर से उभरने के लिए वह भारतीय मूल के कनाडाई लोगों को दोषी मानते हैं।

वर्मा ने कहा कि उनकी मुख्य चिंता कनाडा की भूमि से उत्पन्न होने वाले राष्ट्रीय-सुरक्षा संबंधी खतरों को लेकर है। उन्होंने कहा कि भारत दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देता, इसलिए जो कोई भी प्रवासी होता है उसे विदेशी माना जाता है।

उन्होंने कहा, अगर मैं इसे ऐसे कह सकूं कि विदेशियों की भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर है - यह हमारे लिए एक बड़ी खतरे की रेखा है। खबर के अनुसार वर्मा ने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या वह निज्जर मामले में शामिल विदेशियों का जिक्र कर रहे थे या व्यापक तौर पर सिख अलगाववाद की ओर इशारा कर रहे थे।

भारत ने मंगलवार को कनाडा से कहा कि हिंसा का जश्न मनाना और उसका महिमामंडन करना किसी भी सभ्य समाज का हिस्सा नहीं होना चाहिए। भारत ने कहा कि कानून के शासन का सम्मान करने वाले लोकतांत्रिक देशों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कट्टरपंथी तत्वों को डराने-धमकाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।



पेरिस के मारिगनी थिएटर में फ्रेंको-चीनी बिजनेस काउंसिल की छठी बैठक के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग। इस दौरान मैक्रॉन ने व्यापार विवादों और यूक्रेन से संबंधित राजनयिक प्रयासों पर जोर दिया।

## जेएसपी में विभाजन से प्रचण्ड सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं पड़ेगा: यादव

भाषा। काठमांडू

**नेपाल के** उपप्रधानमंत्री और जनता समाजवादी पार्टी-नेपाल (जेएसपी-एन) के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने बुधवार को कहा कि उनके विदेश में रहने के दौरान उनकी पार्टी को विभाजित करने के असंवैधानिक कदमै के खिलाफ वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। यादव ने यह भी कहा कि पार्टी में विभाजन से गठबंधन सरकार की स्थिरता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचण्ड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल जेएसपी-एन इस सप्ताह की शुरुआत में विभाजित हो गई थी। उस समय यादव एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अमेरिका में थे। चुनाव आयोग ने सोमवार को अशोक राय के नेतृत्व वाले जेएसपी-एन के एक गुट को आधिकारिक तौर पर एक नए राजनीतिक दल के रूप में मान्यता दे दी। यादव ने कहा, मेरी अनुपस्थिति में पार्टी को गैरकानूनी तरीके से विभाजित किया गया था। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से प्रेरित यह विभाजन असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे क्योंकि पार्टी का विभाजन अवैध और असंवैधानिक है।उन्होंने अशोक राय द्वारा जनता समाजवादी पार्टी नाम से नई पार्टी बनाने के कदम को सत्ता की भूख और अहंकारी रवैए से रची गई साजिश करार दिया। वरिष्ठ मधेसी नेता यादव ने कहा कि उनकी पार्टी प्रचण्ड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से अलग नहीं होगी। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से बात की और गठबंधन सरकार को अपनी पार्टी का समर्थन जारी रखने का आश्वासन दिया। यादव ने दावा किया कि उनकी पार्टी के ज्यादातर सांसद उनके साथ हैं और उन्हें पार्टी की केंद्रीय कार्य समिति में दो-तिहाई सदस्यों का समर्थन प्राप्त है।

# गोपनीय दस्तावेज मामले में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ न्यायाधीश ने सुनवाई स्थगित की

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े गोपनीय दस्तावेज मामले में सुनवाई कर रहे संघीय न्यायाधीश ने 20 मई की सुनवाई को रद्द करते हुए अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज एलीन कैनन का यह आदेश अपेक्षित था क्योंकि मामले में अभी भी कई मसले अनसुलझे हैं और ट्रंप के खिलाफ मैनहट्टन में एक अलग मुकदमा भी लंबित है। इस मुकदमे में पूर्व राष्ट्रपति पर आरोप है कि उन्होंने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान यौन संबंधों का खुलासा न करने के लिए वयस्क फिल्मों की अदाकारा एडल्ट स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 1.30 लाख डॉलर दिए।



ट्रंप उनके साथ यौन संबंध बनाने के आरोपों को खारिज करते हैं और खुद को निर्दोष बताते हैं। पूर्व राष्ट्रपति पर इस मामले में आदेशों का उल्लंघन करने के लिए, 10 हजार डॉलर का जुर्माना भी लग चुका है।

स्टॉर्मी डेनियल्स ने मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अदालत में गवाही दी। उन्होंने अदालत को बताया कि 2006 में गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान उनकी ट्रंप से पहली मुलाकात हुई थी।


यूएस डिस्ट्रिक्ट जज एलीन कैनन ने मंगलवार को पांच पन्नों के आदेश में कहा कि सुनवाई के लिए नई तारीख तय करना अविवेकपूर्ण होगा, जिससे नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव से पहले ट्रंप के खिलाफ मुकदमा चलाने को लेकर संघीय अभियोजकों पर संदेह पैदा हो जाएगा।

ट्रंप कई आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से 2021 में व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद गोपनीय दस्तावेजों को अपने साथ ले जाकर उन्हें फ्लोरिडा में अपने आवास मार-ए-लागो एस्टेट में अवैध रूप से रखना और उन्हें वापस लाने के दौरान संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) के प्रयासों में बाधा डालना शामिल हैं। ट्रंप ने खुद को निर्दोष बताया है और किसी भी तरह के गलत काम करने से इनकार किया है।

## मशहूर शेफ विकास खन्ना ने एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को जगमग किया

भाषा। न्यूयॉर्क

**मशहूर शेफ** विकास खन्ना ने भुखमरी से लड़ने के अभियान को रेखांकित करने के लिए यहां प्रसिद्ध एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को जगमग किया। खन्ना (52) ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कितने सम्मान की बात है।



आज मैंने दुनिया की सबसे मशहूर इमारत द एम्पायर स्टेट को रोशन किया। गैर-लाभकारी संगठन सिटी हार्वेस्ट के साथ साझेदारी में न्यूयॉर्क की इस मशहूर इमारत को जगमग करने लिए आयोजित विशेष समारोह में हल्के हरे रंग का कुर्ता पहनकर आए खन्ना ने कहा कि वह मेरी अपनी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हुए, साथ ही न्यूयॉर्क शहर की संस्कृति को एकीकृत करते हुए एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को रोशन करने के लिए सम्मानित और विशेषाधिकार प्राप्त महसूस कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, सिटी हार्वेस्ट और हमारी संस्कृति के सम्मान में.... हर साल 100 लोग इस इमारत को जगमग करते हैं और उनमें से एक होना इतिहास का हिस्सा होने के समान है। सिटी हार्वेस्ट की स्थापना 1982 में की गई थी और यह दुनिया का पहला खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम और न्यूयॉर्क शहर का सबसे बड़ा खाद्य संरक्षण कार्यक्रम है।पिछले 25 साल से न्यूयार्क सिटी में आव्रजक के तौर पर रह रहे खन्ना ने कहा कि सिटी हार्वेस्ट एक ऐसी संस्था है जो सभी को यह अनुभव कराती है कि वे पीछे नहीं हैं और हम उनकी देखभाल कर रहे हैं।

# अधिकतर भारतीय-अमेरिकी प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का समर्थन करते हैं : भुटोरिया

भाषा। सांता क्लारा (अमेरिका)

**अमेरिका में** भारतीय प्रवासी समुदाय के एक प्रभावशाली नेता अजय जैन भुटोरिया ने कहा कि ज्यादातर भारतीय-अमेरिकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल चाहते हैं क्योंकि उनकी सरकार की नीतियां भारत को बदल रही हैं।

डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए निधि जुटाने वाले भुटोरिया ने कहा कि भारतीय अमेरिका में गहन आर्थिक वृद्धि का हिस्सा हैं और वे आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भारतीय-अमेरिकी भारत में ऐसी ही आर्थिक वृद्धि देखते हैं तो उन्हें इस पर गर्व महसूस होता है।

भुटोरिया ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे लगता है कि अधिकतर भारतीय-अमेरिकी चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी वापसी करें। जब भारत चमकता है तो उन्हें गर्व महसूस होता है।

उन्होंने कहा, उन्हें गर्व महसूस होता है कि भारत वृद्धि कर रहा है। भारत लगभग छह से सात फीसदी की तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। जब मैं आंकड़े पढ़ रहा था तो यह कहते हैं कि भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए इस साल के अंत तक जापान को पीछे छोड़ देगा। और संभवत: 2027 तक भारत, अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

भुटोरिया ने कहा कि अधिकतर भारतीय-अमेरिकी चाहते हैं कि मोदी को तीसरा कार्यकाल मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां भारत को बदल रही हैं चाहे वाणिज्य के क्षेत्र में हो या छोटे कारोबार या बड़े कारोबार, रेल विकास या सड़क बुनियादी ढांचा क्षेत्र में हो।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी भारत वंशियों तक अच्छी पहुंच रखते हैं चाहे यह 2014 में हो, या 2019 में या फिर हाल ही में 2023 में जब राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनके सम्मान में राजकीय भोज आयोजित किया था। तब 4,500 से अधिक भारतीय अमेरिकी व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में मौजूद थे। उन्हें वहां रहना, और एक वैश्विक नेता के तौर पर भारत को मिलता सम्मान अच्छा लगा।

भुटोरिया ने कहा यह पूरा समुदाय भारत के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। जो लोग भारत से आए हैं, वे यहां पैदा हुई दूसरी पीढ़ी की तुलना में भावनात्मक रूप से कहीं अधिक जुड़े हुए हैं। जब वे भारत की आर्थिक वृद्धि देखते हैं, जब वे ग्रामीण भारत का विकास देखते हैं, जब वे देखते हैं कि पिछले 10 वर्षों में भारत की सुरक्षा में सुधार हुआ है...वर्तमान मोदी सरकार ने देश में आतंकवादी खतरों या आतंकवादी घटनाओं को समाप्त कर दिया है... तो अच्छा लगता है।

# भारत को विश्व स्तर पर फिर से खड़ा करने के लिए अभूतपूर्व काम कर रहे मोदी : सिलिकॉन वैली उद्यमी

भाषा। सांता क्लारा (अमेरिका)

**सिलिकॉन** वैली स्थित एक प्रौद्योगिकी उद्यमी संदीप भट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को फिर से खड़ा करने और वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ने के लिए अभूतपूर्व काम कर रहे हैं। डिवाइसथ्रेड के सह-संस्थापक भट ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, निष्पक्ष रूप से कहें तो, जब आप भारत में प्रचलित भावना या विश्व स्तर पर भारत के बारे में भावना को देखते हैं, तो आपके पास एकमात्र अवलोकन यह होता है कि मोदी भारत को विश्व मंच पर फिर से खड़ा करने के लिए अभूतपूर्व काम कर रहे हैं। डिवाइसथ्रेड एक स्टार्टअप है जिसका उद्देश्य डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे को जोड़कर आतिथ्य उद्योग में क्रांति लाना है। वैश्विक उद्यमिता संगठन टीआईई सिलिकॉन वैली के बोर्ड सदस्य भट ने कहा, यह निश्चित तौर पर मेरी निजी भावना है। मैं टीआईई की ओर से नहीं बोल सकता लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से मोदी का बड़ा प्रशंसक हूं और मैं उम्मीद करता हूं कि उनका नेतृत्व आने वाले वर्षों में भारत को अगले स्तर तक लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भारत में काफी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उद्यमी भारतीय बाजार में प्रवेश करना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत को केवल देश में व्यापार करना आसान बनाने की जरूरत है। भट ने कहा कि उनके विनिर्माण नेटवर्क में शामिल लोगों ने उन्हें बताया है कि चीन में कोई विनिर्माण उद्योग स्थापित करना आसान है। उन्होंने कहा, भारत भी यह हासिल कर सकता है और अवसर मिलने शुरू हो जाएंगे। इसके परिणामस्वरूप भारत कम समय में ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा।

## जॉर्जिया स्टेट सीनेट के लिए चुनाव लड़ रहे भारतीय अमेरिकी ने 2.8 लाख डॉलर से अधिक राशि जुटाई

**वाशिंगटन( भाषा )।** अमेरिका की एक राज्य विधायिका के लिए चुनाव लड़ रहे भारतीय अमेरिकी अश्विन रामस्वामी ने 2,80,000 डॉलर से अधिक राशि जुटाई है। राज्य स्तर पर यह बहुत बड़ी राशि है। रामस्वामी (24) ने एक फरवरी से 30 अप्रैल की अवधि में अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी शावन स्टिल की तुलना में 22 गुना राशि जुटाई है। रामस्वामी ने इस अवधि में जहां 1,46,000 डॉलर से अधिक राशि जुटाई है, वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी ने केवल 6,400 डॉलर जुटाए हैं।

# सिंगापुर वायुसेना का एफ-16 लड़ाकू विमान उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर वायुसेना** का एफ-16 लड़ाकू विमान सैन्य हवाई अड्डे पर उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विमान को दोपहर करीब 12.35 बजे उड़ान भरने के दौरान एक समस्या का सामना करना पड़ा। बयान में कहा गया, विमान के तेंगाह वायु सेना अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले पायलट सफलतापूर्वक बाहर निकल गया।

मंत्रालय ने कहा, पायलट होश में है और उसकी हालत ठीक है। उसे चिकित्सा सहायता दी जा रही है। किसी अन्य कर्मी को चोट नहीं आई है। मंत्रालय ने कहा कि मामले में जांच जारी है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, सिंगापुर 30 से अधिक वर्षों से एफ-16 लड़ाकू विमानों का संचालन कर रहा है।

मई 2004 में, अमेरिकी राज्य एरिजोना में एक रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान एक आरएसएएफ एफ-16सी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 25 वर्षीय सिंगापुरी पायलट की मौत हो गई थी। जांच बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला कि यह घटना मानवीय कारण से हुई थी।

चैनल की खबर के अनुसार, सिंगापुर के एफ-16 बेड़े को हाल में उनकी क्षमताओं में सुधार करने और उन्हें 2030 के मध्य तक परिचालन के लिए तैयार रखने को लेकर उन्नत बनाया गया था।

इसमें अत्याधुनिक रडार शामिल हैं जो एफ-16 को दूर से कई लक्ष्यों को ट्रैक करने और उन पर हमला करने में सक्षम बनाता है। साथ ही इसमें सटीक हथियारों के साथ हर मौसम में जमीन पर हमला करने की क्षमता है।

चैनल की खबर में कहा गया है कि एफ-16 बेड़े को अंततः लॉकहीड मार्टिन के एफ-35 श्रेणी द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा। सिंगापुर ने फरवरी में घोषणा की थी कि वह आठ एफ-35ए लड़ाकू विमान खरीदेगा, जिसमें बी संस्करण के 12 एफ-35 विमान के पहले के ऑर्डर को जोड़ा जाएगा।

# सनराइजर्स की लखनऊ पर नवाबी जीत

## हेड और शर्मा के बल्लों से आतिशबाजी के दम पर 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया 166रन

भाषा। हैदराबाद



**ट्रेविस हेड** और अभिषेक शर्मा की आक्रामक पारियों के दम पर सनराइजर्स ने 160 से अधिक के लक्ष्य का सबसे तेजी से पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जाइंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को दस विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 166 रन का लक्ष्य सनराइजर्स ने 9 . 4 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। हेड 30 गेंद में 89 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें आठ चौके और आठ छक्के शामिल थे। वहीं शर्मा ने 28 गेंद में नाबाद 75 रन बनाए। उन्होंने आठ चौके और छह छक्के जड़े। इस जीत से सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं लखनऊ 12 मैचों में 12 अंक लेकर छठे स्थान पर है। इसके साथ ही पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस 12 मैचों में आठ अंक लेकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई है। हेड और शर्मा ने पावरप्ले में 107 रन बनाए। उन्होंने लखनऊ के एक भी गेंदबाज को नहीं बख्शा और कृष्णप्पा गौतम जैसे स्पिनर से गेंदबाजी की शुरूआत कराने का लखनऊ का दाव भी उल्टा पड़ा। इससे पहले आयुष बडोनी और निकोलस पूरन के बीच पांचवें विकेट के लिए 99 रन की अटूट साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने चार विकेट पर 165 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की शुरूआत खराब रही और 11 . 2 ओवर में चार विकेट 66 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद बडोनी ने 30 गेंद में 55 और पूरन ने 25 गेंद में 48 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 55 गेंद में 99 रन जोड़े। पावरप्ले के बाद लखनऊ का स्कोर दो विकेट पर 27 रन था। चोटिल मोहसिन खान की जगह खेल रहे क्विंटोन डिकॉक कोई कमाल नहीं कर सके और भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में नीतिश कुमार रेड्डी को कैच दे बैठे। भुवनेश्वर ने पांचवें ओवर में फिर विकेट चटकाया और मार्कस स्टोइनिस को पवेलियन भेजा। वैसे इस विकेट का श्रेय युवा सनवीर सिंह को जाता है जिन्होंने मिडआन पर शानदार कैच लपका।

पिच से लखनऊ को कोई मदद नहीं मिली और बल्लेबाजों के लिए स्ट्रोक्स लगाना मुश्किल हो गया था। कप्तान केएल राहुल (29) और कृणाल पंड्या (29) बड़ी पारियां नहीं खेल सके। कृणाल ने जयदेव उनादकट को स्ट्रेट छक्का लगाया और आठवें ओवर में ही एक और छक्का जड़कर 15 रन निकाले। राहुल ने अपना पहला चौका 10वें ओवर में सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस को जड़ा। वह हालांकि टाइमिंग के लिए जूझते दिखे और तेजी से रन बनाने के चक्का में इसी ओवर की आखिरी गेंद पर डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग में टी नटराजन को कैच दे बैठे। सनराइजर्स की फील्डिंग लाजवाब रही और कमिंस के सटीक थ्रो पर पंड्या रन आउट हो गए। बडोनी ने नटराजन को 14वें ओवर में तीन चौके लगाकर 17 रन बनाए।

## हमें मैच जीतना चाहिए था: संगकारा

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का कहना है कि कप्तान संजू सैमसन के आउट होने के बाद टीम मुश्किल स्थिति में थी लेकिन उसे फिर भी यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच जीतना चाहिए था। दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 46 गेंद में 86 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने के बाद रॉयल्स को 27 गेंद पर 60 रन की दरकार थी लेकिन टीम मंगलवार रात 20 रन से हार गई। रॉयल्स की टीम अगर जीत दर्ज करती तो प्ले ऑफ में उसकी जगह सुनिश्चित हो जाती जबकि दिल्ली की टीम नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो जाती। संगकारा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, उसके आउट होने के बावजूद हमें शायद यह मैच जीतना चाहिए था। उन्होंने कहा, हार मिलती हैं। सत्र की शुरूआत में हमने शानदार प्रदर्शन किया था। हमने इस मैच में शानदार गेंदबाजी की, विशेषकर अश्विन ने, लेकिन एक बार जब आप बहुत सारी सहज गलतियां करते हैं तो यह बहुत कठिन हो जाता है। आखिर यह योजनाओं को लागू करने से जुड़ा है। जब सैमसन आउट होकर पवेलियन लौटे वह खुश नहीं थे क्योंकि संदेह था कि शायद कैच पकड़ने वाले शाई होप का पैर सीमा रेखा से छुआ हो। निर्णय टीवी अंपायर के पास भेजा गया जिन्होंने सैमसन को आउट करार दिया लेकिन रॉयल्स के कप्तान ने वापस जाने से पहले मैदानी अंपायर से बहस करने का फैसला किया।संगकारा ने कहा कि कभी-कभी तीसरे अंपायर के लिए भी फैसला लेना मुश्किल होता है। संगकारा ने कहा, यह रीप्ले और कोण पर निर्भर करता है और कभी-कभी आपको लगता है कि पैर छू गया है। लेकिन तीसरे अंपायर के लिए इस पर फैसला करना मुश्किल था। मैच एक महत्वपूर्ण चरण में था, क्रिकेट में ऐसा होता है।

## निशानेबाजी विश्व कप : नरूका 20वें स्थान पर, अनुभवी मेराज निराशाजनक 76वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** स्कीट निशानेबाज अनंत जीत सिंह नरूका बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के क्वालीफाइंग के तीन दौर में बुधवार को 72 के स्कोर से भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ 20वें स्थान पर बने हुए हैं। पुरुष वर्ग में दो अन्य भारतीयों में शेराज शेख 67 और मेराज अहम खान 63 के स्कोर से 80 निशानेबाजों में पहले दिन क्रमश: 67वें और 76वें स्थान पर हैं। भारत के कुलदीप संन्यासी आरपीओ (रैंकिंग प्वाइंट अंक) में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, उन्होंने 25-25 के तीन दौर में दोनों अनुभवी निशानेबाजों से बेहतर करते हुए 71 का स्कोर बनाया। महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रेजा ढिल्लों 13वें, महेश्वरी चौहान 15वें और गनीमत सेखों 19वें स्थान पर बनी हुई हैं। तीनों ने समान 69 का स्कोर बनाया।

## नार्थम्पटनशर ने सिद्धार्थ कौल से करार किया

**नार्थम्पटन।** इंग्लिश काउंटी टीम नार्थम्पटनशर ने अपने डिवीजन दो के मुकाबलों के लिए बुधवार को भारतीय तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल से करार किया। कौल पांचवीं रैंकिंग की टीम के आगामी काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन दो के तीन मैच खेलेंगे। पंजाब में जन्में 33 साल के कौल पहली बार इंग्लिश काउंटी सर्किट में खेलेंगे। कौल ने 83 प्रथम श्रेणी मैच में 284 विकेट झटके हैं जिसमें उन्होंने 13 दफा चार विकेट और 16 बार पांच विकेट हासिल किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 27 रन देकर छह विकेट का है। नार्थम्पटनशर से करार पर कौल ने कहा, मैं नार्थम्पटनशर का प्रतिनिधित्व करने के लिए और मुकाबलों में जीत दिलाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं टीम के साथियों को मैच में किसी भी परिस्थिति में जीत दिलाने के लिए मदद करूंगा। काउंटी टीम के मुख्य कोच जॉन सैडलर ने कहा, सिड काफी अनुभवी है। उसने काफी प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला है और वह टीम से जुड़ने के बाद प्रभावित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने भारत में घरेलू सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया, उम्मीद करते हैं कि वह हमारे लिए यह फॉर्म जारी रखेगा।

## भारी सुरक्षा के बीच मार्सेली पहुंची ओलंपिक की मशाल

**मार्सेली ( फ्रांस )।** भारी सुरक्षा के बीच तीन जहाजों से ओलंपिक की मशाल यूनान से फ्रांस के दक्षिण स्थित शहर मार्सेली पहुंची जहां सूर्यास्त पर उसकी अगवानी की जाएगी। पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने शहर में शानदार जश्न का वादा किया है जहां पुराने बंदरगाह को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। मशाल पिछले महीने यूनान में प्रज्जवलित की गई थी जिसके बाद इसे फ्रांस को सौंपा गया। यह 1896 में पहली बार इस्तेमाल हुए बेलेम नामक जहाज से एथेंस से रवाना हुई और 12 दिन समुद्र की यात्रा की। जहाज के आसपास हजारों नावें थी। जहाज को एथलेटिक्स ट्रैक की तरह सजाए गए नाव के पुल पर रखा गया है। मशाल के स्वागत में फ्रांस की वायुसेना की टीम करतब दिखाएगी। आयोजन समिति के प्रमुख टोनी एस्तांगेत ने कहा , फ्रांस में ओलंपिक खेलों की वापसी का शानदार जश्न होगा। मशाल रिले बृहस्पतिवार को मार्सेली से शुरू होगी।

## वेंगसरकर, वॉल्श और आरपी सिंह ने लांच की बिग क्रिकेट लीग



**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर कर्टनी वॉल्श, दिलीप वेंगसरकर और पूर्व भारतीय खिलाड़ी आरपी सिंह ने बुधवार को फ्रेंचाइजी टी20 क्रिकेट लीग बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) लांच की। यह लीग स्थानीय खिलाड़ियों को अपने क्रिकेट नायकों के साथ खेलने का मौका प्रदान करने के अलावा उनका सपना पूरा करेगी। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह बीसीएल के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। इस लीग में 60 स्थानीय भारतीय क्रिकेटर तथा 48 पूर्व अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ी शामिल होंगे। छह फ्रेंचाइजी अवध लायंस, मुंबई मरीन्स, राजस्थान किंग्स, सदर्न स्पार्टन्स, बंगाल राइनो और नॉर्दर्न चैलेंजर्स बीसीएल के पहले सत्र में 18 टी20 मैच खेलेंगी। विश्व कप विजेता भारत के बल्लेबाज वेंगसरकर और वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज वॉल्श भी बीसीएल से जुड़े हुए हैं जो क्रमश: लीग आयुक्त और उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। सिंह ने कहा, हमने इतने सारे प्रतिभाशाली क्रिकेटर देखें हैं जो अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाए। बीसीएल इन स्थानीय क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखने और अपने नायकों के साथ खेलने का अनुभव लेने का मंच प्रदान करेगा। वेंगसरकर ने भी इस पर सहमति जताते हुए कहा, यह सिर्फ एक अन्य प्रतियोगिता नहीं है। यह उनको मंच प्रदान करेगी जो कई कारणों से मौका चूक गए। वे भारत में क्रिकेट प्रतिभा की गहराई भी दिखाएंगे। वहीं वॉल्श ने कहा, हम कुछ बेहतरीन मैच देखेंगे जिसमें कुछ नायक मिलेंगे और वे दुनिया भर के खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेंगे।

## तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज़ ने भी पीटीआई से पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। बुधवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड 14 मई को होंगे जबकि फाइनल फाइनल 15 मई को होगा।

## बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**सिलहट ( बांग्लादेश )।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य मौसम से प्रभावित श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करना होगा। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि अभी तक जो चार मैच खेले गए हैं उनमें से दो मैचों में बारिश के कारण ओवरों की संख्या कम कर दी गई थी। दूसरे मैच में भारतीय टीम को 5.2 ओवर में केवल 29 रन का लक्ष्य हासिल करना था। इस तरह से बल्लेबाजों को अभी तक कम मौका मिला है।

## पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की नजरें लगातार चौथी जीत पर

भाषा। धर्मशाला



पंजाब किंग्सः सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कगिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

**आत्मविश्वास** से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है।आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी। पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी ने पिछले मैच में उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। विल जैक्स ने भी गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के दौरान शतक जड़कर प्रभावित किया जबकि कैमरन ग्रीन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गेंद और बल्ले से योगदान देकर अपनी उपयोगिता साबित की। टीम के गेंदबाज भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल मोहम्मद सिराज अंततः लय में लौट आए हैं।यश दयाल और विजयकुमार विशाक ने भी टाइटंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया और आरसीबी को उनसे इस लय को जारी रखने की उम्मीद होगी। दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम के घुटने टेकने के बाद पंजाब किंग्स का आत्मविश्वास कम होगा। पंजाब किंग्स ने सुपरकिंग्स के खिलाफ अपना सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन किया। उनके गेंदबाज सुपरकिंग्स के सभी बल्लेबाजों पर हावी रहे लेकिन बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया।

पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स और सुपरकिंग्स को उन्हीं के मैदान पर हराकर अपनी क्षमता दिखाई। नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया।

## विश्वकप में भारत का चार स्पिनरों को चुनना हैरानी की बात नहीं, यही उनकी ताकतः वॉल्श



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श टी20 विश्व कप में भारतीय टीम में चार स्पिनरों को चुने जाने से हैरान नहीं हैं और उन्होंने कहा कि स्पिन गेंदबाजी भारत की ताकत है। भारत ने कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा को अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्ईय टीम में रखा है। वॉल्श ने यहां बिग क्रिकेट लीग के लांच से इतर कहा , भारतीय टीम में चार स्पिनरों को चुने जाने से मैं हैरान नहीं हूं। यह उनकी ताकत है। उन्होंने कहा , वेस्टइंडीज ने भी तीन स्पिनर चुने हैं। हालात अलग होंगे और हर कोई टीम में संतुलन चाहता है। वॉल्श ने कहा कि भारत के पास स्पिनरों के साथ अच्छा तेज आक्रमण भी है। उन्होंने कहा , भारत के पास बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं। अधिकांश टीमों के पास है। यह बेहद प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट होगा। अधिकांश टीमों के पास अच्छे तेज गेंदबाज और स्पिनर हैं। वॉल्श ने कहा , शायद यह टूर्नामेंट बल्लेबाजों का होगा। यह कहना कठिन है कि कौन जीतेगा और कौन सा गेंदबाज सबसे प्रभावी होगा। अपनी रणनीति पर बखूबी अमल करने वाली टीम ही जीतेगी। वेस्टइंडीज से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए उन्होंने कहा , मुझे उम्मीद है कि वे अच्छा खेलेंगे। यह अच्छी संतुलित टीम है और मुझे आशा है कि वे बेहतरीन क्रिकेट खेलेंगे। ग्रुप आसान नहीं है लेकिन सुपर सिक्स में पहुंचने पर अच्छा मौका होगा। यह पूछने पर कि जसप्रीत बुमराह को क्या सलाह देंगे , वॉल्श ने कहा , फिट रहो और मजा करो। जितना खेलोगे, उतना ही अनुभव मिलेगा। चोटों से ढंग से निपटने से अधिक फिट, मजबूत और बेहतर बनोगे।

## हेडन ने सैमसन की बल्लेबाजी को सराहा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन आईपीएल में संजू सैमसन के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने स्पिन तथा तेज गेंदबाजी दोनों का चतुराई से सामना करने के लिए टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने वाले इस पावर हिटर (आसानी से बड़े शॉट खेलने में सक्षम खिलाड़ी) की सराहना की है।सैमसन ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए 86 रन की शानदार पारी खेली लेकिन उनकी टीम को 20 रन से हार झेलनी पड़ी। वह मौजूदा सत्र में अब तक 11 मैच में 471 रन के साथ सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव पर कहा, संजू सैमसन एक सपने की तरह बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने 46 गेंदों में 86 रन बनाए।

## मंगोलिया ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का दूसरा न्यूनतम स्कोर बनाया

**सानो ( जापान )।** एशियाई खेलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाला मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है।जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी। जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो स्टैफ़ोर्ड ने 3.2 ओवर में 7 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि अब्दुल समद (चार रन देकर दो विकेट) और मकोतो तानियामा (कोई रन दिए बिना दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए। मंगोलिया की तरफ से तूर सुमाया ने सर्वाधिक चार रन बनाए।

## टी20 विश्व कप में आयरलैंड की अगुआई करेंगे पॉल स्टर्लिंग

**डबलिन।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्ईय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है। आयरलैंड टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा।ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार हिस्सा ले रही है। टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में स्कॉटलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

## बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**सिलहट** (बांग्लादेश)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य मौसम से प्रभावित श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप करना होगा।भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि अभी तक जो चार मैच खेले गए हैं उनमें से दो मैचों में बारिश के कारण ओवरों की संख्या कम कर दी गई थी। दूसरे मैच में भारतीय टीम को 5.2 ओवर में केवल 29 रन का लक्ष्य हासिल करना था। इस तरह से बल्लेबाजों को अभी तक कम मौका मिला है। भारत की तरफ से अभी तक केवल एक अर्धशतक शेफाली वर्मा (51) ने पहले मैच में लगाया था। स्मृति मंधाना का उच्चतम स्कोर 47 जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर का 39 रन है।यह प्रदर्शन टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन को अच्छी तरह से प्रदर्शित नहीं करता है विशेषकर तब जबकि अक्टूबर में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को करनी है। स्मृति और हरमनप्रीत गुरुवार को मौके का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। हरमनप्रीत ने चौथे मैच में 26 गेंद पर 39 रन बनाए थे और वह उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी।

# जायसवाल के पास मेरा रिकॉर्ड तोड़ने का बहुत अच्छा मौका: लारा

भाषा। नई दिल्ली



**यशस्वी** जायसवाल का टेस्ट करियर सिर्फ नौ मैच का है लेकिन महान बल्लेबाज ब्रायन लारा को लगता है कि अगर कोई है जो उनके रिकॉर्ड नाबाद 400 रन सहित उनकी उपलब्धियों के करीब पहुंच सकता है तो वह भारत का यह 22 वर्षीय बाएं हाथ का बल्लेबाज है। लारा ने जायसवाल की अत्यधिक प्रशंसा अचानक नहीं की। बाएं हाथ के यह दोनों बल्लेबाज एक विशेष बंधन साझा करते हैं। उन्होंने पिछले साल आईपीएल के दौरान सुबह चार बजे की बातचीत के बाद काफी समय साथ बिताया था। तब लारा सनराइजर्स हैदराबाद को कोचिंग दे रहे थे और युवा सलामी बल्लेबाज जायसवाल राजस्थान रॉयल्स के साथ थे। आईपीएल 2023 के बाद से बहुत कुछ बदल गया है और जायसवाल अब भारत की टेस्ट और टी20 टीम का अहम हिस्सा बन गए हैं। सबसे लंबे प्रारूप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। उनका औसत 70 के करीब है और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हाल की घरेलू श्रृंखला में दो दोहरे शतक सहित तीन शतक जड़े हैं। जिस चीज ने लारा को प्रभावित किया है वह मैच की स्थिति के अनुसार खेल में बदलाव करने की जायसवाल की क्षमता है। लारा ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित बातचीत में पीटीआई के मुख्यालय में उसके संपादकों से कहा, अगर मुझे लगता है कि मेरे रिकॉर्ड को खतरा है तो जायसवाल के पास ऐसा करने का बहुत अच्छा मौका है। उसके पास क्षमता है, पहले ही दो दोहरे शतक लगा चुका है। वह इतना अच्छा है। हाल ही में 55 बरस के होने वाले लारा खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने टेस्ट में लगभग 12,000 रन और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 10,000 से अधिक रन बनाए हैं। 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 400 रन का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड अब भी कायम है।जब लारा से मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स के बीच हुए मुकाबले के दौरान साझा किए गए हल्के-फुल्के पल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जायसवाल के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। लारा ने कहा, उस (बातचीत के) बारे में मैं केवल यही बता सकता हूं कि मुझे लगता है कि वह एक उत्कृष्ट युवा क्रिकेटर है। मुझे उसके बारे में जो पसंद है वह यह है कि वह बहुत विनम्र है और काम करने का इच्छुक है। पहली बार (पिछले साल) जब मैं उससे मिला था तो तुरंत मैंने खुद को उससे जुड़ा हुआ पाया।

## लारा ने की आईसीसी से टेस्ट क्रिकेट को बचाने की अपील

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने स्वीकार किया कि टी20 लीग ने टेस्ट क्रिकेट की काफी जगह ले ली और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से अपील की कि वह लगातार बढ़ रहे फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट के लिए एक ढांचा तैयार करने के लिए कदम उठाए। टेस्ट की प्रासंगिकता पर उठे इन सवालों का हालिया उदाहरण दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड दौरे पर कमजोर टीम भेजना रहा। इसमें अहम खिलाड़ियों को घरेलू सरजमी पर हुई एसए20 लीग में खेलने के कारण न्यूजीलैंड दौरे पर नही भेजा गया था। लारा ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित बातचीत मे पीटीआई के मुख्यालय मे संपादकों से बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि आईसीसी को फ्रेंचाइजी क्रिकेट के लिए एक तरीका ढूंढना चाहिए लेकिन जो बहुत ही संरचित तरीके से हो। यह ऐसा नही हो जैसा अभी चल रहा है। उन्होने कहा, मै उम्मीद करता हूं कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए एक तरीका ढूंढ सकते है कि टेस्ट प्रासंगिक बना रहे। मुझे टेस्ट चैम्पियनशिप पसंद है और मुझे लगता है कि यह खेल प्रासंगिक बना रहे, उसके लिए यह महत्वपूर्ण है। तो क्या क्रिकेट भी अब फुटबॉल का तरीका अख्तियार करता जा रहा है जिसमे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की तुलना मे लीग को अधिक तवज्जो दी जाती है। लारा सैद्धांतिक रूप से इससे सहमत थे लेकिन उन्होंने दोनों मे अंतर की बात बताते हुए कहा, हां, क्रिकेट भी फुटबॉल का तरीका अपना रहा है। अगर फुटबॉल को देखें तो बड़े कप यूरोपीय कप, विश्व कप और दक्षिण अमेरिका कप के अलावा उनके कुछ मैत्री मैच भी होते है। इसलिए बार्सीलोना, मैनचेस्टर यूनाईटेड, मैनचेस्टर सिटी, इनके अपने फुटबॉलर होते है जो आमतौर पर साल के 11 महीने के लिए होते है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5 ,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।